e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 317
गुरुवार
23.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
यदि आप एक बार गिरकर हार मान लेते हैं, तो आप अपने जीवन में कभी सफलता हासिल नहीं कर सकते !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 10 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली** : नागर विमानन महानिदेशालय ने टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। विमान नियामक ने एयर इंडिया पर नियमों का पालन नहीं करने पर यह कार्रवाई की है। डीजीसीए ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि एयर इंडिया पर नियमों का पालन नहीं करने पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। डीजीसीए ने बताया कि 3 नवंबर एयर इंडिया को इससे संबंधित कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसमें संबंधित नियमों के प्रावधानों का पालन न करने के लिए उनसे जवाब मांगा गया था। इस मामले में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### मुठभेड़ में सेना के दो अधिकारी और एक जवान शहीद

**श्रीनगर** : जम्मू के राजौरी में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में भारतीय सेना के दो अधिकारियों और एक जवान के शहीद होने जबकि एक मेजर के घायल होने की खबर है। वहीं मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है। जंगली इलाका होने के चलते सुरक्षा बलों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार इस मुठभेड़ में भारतीय सेना के दो अधिकारी और एक जवान शहीद हुआ है। राष्ट्रीय राइफल के एक कैप्टन, स्पैशल फोर्स के एक कैप्टन और एक जवान शहीद हुए हैं। वहीं सेना का एक मेजर गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे को तुरंत हेलीकॉप्टर के जरिए सेना के कमान अस्पताल उधमपुर ले जाया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे साहिबगंज एसपी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : साहिबगंज के एसपी नौशाद आलम बुधवार को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय नहीं गए। सूत्रों ने बताया कि नौशाद आलम की ओर से ईडी को पत्र भेज कर दूसरी तारीख मांगी गई है। यह लिखा गया है कि उन्होंने पुलिस मुख्यालय से मामले को लेकर सुझाव मांगा है। ऐसे में उन्हें कुछ दिनों का समय दिया जाए और पूछताछ के लिए दूसरी तिथि निर्धारित की जाए।

### 15 लाख वाला झूठ मैं नहीं बोलूंगा : राहुल

**जयपुर**: राहुल गांधी ने राजस्थान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदीजी की गांरटी अदाणी जी की गांरटी हैं, लेकिन कांग्रेस की गारंटी भारत माता की गारंटी है। मोदीजी अदाणी की जेब भरते हैं और हम भारत माता का धन उन्हें वापस करते हैं।।राहुल गांधी ने कहा, मैं आपको 15 लाख वाला झूठ नहीं बोलूंगा। वो नरेंद्र मोदीजी बोलते हैं उन्हें बोलने दीजिए। मैं नहीं बोलूंगा। लेकिन, राजस्थान की कांग्रेस सरकार प्रदेश के गरीब लोगों का 25 लाख तक का इलाज फ्री कर रही है। सरकार बनने के बाद हम हर महिला को 10 हजार रुपये बैंक में डालकर देंगे। हमनें सात गारंटियां दी हैं, जिन्हें हम पूरा करेंगे। राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने आपका टाइम कभी खराब नहीं किया। जब आपको जरूरत थी तब कांग्रेस आपके साथ खड़ी रही। आजादी के समय कांग्रेस की आपको जरूरत पड़ी तो कांग्रेस पार्टी ने आपके साथ खड़े होकर अंग्रेजों को भगा दिया। हरित क्रांति, सफेद क्रांति और कंप्यूटर रेबोल्यूशन के लिए आपको कांग्रेस की जरूरत पड़ी तो हमने कदम से कदम मिलाकर आपका साथ दिया। अब देश में क्रांतिकारी कदम उठाने का समय आ गया। पीएम मोदी ने जो बेरोजगारी फैलाई है और महंगाई बढ़ाई है उसे खत्म करने का समय आ गया है। जिस दिन हमें आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों को देश को चलाने में भागीदारी दे दी। उस दिन चमत्कार हो जाएगा।

**रांची का तापमान**
अधिकतम 27⁰
न्युनतम 23⁰

झारखण्ड विधानसभा की 23वीं वर्षगांठ समारोह में शामिल हुए राज्यपाल, विस अध्यक्ष व मुख्यमंत्री

# विस को हर हाल में नुकसान होने से बचाना होगा : हेमंत

* मनिका विधायक रामचंद्र सिंह को उत्कृष्ट विधायक 2023 का मिला सम्मान

* विधानसभा राज्य का सबसे बड़ा पंचायत

* राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने विधानसभा परिसर में पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया

* लोकतंत्र की परिभाषा विधायिका कार्य से ही निकला है




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** राज्य का सबसे बड़ा पंचायत विधानसभा होता है। यहां सिर्फ आमजन ही नहीं बल्कि इस राज्य के जल, जंगल और जमीन के लिए भी महापंचायत लगती है। यहां से नीतियां बनती है। आम लोगों के साथ-साथ जीव जंतुओं के लिए भी विचार विमर्श होता है।
इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी महत्ता क्या है। इस महापंचायत में विधायकों की अहम भूमिका होती है। हजारों लाखों लोग आशा और उम्मीद के साथ अपना जनप्रतिनिधि भेजते हैं। हर हाल में लोकतंत्र की इस महापंचायत को टूटने और नुकसान से बचाना होगा। इसकी जड़ों को और मजबूत करते हुए बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान, जिसको लेकर हम यहां तक आए हैं, उसको और आगे लेकर जाना है।
ये बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री झारखण्ड विधानसभा परिसर में आयोजित झारखण्ड विधानसभा की 23वीं वर्षगांठ समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा सही तरीके से महापंचायत में पंचायती हो, इसके लिए पक्ष और विपक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री श्री बादल पत्रलेख, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित सभी विधायकगण, पूर्व विधायकगण सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**मिशन चन्द्रयान-3 में सम्मिलित झारखण्ड राज्य के वैज्ञानिकों को राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री ने शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।**

### हमसभी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी के 75वें वर्ष और झारखण्ड अलग राज्य के 23वें वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। ऐसे में अगर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय के लोकतंत्र को देखें तो इसमें बहुत बदलाव हुए हैं। इस क्रम में हमने क्या खोया, क्या पाया। यह भी देखना होगा।

### इनको मिला सम्मान

विधानसभा के उत्कृष्ट कर्मियों, देश की सीमा पर एवं नक्सल अभियान में शहीद हुए तथा शांतिकाल में वीरता पदक प्राप्त झारखण्ड राज्य के बहादुर पुलिस कर्मियों एवं सैनिकों, झारखण्ड राज्य के खिलाड़ियों, झारखण्ड राज्य के 10वीं एवं 12वीं एवं अन्य शैक्षणिक संस्थान के टॉपर छात्र/छात्राओं, सामाजिक क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान देने वाले राष्ट्रपति पदक से सम्मानित व्यक्तियों एवं मिशन चन्द्रयान-3 में सम्मिलित झारखण्ड राज्य के वैज्ञानिकों को राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री ने शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर त्रैमासिक पत्रिका उड़ान एवं अन्य पुस्तक का विमोचन भी हुआ।

कैबिनेट की बैठक में 32 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

## अब दारोगा व इंस्पेक्टर भी कर सकेंगे एससी-एसटी मामलों का अनुसंधान




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में 32 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली। सबसे अहम प्रस्ताव यह रहा कि झारखंड में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत दर्ज केस का अनुसंधान अब इंस्पेक्टर व दारोगा भी कर सकेंगे। इससे पहले सिर्फ डीएसपी स्तर के अधिकारी को अनुसंधान करने का अधिकार था।कैबिनेट की बैठक में झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी और विभिन्न त्योहारों में विधि व्यवस्था के लिए खरीदे गये 12 वाहनों के लिए झारखंड आकस्मिकता निधि से 2.26 करोड़ की घटनोतर स्वीकृति दी गई। साथ ही 1984 सिख विरोधी दंगा में बोकारो के 24 दंगा पीड़ितों आश्रितों को 1.20 करोड़ रुपये भुगतान किये जाने के प्रस्ताव को मिली मंजूरी। यह राशि सिख विरोधी दंगा आयोग रांची के अध्यक्ष डीपी सिंह की अनुशंसा पर आकस्मिकता निधि से दी जाएगी।
पलामू के हरिहरगंज पीएचसी की चिकित्सक डॉ लवलीन पांडेय को बर्खास्त करने की मंजूरी दी गई। परगनैत को अब हर महीने तीन हजार रुपये की सम्मान राशि मिलेगी। पहले एक हजार मिलने का था प्रावधान। झारखंड में कुल 194 परगनैत हैं।

**पलामू के हरिहरगंज पीएचसी की चिकित्सक डॉ लवलीन पांडेय को बर्खास्त करने की मंजूरी दी गई। परगनैत को अब हर महीने तीन हजार रुपये की सम्मान राशि मिलेगी। पहले एक हजार मिलने का था प्रावधान। झारखंड में कुल 194 परगनैत हैं।**

असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए पीएचडी अब मेंडेटरी नहीं होगा। पथ प्रमंडल खूंटी अंतर्गत हटिया लोदमा कर्रा पर चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और नवनीकरण के लिए 109.37 करोड़ की स्वीकृति। गुमला जिला के चैनपुर जारी पथ 10.1 किलोमीटर के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए 29.60 करोड़ की स्वीकृति। इसके अलावा झारखंड में भू-गर्भ जल नीति बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। स्वर्गीय रविशंकर उपाध्याय के चिकित्सा में हुई खर्च को घटनोतर स्वीकृति।

साहिबगंज पहुंचे केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर, बोले

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से आएगा बदलाव



एजेंसी

**साहिबगंज** : पतन, पोत परिवहन एवं जल मार्ग मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री शांतनु ठाकुर द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर झारखंड के साहिबगंज जिले का दो दिवसीय दौरा किया गया।
इसी कड़ी में मंत्री ठाकुर ने जिले के तालझारी प्रखंड करणपूरातो पंचायत परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री उपायुक्त साहिबगंज राम निवास यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी तलझारी सलखु हेम्ब्रम अन्य जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से हो एवं आदिवासी, दलित एवं पिछड़े लोगों तक भारत सरकार की योजनाएं आसानी से पहुंचे यही विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है।वहीं तालझारी प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंत्री शांतनु ठाकुर का अभिवादन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभ को लाभ देने एवं नए लाभुकों को इससे जोड़ने हेतु तथा वर्तमान में इन योजनाओं की स्थिति कैसी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन से संबंधित योजनाएं सड़क पानी बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित पहुंच का जायजा लेने मंत्री जिले में आए हैं। इन्हें हृदय से धन्यवाद।

# संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूरी करें : हाई कोर्ट

**अगली सुनवाई में सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 15 दिसंबर निर्धारित की है**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका की भी सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से बताया गया की सूचना आयुक्त, लोकायुक्त एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया हाई लेवल स्टेज में है। विधानसभा अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष की घोषणा कर दी है। ऐसे में अब जल्द नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। राज्य सरकार के जवाब को देखते हुए कोर्ट ने सूचना आयुक्त, लोकायुक्त, संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर अगली सुनवाई में सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 15 दिसंबर निर्धारित की है। राजकुमार की अवमानना याचिका में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों को भरने के लिए विपक्ष के नेता के पद के रिक्त रहने से कोई समस्या नहीं है। कानून में ऐसा प्रावधान है कि यदि विपक्ष के नेता नहीं है तो विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी के नेता को कमेटी में रखकर राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्त एवं अन्य पदों नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2020 में हाई कोर्ट ने सूचना आयुक्तों कि नियुक्ति से संबंधित एक याचिका को राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद निष्पादित कर दिया था। उस समय सरकार की ओर से कोर्ट में अंडरटेकिंग देते हुए कहा गया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द कर ली जाएगी।

# कांग्रेस और गांधी परिवार देश के लिए राहु-केतु

एजेंसी

**जयपुर** : राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और राज्य की गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा.
उन्होंने चुनावी सभा में कांग्रेस और गांधी परिवार को भारत की राहु और केतु करार दिया. केंद्रीय मंत्री ने राजस्थान पेपर लीक को लेकर सीएम अशोक गहलोत पर भी जमकर निशाना साधा.एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कहा,तीन दिसंबर को राजस्थान में कांग्रेस जा रही है और बीजेपी आ रही है. भारत के भविष्य में जो भी परेशानियां पैदा हुई हैं वह केवल गांधी परिवार और कांग्रेस के कारण हुआ है. कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार भारत के राहु और केतु हैं. इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की.
उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, पीएम मोदी ने 2014 में भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया में 11वें से उठाकर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया.उन्होंने कहा,पांच साल में गहलोत सरकार ने 40 लाख से ज्यादा युवाओं को पेपर लीक कर ठगने का काम किया है. 40 लाख युवाओं ने रात-रात भर मेहनत कर पेपर की तैयारी की, लेकिन गहलोत एंड कंपनी ने अपने चट्टो-बट्टो को नौकरी देने के लिए पेपर लीक करवा दिया.गृह मंत्री अमित शाह ने कहा,यह बीजेपी ही थी जिसने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग।को संवैधानिक निकाय बनाया. हमने देश को पहला ओबीसी प्रधानमंत्री दिया.केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा,नई संसद बनाई और संसद में पहला बिल नारीशक्ति वंदन पास करवाया। जिससे अब महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसद आरक्षण मिलेगा. गहलोत जी वोटबैंक की राजनीति के लिए तुष्टिकरण करते हैं. उदयपुर में दिनदहाड़े कन्हैया लाल तेली को मार दिया जाता है. झालावाड़ में कृष्णा वाल्मीकि की पीट पीट कर हत्या कर दी जाती है.



# उत्तरकाशी टनल हादसा, आज बाहर निकल आयेंगे सभी 41 मजदूर

एजेंसी

**उत्तरकाशी (उत्तराखंड)** :उत्तराखंड के उत्तरकाशी के निर्माणाधीन सिल्क्यारा टनल में फंसे सभी 41 मजदूरों के आज गुरुवार को बाहर निकल आने की पूरी संभावना है. टनल के एंट्री पॉइंट से अमेरिकी ऑगर मशीन के जरिए करीब 42 मीटर तक का पाइप ड्रिल कर चुकी है. बाकी ड्रिलिंग का काम गुरुवार सुबह तक पूरा होने की उम्मीद है. ड्रिलिंग का काम पूरा होने के बाद यहां से 32 इंच के पाइप को अंदर डाला जाएगा. इसके जरिए मजदूर रेंगते हुए बाहर निकल आएंगे. उत्तराखंड के सड़क और परिवहन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी महमूद अहमद ने कहा कि ऑगर ड्रिलिंग मशीन को देर रात चालू किया गया था.



# मुख्यमंत्री के परिभ्रमण को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पलामू परिभ्रमण को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की.उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को कई निर्देश दिये.उन्होंने संभावित कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन स्टेडियम से हवाई अड्डा तक विधि व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने का निदेश दिया.उपायुक्त ने कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपते हुए इमानदारी पूर्वक दायित्व निर्वहन करने का निदेश दिया.उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरती जाए,चाक-चौबंद व्यवस्था के तहत आपकी योजना,आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता का निदेश सभी पदाधिकारियों को दिया.उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दिन कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया जाएगा इस हेतु सभी संबंधित पदाधिकारी उप विकास आयुक्त के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सूची सौंपना सुनिश्चित करें.इस अवसर पर सभागार में नगर आयुक्त जावेद हुसैन,अपर समाहर्ता समेत अन्य जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे वहीं सभी बीडीओ-सीओ वर्चुअल मोड से जुड़े रहे।




**सभी पदाधिकारी व कर्मचारी बायोमैट्रिक अटेंडेंस बनाना सुनिश्चित करें**

बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी पदाधिकारी/कर्मचारी/अभियंता को अनिवार्य रूप से अपने मुख्यालय में बायोमैट्रिक अटेंडेंस बनाने हेतु निर्देशित किया.उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि बायोमैट्रिक अटेंडेंस नहीं बनाने वाले पदाधिकारी व कर्मचारी एब्सेंट समझ जाएंगे इसके बाद इन सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जायेगी।

## वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ

**केतार (गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार प्रखंड में वार्ड सदस्यों का दूसरे बैच में होने वाला तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में प्रारंभ हुआ। जिसमें मुकुंदपुर, परसोडीह,लोहरगाड़ा एवं केतार पंचायत के वार्ड सदस्य शामिल हुए। इन वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण 22 नवम्बर से 24 नवम्बर तक प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर के द्वारा कराया जायेगा। प्रथम दिन ट्रेनिंग में शामिल वार्ड सदस्यों को 73वें संशोधन के मुख्य बातें बताई गई साथ ही समाज को विकसित करना एवं अनुसूचित जनजाति और सामान्य क्षेत्र में ग्राम सभा के महत्व और पंचायत में निर्वाचित जनप्रतिनिधि के नेतृत्व क्षमता और ग्राम पंचायत की संरचना और ग्राम पंचायत के स्थाई समिति के बारे में बताया गया। वार्ड सदस्यों की कर्तव्य के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर दीपक तिवारी,दुर्गेश कुमार,केतार प्रखंड पंचायती राज समन्वयक राकेश कुमार गुप्ता सहित संबंधित पंचायत के वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम करने को लेकर मुख्यालय में बैठक आज

**केतार (गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर केतार प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने आगामी आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम करने को लेकर प्रखंड में संचालित सभी विभागों के कर्मी एवं प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को 23नवंबर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बैठक बुलाई है। उल्लेखनीय है कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आगामी 24 नवंबर 2023 से 29 दिसंबर 2023 तक गढ़वा जिले के सभी पंचायतो में झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतरने को लेकर कार्यक्रम किए जाने हैं।

## महिला ने पारिवारिक विवाद में फांसी लगा कर किया आत्महत्या

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के हुलहुला खुर्द गांव की एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है।मृतक का नाम राहुल कुमार की पत्नी कौशल्या देवी बताया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला पारिवारिक विवाद के कारण तनाव ग्रस्त थी। मृतक के पति राहुल कुमार ने बताया कि हम घर के बाहर बच्चा को खिला रहे थे। इस दौरान क्या हुआ हमें नहीं पता चला। जब घर के अंदर गया तो देखा की मेरी पत्नी कौशल्या देवी फांसी के फंदे पर लटकी थी। इसके बाद उसे फंदे से उतार के इलाज के लिए तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। ड्यूटी में मौजूद ने महिला को मित्र घोषित कर दिया।घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विकसित भारत संकल्प यात्रा का जागरूकता रथ बुधवार को पलामू जिला के हैदरनगर प्रखंड पहुंचा। यहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बभंडी में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम क्षेत्र के जनप्रतिनिधी, किसान, छात्र,महिला स्वयं सहयता समूह और ग्रामीण जनता के मध्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजना यथा आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा, किसान सम्मान निधि, पीएम पोषण अभियान, जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि तहत लाभ प्राप्त करने तथा योजना से संबंधित समस्त जानकारी को जागरूकता के विभिन्न साधनों द्वारा साझा किया गया। कार्यक्रम दौरान पंचायत अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल लाभार्थी द्वारा आमजन के साथ अपना अनुभव साझा कर सत्र सतत कृषि गतिविधियों के संदर्भ में भी प्रगतिशील किसानों को अवगत करवाया गया।



# कंप्यूटर ऑपरेटरों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 24 नवंबर से 26 दिसंबर 2023 तक जिले की 21 प्रखण्डों के सभी पंचायतों में आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाना है.शिविर में आने वाले लोगों को अधिकाधिक योजनाओं से लाभान्वित करने व कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने तथा इस दौरान प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री करने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन के निर्देश पर जिले के सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों को विभिन्न विषयों से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया.इस दौरान सभी कंप्यूटर ऑपरेटर को लॉगिन आईडी बनाने तथा कैंप की डिटेल को भरने का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही किस आवेदन को कौन पेज में अपलोड करना है,रजिस्ट्रेशन पर्ची कैसे निकलेगा आदि विषयों पर जानकारी दी गयी.इसमें जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह तथा यूआईडी डीपीओ उदय व ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पंकज कुमार पांडेय ने सभी प्रखंड व नगर निगम के कंप्यूटर ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया.प्रशिक्षण के बाद सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों को कैंप डिटेल और अन्य विवरण का ऑनलाइन इंट्री सुनिश्चित कराने संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।



# हर्ष कला द्विवेदी मंच द्वारा रानी लक्ष्मीबाई की मनायी गयी जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच के तत्वावधान में स्थानीय सोनपुरवा स्थित शिव मन्दिर में अमर वीरांगना झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। मंत्रोच्चार योग साधिका अर्चना कुमारी व साक्षी पाण्डेय ने किया।इस मौके पर संस्कार भारती गढ़वा जिला इकाई की सहमंत्री अंजलि शाश्वत ने कहा कि सबसे पहले हमारे परिवार को हमारे शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु हर सम्भव मदद करनी चाहिए। तभी हमारे भीतर हमारी आदर्श झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई जैसा शौर्य प्रस्फुटित हो पाएगा। इस अवसर पर अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई का जीवन चरित्र समस्त नारियों का आदर्श है। आज बालिकाओं को विशेष रूप से उनके चरित्र को अपनाने की आवश्यकता है। मौके पर लक्ष्मीबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए पवन कुमार पांडेय ने कहा कि झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई ने अपने कृत्य से हम सबकी मातृभूमि भारत माता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर जो आदर्श प्रस्तुत किया है उसके हम सदैव ऋणी रहेंगे। संस्कार भारती गढ़वा जिला इकाई के उपाध्यक्ष धीरज सिंह ने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से जुड़ा एक एक प्रसंग सभी को ऐसी प्रेरणा देता है कि जिससे उनके अंदर असीम राष्ट्रभक्ति और ऊर्जा का संचार होता है। कुमार गौरव गर्ग ने कहा कि नारी शक्ति का पर्याय थीं झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई। मंच के निदेशक नीरज श्रीधर ने कहा कि झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई ने अपने कृत्य से यह सिद्ध कर दिया है कि नारी अबला नहीं सबला होती है।



### मेराल प्रखंड में पंचायत में महिला के खिलाफ तुगलकी फरमान

# भरी पंचायत चरित्रहीन और डायन का लगाया गया आरोप

### 20 जूता मारने के बाद जूते पर थूक कर चटवाया गया, उस पर 56000 रुपये का अर्थ दंड

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जिले के मेराल प्रखंड में एक महिला के साथ हैवानियत की हद पार कर सजा देने का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर पुलिस ने मामला भी दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि भरी पंचायत में उसे 20 जूते मारने के बाद जूते पर थूक कर चाटने को मजबूर किया।भरी पंचायत में कान पड़कर सौ दफा उठक बैठक कराया गया। पंचायत में बैठे लोगों का इतने से जी नहीं भरा तो उस पर 56000 का आर्थिक दंड लगाते हुए सामाजिक बहिष्कार भी किया गया। यह मामला काफी पुराना है, लेकिन इसकी शिकायत अब दर्ज कराई गई है। भुक्तभोगी महिला का कहना है कि वह गढ़वा जिले के मेराल थाना अंतर्गत टिसरटेटूका गांव की रहने वाली है। वह मुस्लिम समाज की है। महिला के अनुसार उसे चरित्रहीन और डायन करार देकर उस पर भरी पंचायत में काफी जुल्म किया गया। जिसे लेकर वह स्थानीय थाना में भी शिकायत दर्ज करने गई थी। लेकिन मामला उसे वक्त दर्ज नहीं हुआ। जब ऑनलाइन शिकायत के दर्ज कराने के बाद मामला दर्ज किया गया है। महिला ने बताया है कि रात लगभग 12ः00 बजे पंचायत बिठाई गई। गांव के कई लोग उसके घर पहुंचे उसे उसके पति को पंचायत में ले गए। महिला के अनुसार सार्वजनिक तौर पर महिला पर गांव के ही एक युवक से नाजायज संबंध के आरोप लगाए गए। उस पर डायन होने का भी आरोप लगाया गया। महिला और उसके पति ने इन आरोपों से इनकार किया। बावजूद इसके पंचायत में उसको 20 जूते मारने के बाद,जूते पर थूक कर चटवाया गया।फिर 100 बार उठक बैठक भी करवाया गया।इतने पर भी पंचायत में उपस्थित लोगों का जी नही भरा तो उस पर 56000 रूपये का आर्थिक दंड लगाते हुए उसे दंडित किया गया।

## क्षत्रिय जागृति मंच के अध्यक्ष ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्धघाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार (पलामू):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड इकाई के क्षत्रिय जागृति मंच के अध्यक्ष नंदन कुमार सिंह उर्फ़ चिंट सिंह एवं पंचायत के मुखिया श्री जितेंद्र कुमार भारती ने महा पर्व छठ पूजा के अवसर पर मायापुर ग्राम मे आयोजित भक्ति जागरण मे संयुक्त रूप से दीप प्रजावलित और फीता काटकर कार्यक्रम के उद्धघाटन किया। मौके पर उन्होंने कार्यक्रम मे सम्बोधन करते हुए कहा कि छठ पूजा बड़ी शुद्धता के साथ किया जाता है और लोक आस्था का पर्व भगवान भास्कर की उपसना मनोकामना की अपेक्षा के अमन चैन की दुआ मांगते है। इस मंचासीन अथितियों की पूजा समिति के द्वारा माला और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौक़े पर युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह, तिलक कुमार सिंह,पंचायत समिति सदस्य शत्रुधन साव -विजय कुमार सिंह, समाज सेवी मिथलेश यादव, राजू यादव, अभय यादव, राजन चंद्रवंशी, सुनेश्वर यादव के आलावा पूजा समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह ,पत्रकार संघ के नौड़ीहा बाजार प्रखंड इकाई के उपाध्यक्ष विश्वप्रेम कुमार, सतोष ठाकुर,धीरज कुमार सिंह समेत काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर आपूर्ति पदाधिकारी ने की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम को लेकर बुधवार को हुसैनाबाद प्रखंड सभागार में आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने डीलर संघ के साथ समीक्षा बैठक की वहीं बैठक के दौरान आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने आगामी 24 नवंबर से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत में आयोजित किए जाने वाले शिविर को लेकर चर्चा की. शिविर को लेकर अबतक किये गये तैयारियों की जानकारी ली.उन्होंने सभी डीलरो को शिविर में ज्यादा से ज्यादा योग्य लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया.आयोजित किए जाने वाले शिविरों का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये.उन्होंने कहा कि सभी शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित कुल 14 स्टॉल लगाये जायेंगे वहीं एक रजिस्ट्रेशन काउंटर व एक स्टेज भी लगाया जायेगा.पंचायतों में लगने वाले शिविरों कार्यशाला का आयोजन भी किया गया है.मौके पर उपस्थित डीलर मिथिलेश कुमार पासवान सुर्यनाथ पासवान कुणाल कुमार यादव दिनेश कुमार चौधरी नरेन्द्र कुमार सिंह रामदेव राम अजित कुमार भोला सिंह सहित अन्य डीलर मौजूद थे।

## गढ़वा में 16वीं राज्य स्तरीय अंतर जिला यूथ वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज से

**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गढ़वा जिला वालीबाल संघ के तत्वावधान में 16वां राज्य स्तरीय अंतर जिला यूथ बालक एवं बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता 23 से 26 नवम्बर तक आयोजित किया गया है। स्थानीय गोविंद इंटर कॉलेज के मैदान में 23 तारीख को इसका विधिवत उदघाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। आयोजन को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त जानकारी जिला वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पाठक तथा सचिव ओम प्रकाश तिवारी ने संयुक्त रूप से एक प्रेस वार्ता में बुधवार को दी।उन्होने बताया कि मैच चारों ग्रुप में आयोजित किए जाएंगे जिसमें टॉप 4 टीमें सेमीफाइनल खेलेंगे। आयोजित प्रतियोगिता के लिए रांची, गोड्डा, खूंटी, सिमडेगा, हजारीबाग, की बालक बालिका टीम पहुंच चुकी है। सभी टीमों को उन्हें भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई है। तैयारी को लेकर समिति के लोग रात दिन कर लगे हुए हैं। मैच के लिए दो प्लेग्राउंड बनाए गए हैं। इसमें एक में बालक एक दूसरे में बालिका खेलेंगी। आयोजन को लेकर एक उप समिति गठित की गई है।



# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आगामी 24 नवम्बर से 26 दिसंबर तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड के सभी पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम ÷आयोजित करने के लिये तिथि का निर्धारण करते हुये कर्मियों को प्रतिनियुक्त कर दिया है. प्रखंड में आगामी 24 नवम्बर23 से आगामी 26 दिसंबर 23 तक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा.जिसके लिए पंचायतवार कार्यक्रम इस प्रकार निर्धारित है. भोजपुर पंचायत भवन में 24 नवम्बर को भू अर्जन पदाधिकारी की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमे प्रखंड संवन्यक प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह के साथ पंचायत सचिव बिरेन्द्र सिंह,रोजगार सेवक आनंद विश्वकर्मा,विलासपुर पंचायत में 28 नवम्बर को पंचायत भवन म.वि. विलासपुर में भूमि सुधार उप समाहर्ता, बंशीधर नगर की देखरेख में जिसमे प्रखंड कनीय अभियंता 15वा वित्त के साथ जनसेवक विकास कुमार,रोजगार सेवक श्रवण राम,चितविश्राम पंचायत में एक दिसंबर को उच्च विद्यालय चितबिश्राम में कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल गढ़वा की देखरेख में, जिसमे प्रखंड संवन्यक पंचायत राज कौशल कुमार के साथ पंचायत सेवक बिरेन्द्र सिंह , रोजगार सेवक आनंद विश्वकर्मा ,गरबान्ध पंचायत में 4 दिसंबर को पंचायत भवन गरबाँध में कार्यपालक दंडाधिकारी, बंशीधर नगर हेम्ब्रोम की देखरेख मे जिसमे प्रखंड कनीय अभियंता 15वा वित्त जितेंद्र कुमार के साथ पंचायत सेवक नंद कुमार मेहता, रोजगार सेवक श्रवण राम,हलीवन्ता पंचायत में 7 दिसंबर को पंचायत भवन हलिवंता में अनुमंडल पदाधिकारी,श्री बंशीधर नगर रतन कुमार सिंह की देखरेख में जिसमे प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जे एस एल पी एस धनंजय कुमार के साथ पंचायत सेवक नंद कुमार मेहता, रोजगार सेवक मनोज कुमार ठाकुर ,हुलहुला खुर्द पंचायत में 11 दिसंबर को पंचायत भवन हुलहुला खुर्द में जिला परिवहन पदाधिकारी गढ़वा की देखरेख में जिसमे प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा राजदीप कुमार के साथ जनसेवक प्रशांत कुमार, रोजगार सेवक अम्बिका सिंह ,कधवन पंचायत में 13 दिसंबर को उ.वि. कधवन में उत्पाद अधीक्षक गढ़वा की देखरेख में जिसमे प्रखंड सहायक अभियंता मनरेगा उज्ज्वल कुमार के साथ जनसेवक विकास कुमार, रोजगार सेवक आलोक राज,कोलझिकि पंचायत में 16 दिसंबर को पंचायत भवन कोलझिकि मे अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर रतन कुमार सिंह की देखरेख में जिसमे प्रखंड संवन्यक लघु एवं कुटीर उद्योग सुमित कुमार के साथ पंचायत सेवक नंद कुमार मेहता, रोजगार सेवक रामचंद्र पांडेय,कुम्बा खुर्द पंचायत में 18 दिसंबर को पंचायत भवन कुंबाखुर्द में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा गढ़वा की देखरेख में जिसमे कनीय अभियंता मनरेगा रणधीर कुमार के साथ पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह, रोजगार सेवक संजीत कुमार,कुशदण्ड पंचायत में 21 दिसंबर को पंचायत भवन कुशदण्ड में कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल नगर उंटारी की देखरेख में जिसमे ग्राम सेविका उषा देवी के साथ पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह, रोजगार सेवक अम्बिका सिंह,नरही पंचायत में 23 दिसंबर को पंचायत भवन नरही में कार्यपालक दंडाधिकारी आदि थे ।




# कर्नल कप फुटबॉल महाकुंभ का आगाज आज से

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** विधानसभा क्षेत्र के सबसे लोकप्रिय खेलों में शामिल फुटबॉल कर्नल कप का आगाज आज गुरुवार से हुसैनाबाद के अनुमंडल मैदान में हो रहा है. इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र की 20 बेहतरीन टीमें चमचमाती ट्रॉफी के लिए जोर आजमाइश करती हुई नजर आएंगी. फाइनल 23 दिसंबर को खेला जाएगा. नाक आउट स्टेज में 10 मुकाबले खेले जाएंगे. इनमें से शानदार प्रदर्शन करने वाली 8 टीमें अगले दौर के लिए क्वालीफाई करेंगी।प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण होंगें।अमही और झरहा के बीच शुरूआती मुकाबले से पूर्व गुरूवार को दोपहर 12ः30 बजे से उद्घाटन समारोह शुरू होगा। सभी टीमों के खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट करते हुए मुख्य बाजार का भ्रमण किया जाएगा। कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह बताया कि लगातार चौथी साल इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को हम लोग आगे बढ़ाने के लिए अवसर प्रदान कर रहे हैं। हुसैनाबाद क्षेत्र के पुराने व मशहूर फुटबॉल खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में इस टूर्नामेंट का आयोजन होते आ रही है।क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह ने कहा कि सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है टूर्नामेंट पिछले वर्ष की अपेक्षा और भी भव्य व शानदार होगा। इस बार नॉकआउट स्टेज में ही सभी मुकाबले खेले जाएंगे। जिसमें सभी टीमों को पांच बाहरी खिलाड़ीयों को अपने टीम में शामिल करने की अनुमति दी गई है। प्रतिदिन एक मुकाबला खेला जाएगा जो दोपहर 2ः00 बजे से शुरू होगा। उन्होंने स्थानीय खिलाड़ीयो को हौसला अफजाई करने के लिए फुटबॉल प्रेमी दर्शकों से अधिक संख्या में अनुमंडल मैदान में पहुंचने का आग्रह किया है। मौके पर स्पोर्ट क्लब के सचिव मनोज शर्मा विनय कुमार सिंह महेन्द्र चौधरी सगीर अहमद इशरार अहमद (गुड्डू) निर्णायक सुदय सिंह कमेंदर पासवान रविंद्र सिंह सुभाष कुमार मनोहर सिंह प्रदीप कुमार मुकेश सिंह पिन्टु कुमार भानु प्रताप सिंह सहित सभी टीमों के कैप्टन व खिलाड़ी मौजूद थे।



## संक्षिप्त खबरें

### बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के जेलर नसीम खान हटाये गये

**रांची:** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के जेलर नसीम खान को हटाकर उसे केंद्रीय कारा, मेदिनीनगर, पलामू जेल का जेलर बनाया गया हैं। यह कार्रवाई ईडी के खिलाफ साजिश रचने मामले का खुलासा होने के बाद हुई है।

इन-इन लोगों का हुआ है तबादला : मोहम्मद नसीम खान बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार से केंद्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू, अजय कुमार श्रीवास्तव केंद्रीय कारा घाघीडीह जमशेदपुर से मंडल कारा गढ़वा, रामशंकर प्रसाद उपकारा खूंटी से केंद्रीय कारा दुमका, सुबोध कुमार पांडेय केंद्रीय कारा दुमका से केंद्रीय कारा गिरिडीह, धर्मशीला देवी केंद्रीय कारा मेदिनीनगर पलामू से केंद्रीय कारा घाघीडीह जमशेदपुर, प्रमोद कुमार केंद्रीय कारा गिरिडीह से बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार।

### एचडीएफसी बैंक ने छठ पूजा में स्वच्छता अभियान चलाया

**रांची :** छठ पूजा के अवसर पर एचडीएफसी बैंक ने स्वच्छता के लिए एक प्रतिज्ञा अभियान का आयोजन किया। अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस समर्थन के परिणामस्वरूप, बैंक के कर्मचारी, रांची नगर निगम और नगर निगम के साथ मिलकर स्थानीय स्तर पर साफ-सुथरे और हरित स्वच्छता के लिए विभिन्न छठ घाटों की सफाई की और स्वच्छता के लिए संगठित हस्ताक्षर अभियान चलाया। झारखंड सर्किल के सर्किल हेड कुमार अभिषेक ने इस समर्थन और सहयोग को बढ़ाते हुए कहा कि स्वच्छता ही हमारे समुदाय की नींव है। इस समर्थन के साथ हम सभी एक सुंदर, स्वस्थ, और हरित झारखंड की दिशा में कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने का संकल्प करते हैं। बैंक ने निगमों के साथ मिलकर स्थानीय समुदायों को शिक्षित करने, स्वच्छता में सहयोग करने, और एक स्वच्छ भविष्य की दिशा में साझेदारी करने का संकल्प किया है।

# धूमधाम से मना झारखंड राज्य स्थापना दिवस

## दलगत भावना से ऊपर उठकर काम करना होगा : राज्यपाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के 23वें स्थापना दिवस समारोह में बुधवार को इस साल के सर्वश्रेष्ठ विधायक रामचंद्र सिंह को बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही विधानसभा के उत्कृष्ट कर्मियों संयुक्त सचिव मिथलेश कुमार मिश्र, अवर सचिव विष्णु पासवान, प्रशाखा पदाधिकारी निलेश कुमार सिंह व नियाज अहमद, वरीय सचिवालय सहायक तापस कुमार यादव और अनुसेवक माइकल लकड़ा को भी सम्मानित किया गया।राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सभी को प्रशस्ति पत्र, शॉल तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

उत्कृष्ट विधायक को 51 हजार रुपये और प्रत्येक चयनित पदाधिकारी एवं कर्मी को 21 हजार रुपये की सम्मान राशि दी गयी। इस मौके पर स्पीकर रविंद्रनाथ महतो ने अपील की कि हम सब पक्ष और विपक्ष के लोग अपने अंतर्विरोधों को भूलकर देश और राज्य को विकसित करने का संकल्प लें।राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सबसे पहले झारखंड के गठन के लिए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने



**राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उत्कृष्ट विधायक व कर्मियों को किया सम्मानित**

कहा कि यह खुशी की बात है कि झारखंड के मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष दोनों युवा शक्ति के प्रतीक हैं।

दोनों काफी ऊर्जावान हैं और दोनों बेहतर कार्य करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं है। हमें लोगों की भलाई के लिए सोचना है। झारखंड विधानसभा को देश के अन्य विधानसभाओं से श्रेष्ठ बनने के लिए हमें दलगत भावना से ऊपर उठकर काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि मैंने भी उस वक्त लोकसभा के सदस्य के रूप में मतदान किया था और मुझे इस बात का गर्व है। झारखंड विधानसभा का गौरवशाली इतिहास रहा है झारखंड विधानसभा के द्वारा हर वर्ष अपने स्थापना दिवस के तौर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। पहले यह सभा एचईसी भवन से संचालित होता था। अब झारखंड का अपना विधानसभा भवन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ से इस मंदिर का उद्घाटन हुआ है। मैं इसके लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि सदन में हम सभी को अपनी-अपनी ड्यूटी निभानी चाहिए। एक सोच के साथ सिर्फ विकास पर हमें फोकस रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव को हम नजरअंदाज नहीं कर सकते। यह लोकतंत्र का एक हिस्सा है। यह बहुत खुशी की बात है कि हमारे झारखंड के मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष दोनों युवा शक्ति के प्रतीक है। दोनों बहुत ही ऊर्जावान हैं। दोनों अपने-अपने युवा शक्ति के साथ बेहतर काम करेंगे ऐसी ही हमारी कामना है। उन्होंने कहा कि हमारा राज्य प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण है और इससे विकास की अभूतपूर्व संभावना पैदा होती है। हमें राज्य की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सभी को संवेदनशील और सक्रिय होना होगा, ताकि विकास का लाभ सभी तक पहुंचे।

### जवानों के परिजन, खिलाड़ी सहित अन्य लोग भी हुए सम्मानित

उत्कृष्ट विधायक व कर्मियों के अलावा पुलिस और सेना के शहीद जवानों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। मैट्रिक और इंटर के टॉपरों, खिलाड़ियों और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

#### इन्हें किया गया सम्मानित

शहीद अमर कुमार,शहीद कुमार गौरव सलीमा टेटे खिलाड़ी,निक्की प्रधान, खिलाड़ी, अंकिता भगत, खिलाड़ी,शशि शेखर पर्वतारोही,पंकज कुमार पर्वतारोही, चामी मुर्मु महिला सशक्तिकरण के लिए, छूटनी महतो सामाजिक कार्यकर्ता, आलोक चौधरी विज्ञान संचार के लिए, आलोक दुबे शिक्षा में जागरूकता के लिए

#### दसवीं, इंटर और नीट के टॉपर्स को भी मिला सम्मान

कशिश परवीन, दिव्या कुमारी, श्रृष्टि कुमारी, श्रेया सोनगिल, राखी कुमारी, शुभांगिनी, आस्था अग्रवाल, हिमांशु रंजन तिवार, खुशबू कुमारी, सुमित बेरा, असद अली जाफरी को सम्मानित किया गया।

## बरियातू थानेदार की सराहनीय पहल, सड़क पर पड़े बुजुर्ग को रिम्स में कराया भर्ती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बरियातू थानेदार सुरेश मंडल गस्ती के लिए निकले थे कि पल्स डायग्नोस्टिक्स के पास शिर्डी के गिरे पड़े एक बुजुर्ग पर उनकी नजर गई।वह तुरंत वहां पर पहुंचे और उनसे पूछताछ किया। लेकिन बुजुर्ग असमर्थ थे। बताने पर उस बुजुर्गो को आपने वाहन में बैठा कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी सुरेश मंडल ने बताया की ठंड।का दिन है। ऐसे में बुजुर्ग को सड़क पर गिरा देख उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। ताकि उसका इलाज हो सके। वहीं मौके पर झारखंड फुटपाथ संघ एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सीएम से मिला गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा का प्रतिनिधिमंडल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा कृष्णा नगर, कॉलोनी रातू रोड के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 25 नवंबर 2023 को श्री गुरुनानक देव जी के 554वाँ प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर नगर कीर्तन से पूर्व आयोजित होने वाले समागम कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में श्री गुरुनानक सत्संग सभा प्रबंधक कमेटी के प्रधान।द्वारका दास मुंजाल, सचिव अर्जुन मिड्ढा, पूर्व प्रधान हरविंदर




सिंह बेदी, उप प्रधान सुरेश मिड्ढा, सदस्य जीतू अरोड़ा,अश्विनी सुखीजा,हरगोविंद गिरधर, इंदर मिड्ढा, हरीश मिड्ढा, अनूप गिरधर, चरणजीत मुंजाल, अशोक गेरा एवं अन्य उपस्थित थे।

## निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर सीसीएल में कल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में 24/11/2023 को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में यशोदा ग्रुप के अस्पताल, हैदराबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. कश्यप व्यास (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जाँच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे।

हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिर्पोट/जाँच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाये।सीएमडी, सीसीएल, डॉ. बी. वीरा रेड्डी के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है।

इसके लिए सीसीएल द्वारा नियमित तौर पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है।

शिविर का उद्देश्य है कि जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक ईलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके तथा इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

## सीएम ने की झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ ऑनलाइन बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा पूरी तरह से कमर कसने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से ऑनलाइन बैठक की। जिसमें जिला अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष ,सचिव, कोषाध्यक्ष, महिला एवं कार्यकर्ता गण शामिल हुए। सभी से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का क्रियान्वयन कराने और जन-जन तक सरकार की योजना पहुंच रही है या नहीं पहुंच रही हैं सभी



योजनाओं को गांवों एवं निगम क्षेत्र के वार्डो में भ्रमण करने और जरूरतमंदों की मदद करने की सलाह दी। यह जूमआर पुल स्थित केदल में हुई। बैठक की अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने की। इस मौके पर राज्य सभा सांसद डॉक्टर महुआ मांझी , पद्मश्री मधु मंसूरी, हेमलाल मुर्मू ,रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सभी अपने-अपने बातों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। सभी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का धरातल पर उतरने जन-जन तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे । वहीं जिन-जिन क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं को पद नहीं दिया गया है, जिन जिलों में महिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष के पद खाली हैं उन सभी पदों को भरने की बात कही गई है।

## गुरु नानक जयंती के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा के निदेशानुसार गुरु नानक जयंती के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम, उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी रांची, सदर दीपक दुबे, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि




व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में शोभा यात्रा के दौरान बेहतर व्यवस्था को लेकर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए। प्रमुख चौक-चौराहे पर शोभा यात्रा के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था, महिला पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति, फायर ब्रिगेड की व्यवस्था, वॉलिंटियर्स टीम आदि को लेकर चर्चा की गयी। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम एवं ज्योति सिंह मथारु ने गुरुद्वारा प्रबंधन कमिटि के सदस्यों को हर संभव सहयोग की बात कही। गुरुनानक जयंती के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर 23 नवंबर 2023 को रुट का जायजा लिया जायेगा। इसमें गुरुद्वारा प्रबंध कमिटी के सदस्य, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारी शामिल होंगे।

## गांजा के साथ बिहार का एक तस्कर गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची स्टेशन से नौ किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम बृजेश कुमार बताया गया है। वह बिहार के कैमूर जिले के अधौरा का रहने वाला है। आरपीएफ की ओर से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल की ओर से लगातार चलाए जा रहे अभियान में ऑपरेशन नारकोश के तहत आरपीएफ ने रांची स्टेशन पर जांच की। इसी दौरान ट्रेन संख्या 18309 संभलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस का रांची स्टेशन आगमन हुआ। ट्रेन से निकलकर एक व्यक्ति को संदेहास्पद अवस्था में एक काले रंग के बैग के साथ स्टेशन निकासी गेट की तरफ तेजी से जाता देखा गया। संदेह होने पर उसे रोककर उसके बैग की जांच करने पर नौ किलो गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजा की कीमत एक लाख नौ हजार रुपये आंकी गयी है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए राजकीय रेल पुलिस रांची को सौंप दिया गया।

## देवोत्थान जतरा मेला 24 को

**रांची :** देवोत्थान जतरा मेला 24 नंवबर को आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में देवोत्थान जतरा मेला समिति के संयोजक डॉ बिरेन्द्र साहु ने कहा कि बड़गाई में दो पहाड़ियों के मध्य भगवान शिव का धाम है, जो देवोत्थान धाम के नाम से प्रसिद्ध है। इस देवस्थल पर देवताओं के जगने की खुशी में कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रबोधिनी एकादशी की रात्रि जागरण करते हुए पूजा पाठ कर नृत्य दान करते हैं, जो देवोत्थान मेला के रूप में प्रसिद्ध है। इस मेल में आसपास के गांव सहित अन्य सैकड़ों गांव के बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। वे भगवान शिव की पूजा अर्चना कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना कर मेला का आनंद उठाते हैं।

## निगम की टीम कुरैशी मुहल्ला का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 11 अंतर्गत कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला के शौचालय की बदहाली पर बीतें दिनों प्रभात मंत्र अखबार में एक खबर छपी थी । इसके बाद नगर निगम में संज्ञान लिया ।

नगर निगम के सहायक चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर किरण और सिटी मैनेजर रूपेश टीम के साथ कांटाटोली कुरैशी मोहल्ला पहुंचे। यहां पर बदहाल शौचालय का निरीक्षण किया ।

मौके पर जमीयतुल कुरेश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गैस कुरेशी , महासचिव परवेज कुरैशी सहित मुहल्ले के कई गणमान्य लोग



उपस्थित थे। मौके पर ही डॉक्टर किरण ने शौचालय निरीक्षण करने के बाद कहा कि यहां पर शौचालय की आवश्यकता है ।

इन आवश्यकताओं को देखते हुए पूर्व में जो शौचालय बना था वह बदहाल और टूट फूट गया है किसी काम का है नहीं।इसी जमीन पर जो जगहें बची है वहीं पर शौचालय का निर्माण कराया जा सकता है। इस पर हम लोग निगम के सभी पदाधिकारी गण के साथ विचार विमर्श कर लेते हैं फिर आपको उसकी जानकारी देंगे। साथ ही इसके लिए आपके पंचायत को एनओसी भी देना होगा । जिस पर जमीयतुल कुरैश पंचायत के द्वारा कहा गया कि ये पूरी जमीन जमीयतल कुरैश पंचायत का है, इसका एनओसी जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष और महासचिव देगा। क्योंकि समाजहित में हमारा जमीयतल कुरैश पंचायत जमाने से करते चले आ रहा है। इस मौके पर जबीर कुरैशी, मुमताज कुरैशी, सदाम कुरैशी,बशीर कुरैशी ,हफीज,जुबेर, रिंकु सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अर्बनराईजर्स हैदराबाद की 157 की चुनौती के समक्ष सदर्न सुपरस्टार्स 143 रनों पर ढेर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** अर्बनराईजर्स हैदराबाद द्वारा की गई अनुशासित गेंदबाजी के चलते जीएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेली जा रही लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के तीसरे मैच में टीम सदर्न सुपरस्टार्स के खिलाफ अपने 156 के डिफेंड करने में कामयाब रही।सदर्न सुपरस्टार के कप्तान रॉस टेलर ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया जिसे टीम के ओपनिंग गेंदबाज अब्दुर रज्जाक और लकमल ने अनुशासित भरी गेंदबाजी के साथ ओर सार्थक बनाया । पारी के छठे और पवन नेगी के शुरुआती ओवर में सलामी बल्लेबाजों - डॉयन स्मिथ और मर्टिन गप्टिल ने 20 रन जड़कर रन गति तेज करने का प्रयास किया। रज्जाक ने अपने स्पैल के आखिरी चौथे ओवर में करिश्माई गेंदबाजी का परिचय देते हुये लगातार गेंदो पर डॉयन स्मिथ (15) और गुरकीरत सिंह मान (0) को चलता किया जिससे स्कोर 50/2 हुआ। 73 के टीम स्कोर और पारी के दसवें ओवर में हमीद हसन ने खतरनाक दिख रहे मार्टिन गप्टिल 46 को बोल्ड कर अपने खेमें को बड़ी राहत प्रदान की। इसके बाद अगले की ओवर में श्रीलंकाई गेंदबाज दिलशान मुनावीरा



ने पीटर टेरेगो (17) को एलबीडब्ल्यू की गिरफ्त में फंसा कर अर्बनराईजर्स के लिये मुश्किलें खड़ी कर दी। जल्द ही हसन ने अपने तीसरे ओवर में सुरेश रैना (10) का विकेट लेकर विपक्ष की आधी टीम मात्र 90 रनों पर पैव्हिलियन लौटा दी।योगेश नागर और स्टुअर्ट बिन्नी ने 63 रनों की साझेदारी की और टीम को संकट से उबरने का प्रयास किया। पारी के 18वें ओवर में अपना आखिरी ओवर डाल रहे हमीद ने न केवल बिन्नी (23) को आउट कर साझेदारी का अंत किया बल्कि अगले ही गेंद में नये बल्लेबाज अमित पोनीकर (0) को भी वापिस बिना खाते खोला भेजा। इसके बाद सुरंगा लकमल ने भी अपने स्पैल का अंत लगातार दो बल्लेबाजों - टिनो बेस्ट (1) और क्रिस पोफू (0) को आउट कर किया। पवन नेगी ने योगेश नागर (40) की पारी का अंत कर अर्बनराईजर्स हैदराबाद को 156 रनों पर ढेर किया। हसन (4/30) सबसे सफल गेंदबाज साबित हुये जबकि अब्दुर रज्जाक (2/21) और सुरंगा लकमल (2/22) ने दो दो विकेट चटकाये। लक्ष्य का पीछा करते हुये सदर्न सुपरस्टार की शुरुआत निराशाजनक रही जब पहले पावरप्ले के खत्म होने तक टीम का टॉप ऑर्डर - उपल थरंगा (5), जेसी राईडर (5) और श्रीवत्स गोस्वामी (18) सस्ते में 533 पर विफल रहा। प्रज्ञान ओझा की स्पिन चुनौती के समक्ष टीम ने अपना चौथा विकेट कप्तान रॉस टेलर (12) के रूप में झटका जिससे स्कोर 77/4 हुआ। टॉप स्कोरर दिलशान मुनावीरा (34) जब पोफू द्वारा बोल्ड हुये तो आधी टीम 86 पर पॅव्हिलियन लौटी।

## खेल प्रशासक को सम्मानित किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** हॉकी झारखंड के अध्यक्ष का कार्यभार भोलानाथ सिंह का संभालने के बाद झारखंड वालीबाल संघ के शेखर बोस पहली बार हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचे। हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचने पर अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने उन्हें एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी का शुभंकर जूही और स्टिक देकर सम्मानित किया ।उनके साथ ही झारखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव सीडी सिंह ,एसके पांडे राजेंद्र सिंह, ओलंपियन हरभजन सिंह सहित कई खेल प्रशासक भी हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचे थे सभी खेल प्रशासको को हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने एशियाई चैंपियनशिप ट्रॉफी के शुभंकर जूही और हॉकी स्टिक भेंट कर स्वागत किया।

## बिजैन गांव में जतरा मेला का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पुराने बिजैन गांव में बुधवार को छठ देवथान जतरा मेला का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार उपस्थित थे। आयोजन समिति के द्वारा ढोल मांदर और पारंपरिक नृत्य के साथ अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया, जिसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया गया।वहीं आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों को बुके देकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया।इससे पूर्व गांव के पाहन के द्वारा खुटां जतरा की विधिवत्त पूजा अर्चना की गई।मेला मे कई प्रकार के झुला,दुकान और प्रतिष्ठान लगाया गया था,जिसमे लोगो ने जमकर खरीदारी की।वही बाहर से आयी टीम के द्वारा मांदर की धुन पर पारंपरिक नृत्य पेश किया गया,जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि झारखंड में मनाए जाने वाले सभी तरह के पर्व त्यौहार और मेला हमारी संस्कृति की पहचान है। वर्तमान में इसे बचाने की जरूरत है।हमारे पूर्वजों के समय से चलते आ रहे इस तरह के आयोजन को आज के युवा पीढ़ी उत्साह के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।उन्होंने इस तरह के आयोजन की प्रशंसा करते हुए आगे भी इस तरह के पारंपरिक आयोजन को जारी रखने की अपील की। इस अवसर पर पुराने बिजैन के समीप जमीन में ग्राम बिजैन के नाम पर सीसीएल प्रबंधन के द्वारा फलदार वृक्ष लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के अंत तक उक्त भूमि पर प्रबंधन के द्वारा वृक्ष लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा।उन्होंने स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों से सीसीएल प्रबंधन को सहयोग करने की अपील की,इसके अलावे विस्थापित रैयतो की समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया।इस मौके पर सच्चिदानंद सिंह, आयोजन समिति के रंथु गंझु, कुलदीप राम,पच्चु गंझु, कैलाश राम,फकीरा गंझु, सुरैंद्र राम,तुफान गंझु,चन्दर गंझु,सुलेन्द्र राम,सत्रुघण मुंडा,बुटन मुंडा,बाबुलाल राम,नीरज राम,वकील गंझु सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# विधायक शिल्पी के द्वारा पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड मे ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सडक योजनांतर्गत नारो पतरा से झींझरी तक पथ का विशेष मरम्मति ( लगभग-3.10 किलोमीटर ) कार्य का शिलान्यास माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा किया गया। इस रोड का मरम्मति कार्य लगभग 1.92 करोड़ रुपये के लागत मे किया जाना है, इस रोड की हालात इतनी खराब हो गयी थी कि रोड मे जगह जगह गड्ढे बन गये थे और ग्रामीण जन को आवागमन मे काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता था। ये रोड की मांग वर्षो पुरानी थी, जिनका आज शिलान्यास किया गया, शिलान्यास के दौरान गांव के ग्रामीण उपस्थित थे जो काफी खुश थे और खुशी व्यक्त कर रहे थे। इस रोड का मरम्मति हो जाने के पश्चात ग्रामीणों को आवागमन के समय दिक्कतो का सामना नही कर पड़ेगा। विधायक इस शिलान्यास कार्यक्रम मे शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थित तमाम लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि इसके निर्माण कार्य से कुछ बेरोजगार लोगो को रोजगार कुछ समय के लिए मिल जायेगा। साथ ही रोड मरम्मति पूर्ण होने पश्चात ग्रामीणों को चलने मे कठिनाइयों का सामना नही करना पड़ेगा। विधायक ने कार्यक्रम मे झारखंड सरकार की सरकारी योजनाओं के बारे मे बतलाया और उसका लाभ लेने को कहा। विधायक ने हेमंत सरकार के द्वारा निकली गई सरकारी योजना अबूआ आवास के बारे मे बतलाया कि जिन लोगो को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नही मिला है वे लोग हेमंत सरकार द्वारा निकली गई अबूआ आवास का लाभ ले सकते है। मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, विधायक प्रतिनिधि जमील मल्लिक, तबारक खान, तस्लीम अंसारी, अनुज राम, पार्टी कार्यकर्ता एवं अन्य उपस्थित रहे।

## कर्रा व लोधमा के विद्यालय पर पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय लोधमा प्लस टू हाई स्कूल कर्रा व राजकीय मध्य विद्यालय कर्रा में बुधवार को बीडीओ स्मिता नगेसिया के द्वारा फिता काटकर पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया. इस दौरान शिक्षकों को बाल संसद में सक्रिय भागीदारी एवं कार्य संचालन का जिम्मेदारी ईमानदारी पूर्वक निभाने की बात कही गयी. स्कूल के हर वर्ग के उपयोगी पुस्तकों को रखने का निर्देश तथा पुस्तकालय के बैठक कच्छ में विद्यार्थियों के अनुकूल वातावरण निर्माण करने की बात कही गयी. ऐसे बहुत से विद्यार्थी जिनके पास अपने घर में पढ़ने का माहौल नहीं होता है कहीं कमरे की कमी पाई जाती है तो कहीं उपयोगी पुस्तकों का अभाव होता है ऐसे में स्कूल पुस्तकालय का सक्रिय होना बहुत लाभकारी सिद्ध हो सकता है. बीडीओ ने दसवीं और बारहवीं की बच्चों को लंबे समय तक लाइब्रेरी का उचित उपयोग करने को कहा ताकि स्कूल में अच्छे परिणाम आ सके. बीडीओ द्वारा विद्यार्थियों के मानसिक विकास हेतु पुस्तकालय के महत्व को अहमियत देते हुए आवश्यक सहायता प्रदान करने की बात कही गयी. साथ ही शिक्षा पदाधिकारी मुखिया प्रधान अध्यापक वह विद्यालय प्रबंधन समिति को भी सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया गया. इस मौके पर बीईओ गंगा प्रसाद सिन्हा, बीपीओ मनमोहन साहू, मुखिया मंजुला उरांव, रश्मि लकड़ा के अलावे सभी स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं सहित सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांकः– (PR 308393 REO (23-24)_D) दिनांक–

ई–निविदा संख्याः– 13/2023-24/RWD /EE/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | RWD/RANCHI/ 18/ STPKG/02/ 2023-24 | हुलसु पथ से गोपालपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–1.300 कि0मी0)<br>डुरू से सकरपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–4.500 कि0मी0)<br>ग्राम तपकारा से पी0एम0जी0एस 0वाई0 पथ से महुगांव पी0डब्ल्यू0डी0 पथ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–1.020 कि0मी0)<br>ककरिया से कोईसारा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–3.750 कि0मी0)<br>बिरसा चौक से बंकाकेरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–5.690 कि0मी0)<br>सरसा मेन रोड से साई मंदिर पी0डब्ल्यू0डी0 रोड भाया प्राथमिक विद्यालय सरसा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–0.900 कि0मी0)<br>बिरामकेल से पाण्डू तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–3.200 कि0मी0)<br>जातलोया पी0डब्ल्यू0डी0 पथ से सरंगलोया चौक तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–4.590 कि0मी0) | 11,20,14,80 0.00 | ग्यारह करोड बीस लाख चौदह हजार आठ सौ रूपये मात्र। | 9 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–24.11.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–09.12.2023 अपराह्न 5.00 बजेतक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–12.12.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 311732 Rural Development(23-24)D


# दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल आयुक्त ने इटकी क्षेत्र का भ्रमण कर कार्यों का लिया जायजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**इटकी :** दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने बुधवार को संक्षिप्त पुनर्विक्षण कार्यक्रम के तहत इटकी प्रखंड क्षेत्र का भ्रमणकर विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर कार्य मे प्रगति लाने का निर्देश दिया। आयुक्त की टीम ने सर्वप्रथम कुंदी गांव के बूथ न0 346,347,348 पहुंचे जहां बीएलओ से पूछ ताछ किये और कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्य मे तेजी लाने का निर्देश दिया , उसके बाद प्रखंड के सेमरा गांव के बूथ न0 351 पहुंचे जहां प्रपत्र 6,7,8 का इंद्राज करने , मृत मतदाताओं के दिए गए प्रारूप को मुखिया और गवाहों से अनुसंशित कराकर नाम हटाने का निर्देश दिया गया। इससे पूर्व आयुक्त ने अजीम प्रेम जी फाउंडेशन को हस्तांतरित इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला की भूमि का जायजा लिया। इस क्रम में आरोग्यशाला के 33 अवस्थित भवनों में अनाधिकृत व अधिकृत रूप से रह रहे कर्मियों को खाली कराने और कंडम घोषित जर्जर भवनों को तोड़े जाने का का भी निरीक्षण किया। इस क्रम में 30 नवम्बर तक सभी जर्जर भवनों को ध्वस्त किये जाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक सुमन , निर्वाचन निबंधक सह डीएसओ प्रदीप भगत, आयुक्त सचिव जुल्फिकार अली, इटकी सीओ विजय कुमार, आरोग्यशाला अधीक्षक पीके भगत ,बीएसओ हेमन्त एक्का, सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी

**आवश्यक सूचना**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा ई०–निविदा आमंत्रण सं०– **04/RI/2023-24/RWD/KHUNTI**, दिनांक– 18.10.2023, जिसका पी०आर० संख्या– **309618 Rural Work Department(23-24).D** द्वारा निविदा दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। इस निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है। पुनः निविदा आमंत्रित की जायेगी।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, खूँटी

PR 311769 Rural Development (23-24)_D


## सिल्ली विधायक ने किया दो पीसीसी पथ का शिलान्यास

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत बुधवार को सिल्ली प्रखण्ड के सिल्ली से लोवादाग भाया मेदनी पिस्का एवं सिंगपुर चौक से कांटाडीह तक कुल लंबाई 13.195 किलोमीटर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास माननीय स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो एवं रांची जिला सांसद संजय सेठ ने संयुक्त रुप से किया साथ ही ग्रामीणों के बीच एक जनसभा किया जिसमें ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखा। विधायक ने सम्सया का हल जल्द ही निदान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बीडीओ रेणु बाला, भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, जिला परिषद वीणा चौधरी, उपप्रमुख आरती देवी, जयपाल सिंह, गौतम कृष्ण साहु, हरीपद महली, अनील बेदिया, चंद्रिका देवी कविता देवी, बिनोद साहु,गणेश महतो, शोभाराम महतो, तुलसी दास महतो, लक्ष्मण महतो, पुष्पा देवी, सबीता पोद्दार, डॉ रामनेश प्रसाद, डॉक्टर विष्णु चरण महतो समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी ओपी अंतर्गत मुरी गोला मुख्य मार्ग पर उरंगढ़ा पुल के समीप सोनडीमरा निवासी स्व. गयाराम महतो का पुत्र नरेश राम महतो उम्र 63 वर्ष को एक टर्बो के अपने चपेट में आ गया।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रशासन की मदद से घायल को सिंहपुर नर्सिंग होम इलाज के लिए ले जाया गया। जहाँ घायल का प्राथमिक उपचार किया गया।

## एन एच 39 मलटोटी पुल पर बने डाईवर्सन में अनियंत्रित होकर गिरा कार दो लोग हुए घायल

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राँची मेदनीनगर मुख्य मार्ग एन एच 39 पर मलटोटी पुल पर बने डायवर्सन में मंगलवार की देर शाम एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर गिर गई जिसमें सवार दो लोग घायल हो गए घायलों को राहगीरों ने निकाल कर हॉस्पिटल भेजा बता दें कि ह॥39 चौड़ीकरण कार्य करा रही कंपनी के द्वारा डायवर्सन का निर्माण कराया गया है जो पूरी तरह से जर्जर हो गई है जिसका समय-समय पर रिपेयरिंग की जानी चाहिए मगर बड़े-बड़े गड्ढे होने के बाद भी किसी का ध्यान नहीं जा रहा है जिसके कारण आए दिन घटनाएं हो रही हैं।

## डॉ. महादेव पी 24 नवंबर को अपोलो क्लिनिक में रहेंगे उपलब्ध

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ. महादेव पी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट एक अत्यधिक कुशल और अनुभवी चिकित्सक हैं, जिनकी एमबीबीएस, डीएमआरटी, डीएनबी (आरटी) में पृष्ठभूमि है और एमडी तेनाम्पेट में अपोलो कैंसर सेंटर में काम करते हैं। डॉ. महादेव पी सिर और गर्दन के कैंसर के इलाज, यूरो स्त्री रोग संबंधी कैंसर, रेडियो थेरेपी, विकिरण ऑन्कोलॉजी, रेडियो शुगर, साइबर चाकू रेडियो सर्जरी के लिए परामर्श प्रदान करते हैं। झारखंड निवासी शुक्रवार, 24 नवंबर, 2023 को महल रेजीडेंसी, बरियातू-बूटी रोड स्थित अपोलो क्लिनिक में डॉ. महादेव पी से मिल सकते हैं। आप अपना अपॉइंटमेंट और पंजीकरण 9534200013/9534200033 पर कॉल करके करा सकते है।

## बड़कीटॉड में दस जनवरी को मनेगा नीलांबर पीतांबर जयंती

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खरवार भोगता समाज विकास संघ खलारी प्रखंड की बैठक बड़कीटॉड में हुई.बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, केंद्रीय सरंक्षक यौधेश्वर सिंह भोगता, केंद्रीय सलाहकार झलकु गंझु तथा रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता उपस्थित थे.बैठक की अध्यक्षता बिगन सिंह भोगता ने किया.बैठक में दस जनवरी को खलारी बड़कीटॉड़ में वीर शहीद नीलांबर पीतांबर की जयंती समारोह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया.साथ ही इसकी तैयारी को लेकर सभी को प्रचार प्रसार एव गांव में बैठक करने का निर्देश दिया गया.वही 15 दिसम्बर को चंदवा में समाज के अगुवा स्व रामदेव गंझू की पुण्यतिथि कार्यक्रम को भी सफल बनाने के लिए निर्णय लिया गया साथ ही भारी संख्या में इस पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल होने का निर्णय लिया गया. इस मौके पर विश्वनाथ गंझु, बुल्ला गंझु, प्रभाकर गंझू, शिवनाथ भोगता, जगदीश गंझु,रमेश गंझु, भोला गंझु, सिद्धार्थ भोगता, अमर भोगता,बिगना गंझू, प्रकाश गंझु आदि मौजूद थे.


### JHARKHAND RAIL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
(A JV of Government of Jharkhand and Ministry of Railways)
2nd Floor, Nagar Prashasan Bhawan, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi-834004
Tel. : +91 651-2446131, e-mail: jridcl.jhr@gmail.com, website: jridcl.org.in

**VACANCY NOTICE**
**(Advt. No: JRIDCL/02/2023, Date: 22.11.2023)**

Jharkhand Rail Infrastructure Development Corporation Limited (JRIDCL) invites application for filling up the post of Chief Financial Officer on contract basis. The details of the posts, pay, eligibility criteria and application form are available at the website of the company www.jridcl.org.in. The interested candidates, who fulfill the criteria, may apply latest by **26.12.2023**.

Sd/-
**General Manager (Project)**
**JRIDCL**

PR311718 (Jharkhand Rail Infrastructure Dev Co Ltd)23-24*D

### कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पचांयत, छत्तरपुर।
पताः–बारा मोड़, छतरपुर, जिला–पलामू, झारखण्ड–822113, [E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]

**आम सूचना**

निदेशानुसार नगर पंचायत, छतरपुर अन्तर्गत आवास विहिन आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि सरकार द्वारा वर्ष 2023–24 तक प्रत्येक परिवार को पक्का आवास देने की अति महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) है। इसमें वैसे व्यक्ति जिनका वर्तमान में अपनी जमीन है, वे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) घटक–4 के तहत् इस योजना का लाभ लेने हेतु निम्नलिखित मानको के तहत् दिनांक–25.11.2023 तक स्व0–अभिप्रमाणित दस्तावेजों के साथ नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर में जमा करें।

1. आवदेन पत्र (फार्म)।
2. शपथ पत्र (भारत में किसी भी स्थान पर अपना अथवा अपने परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर पक्का घर नहीं होगा।)
3. वार्षिक आय का प्रमाण पत्र।
4. आधार कार्ड सभी परिवार के सदस्य का।
5. भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र (17.06.2015 से पूर्व )
6. पारिवारिक फोटो (कच्चा घर के साथ)।
7. बैंक पासबुक की छायाप्रति।
8. मतदाता पहचान पत्र।
9. होल्डिंग नं0 / रसीद।

वैसे इच्छुक परिवार जिनके पास अपना पक्का मकान नहीं हो उक्त आवेदक एवं अधिक जानकारी हेतु नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर में सम्पर्क कर सकते है या आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन जमा कर सकते है। उक्त संबंध में जनहित की दृष्टि से निर्धारित तिथि तक आवास विहिन व्यक्ति, कार्यालय मे आवेदन निश्चित रूप से जमा करें, अन्यथा यह समझा जायेगा कि निर्धारित मापदण्डों के अनुकूल आवास निर्माण हेतु नगर पंचायत, छतरपुर अंतर्गत आवास विहिन कोई भी योग्य व्यक्ति नहीं है।

कार्यापालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर।

PR 311713 (District) 23-24 (D)

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
MINOR IRRIGATION DIVISION, SIMDEGA

**e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. WRD/MID/SIMDEGA/F2-03/2023-24** **Date :- 22-11-2023**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Name of the work:- Construction of Checkdam on Sanbotha Toli Nala Block- Kolebira | Estimated Cost (Rs.)<br>62,53,800.00 | Earnest Money (Rs.)<br>1,25,500.00 | Cost of Tender Paper (Rs.)<br>10,000.00 |
| 2. | Time of Completion. | 335 days (11 Month) | | |
| 3. | Date of Publication of Tender on website | 05-12-2023 (2:00PM.) | | |
| 4. | Last date/Time for submission of Bids (online) | 19-12-2023 (up to 5:00 PM.) | | |
| 5. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (http://jharkhandtenders.gov.in ) 19-12-2023 (up to 5:00 PM.) | | |
| 6. | Date of opening of e-tender | 20-12-2023 ( 02.00 PM) | | |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION, DIVISION, SIMDEGA. | | |
| 8(a) (b) | Contact no. of Procurement officer<br>E-mail of e-procurement Officer | 7004377291<br>midivsimdg@gmail.com | | |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell. | 0651-2491232 | | |

**Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
M.I. Division, Simdega

PR 311756 Minor Irrigation (23-24)_D

### Government of Jharkhand
### Rural Works Department
### JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004

**NOTICE INVITING TENDERS**
(National Competitive Bidding Through e-Procurement)

**eTender No.- 150/ 2023-24- 2233** **Ranchi, Dated: 22.11.2023**

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government /State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (PMGSY-III).

| Sr. No. | Package ID | District Name | Block name | WORK NAME | Road/ LSB | Cost of Const. and Maint. With GST (in Lakh) | Earnest Money (in Lakh) | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | JH-P3-23-24-KHU-01 | Khunti | Arki | MRL04-L075 Arki- Korwa RCD Road (Narda River to Birsamunda Janmsthali, Ulihatu via Gerne Road (L- 6.40 KM) | Road | 1431.89 | 28.64 | 15 Months |
| | | | Arki | MRL03-MRL-037-Gerne to Lupunghatu Road (5.20 KM) | Road | | | |
| | | | Arki | H.L Bridge over Local Nala in 0+250KM of Bridge over Narda River in L075-Arki Korwa RCD Road (NAR) (L- 73.96 M) | LSB | | | |
| 2. | JH-P3-23-24-KHU-02 | Khunti | Murhu | T08-T07-Rugdi to Godatoli, Murhu (Khunti-Chaibasa Main Road NH-75E) via Kolme, Chichigara, Hethgoba Road (L- 18.65 KM) | Road | 2250.32 | 45.00 | 15 Months |
| | | | Murhu | H.L Bridge over Local Nala in 9+585 KM, of T07-Rugdi to Godatoli, Murhu (Khunti-Chaibasa Main Road) (L-38.64 M) | LSB | | | |
| 3. | JH-P3-23-24-KOD-01 | Koderma | Jainagar | T03-Parsabad to Tilokari via Ghurmunda, Khariodih (L-6.595 KM) | Road | 522.27 | 10.45 | 12 Months |
| 4. | JH-P3-23-24-PAL-01 | Palamu | Chattarpur | MRL02-T03 Turkadih to Manandohar via Risyapa (L-7.90 KM) | Road | 848.88 | 16.98 | 12 Months |

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.

Details of bid submission is as under:

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding | | Last date & time of seeking clarification | Last date and time of bid submission | Date & time of opening (on-line) of tender | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | | | Technical bid | Financial bid |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi | Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi | 23.11.2023 at 10.00 AM | 14.12.2023 upto 5.00 PM | 09.12.2023 upto 2.00 PM | 14.12.2023 upto 5.00 PM | 14.12.2023 at 05.30 PM | To be informed later |

** Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*
*** Cost may change.*

**Note :-**
1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD, any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) / made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five working days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

**Chief Engineer**
**JSRRDA, Ranchi**

PR.NO.311767 Rural Work Department(23-24):D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## गुलरेज अख्तर बने प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस कमिटी का गठन प्रदेश चेयरमैन मंजूर अंसारी के अनुशंसा पर राष्ट्रीय चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी, नासिर हुसैन ने प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का विस्तार किया है। जिसमें जमशेदपुर निवासी अधिवक्ता गुलरेज अख्तर अंसारी को प्रदेश वाईस चेयरमैन के पद पर नियुक्त किया है। कांग्रेस नेता अधिवक्ता गुलरेज अख्तर अंसारी ने प्रदेश वाईस चेयरमैन के पद पर नियुक्त किए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गाँधी, कांग्रेस नेता राहुल गाँधी, राष्ट्रीय चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी, नासिर हुसैन, प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश चेयरमैन मंजूर अंसारी के प्रति आभार व्यक्त किया है, साथ ही संगठन के मजबूती के लिए वचन दिया है।

## पांच मृत हाथियों के संबंध में झारखंड उच्च न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेने की आवश्यकता : सुधीर



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर कोर्ट के अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि दो दिन पहले मुसाबनी क्षेत्र में बिजली करंट से पांच हाथियों का दर्दनाक मृत्यु होने को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय को वन क्षेत्र पदाधिकारी,फॉरेस्ट रेंज,र वनकर्मी, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड एवं विद्युत विभाग के पदाधिकारी के विरुद्ध खुद संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। क्योंकि वर्ष 2022 में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा हाथियों को बिजली करंट से मृत होने को लेकर जनहित याचिका प्रेरणा सिंह बिंद्रा एवं अन्य बनाम भारत संघ में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार को नोटिस गाइडलाइंस के साथ जारी की गई है। इसके बावजूद भी लापरवाही दर्शाने को लेकर उपरोक्त लोगों के विरुद्ध वन प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39 एवं 51 तथा आरक्षित वन अधिनियम 1972 की धारा 26 (1) एवं धारा 429, 289, 201 भादवी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर अभिलंब कार्रवाई करनी चाहिए

## आनन्दमार्ग ने नौ मोतियाबिंद रोगियों का कराया निःशुल्क ऑपरेशन



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आनन्दमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से बुधवार को 5 महिला तथा 4 पुरुष मोतियाबिन्द पीड़ितों का निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया। बताया गया है कि बीते 18 नवम्बर को आनन्दमार्ग स्कूल कांड्रा में आयोजित नेत्र जाँच शिविर में 10 मोतियाबिन्द पीड़ित रोगी पाए गए थे। उन मोतियाबिन्द पीड़ितों का आज ऑपरेशन कराया गया। इस दौरान संस्था के सचिव गोपाल बर्मन ने बताया कि आनंदमार्ग की ओर से आगामी पांच दिसम्बर को होंठ व तालु कटे रोगियों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन हेतु जांच शिविर का आयोजन कांड्रा स्थित आनन्दमार्ग स्कूल में किया जाएगा। पूर्णिमा नेत्रालय की चिकित्सक डॉ सोनाली माइती, आनन्द लमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के गोपाल बर्मन, सुर्य प्रकाश, भरत बर्मन, भर्तृहरि आदि का प्रमुख योगदान रहा।

## सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम को रुगुडीह में मुखिया करम सिंह मुंडा ने की बैठक



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आगामी 24 नवंबर से तीसरा चरण में शुरू होने वाली आपकी योजना आपकी सरकार अपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बुधवार को रुगुडीह पंचायत भवन में मुखिया करम सिंह मुंडा ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुखिया ने सभी पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कहा कि हेमंत सरकार की मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर कार्यक्रम कर सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र पर निवास कर रहे व्यक्ति को सरकारी लाभ उपलब्ध करना। साथ ही शिविर के माध्यम से सरकारी लाभ से वंचित लोगों को जोड़ना। साथ ही अधिक से अधिक लोग इस शिविर में भाग लेकर झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही आबुआ आवास योजना का लाभ उठाने का अपील किया। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य सोनामणि मुंडा, पंचायत सेवक अजीत महतो उप मुखिया सुखलाल मुंडा, रोजगार सेवक परितोष मुर्मू, वार्ड सदस्यगण, विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यपक, आंगनबाड़ी सेविका, जनवितरण प्रणाली की दुकानदार, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, मुंडा एवं पंचायत के विभिन्न प्रतिनिधि उपस्थित थे?।

## घाघीडीह सेंट्रल जेल में जिला प्रशासन का छापा, हड़कंप

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घाघीडीह स्थित सेंट्रल जेल में पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त रुप से छापामारी की है. सुबह करीब नौ बजे ही यह छापामारी शुरू की गयी है. जेल को लेकर इडी समेत अन्य जांच एजेंसियों ने प्रशासन को आगाह किया था, जिसके आधार पर जांच शुरू की गयी है. सूत्रों के मुताबिक, जांच में कई खामियां पायी गयी है. मोबाइल फोन और चार्जर के बारे में भी पता लगा है. बताया जाता है कि इस दौरान हर वार्ड, हर गली, हर शौचालय तक की जांच की गयी है. इस जांच से हड़कंप मच गया है। रांची में इससे पहले मंगलवार को जांच की गयी थी, जिसमें कुछ खास पता नहीं चल पाया था. यह आरोप सामने आया है कि हाल के दिनों में जेलों में अपराधियों को सुविधाएं मुहैया करायी जा रही है, जिसके माध्यम से अपराध का संचालन जेलों से ही हो रहा है. अचानक से हुई इस कार्रवाई के बाद जेल से लेकर अपराध जगत में हड़कंप मच गया है.

## बिष्टुपुर राम मंदिर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम बना यादगार



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री टाटानगर गौशाला कमिटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 104वां गोपाष्टमी समारोह के तीसरे और अंतिम दिन बुधवार की शाम को बिष्टुपुर स्थित श्री राम मंदिर परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका ममता मुरारका और सहयोगी संयोजिका श्वेता गनेड़ीवाल के संयुक्त नेतृत्व में मारवाड़ी समाज के लगभग 60 से अधिक पुरूष, महिला एवं बच्चों द्वारा शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब ताली बटोरी। इस दौरान ऐसा लगा कि समाज के सितारे जमीं पर उतर गये। भक्ति एवं मस्ती के दौरान इस कार्यक्रम में श्री कृष्ण लीला' एवं फिल्मी गानों पर समाज के लोगों ने अपने डांस एवं मधुर गीत संगीत से सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रोताओं को चार घंटे तक मंत्रमुग्ध कर बुधवार की शाम को शानदार और यादगार बना दिया। इससे पहले इस कार्यक्रम के प्रयोजक प्रदीप काबरा, संदीप काबरा और अमित काबरा तथा गौशाला कमिटी के अध्यक्ष कैलाश सरायवाला और महासचिव महेश गोयल समेत समाज के कई गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्जवलित कर एवं श्री गणेश जी की गीत की धून के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# एनएच 33 पर ट्रेलर ने शौच के लिए निकले किसान को रौंदा, मौत, ग्रामीणों ने किया हाईवे जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के एमजीएम थाना अंतर्गत एनएच 33 पर अनियंत्रित टेलर ने किसान को बुरी तरह से रौंद दिया। जिससे किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सुबह की है जब किसान शौच के लिए जा रहा था। मृतक की पहचान देवघर गांव का चरण बेसरा के रूप में की गई है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-33 पर टायर जलाकर रांची - कोलकाता मार्ग को जाम कर दिया। जिससे एनएच के दोनों तरफ घंटों आवागमन बाधित रहा। काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचकर आने जाने वाले वाहनों में तोड़फोड़ कर रहे थे। ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस समझाने की कोशिश की। वहीं मृतक की लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया है।

# बोड़ाम में युवा दुकानदार ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत माधवपुर पंचायत के कांकिडीह टोला में करीब 30 वर्षीय युवक सूरथ महतो ने मगंलवार की देर रात अपने घर के पास स्थित एक पीपल के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। बताते हैं कि वह पलाशडीह गांव के कांकिडीह मोड़ में एक छोटी सी स्टेशनरी की दुकान चलाता था एवं मोबाइल का रिपेयरिंग भी करता था। वह विवाहित था और उसे एक बेटी भी है करीब 6 साल की। परिजनों के मुताबिक उसपर लाखों रुपए का कर्ज था और आर्थिक तंगी से परेशान रहता था। सूचना पाकर पहुंचे माधवपुर पंचायत के मुखिया शत्रुघ्न सिंह ने बताया कि वह बहुत ही कुशल व्यवहार का लड़का था।

# बूथ कमेटी पुनर्गठन के लिए बोड़ाम में झामुमो की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी के निर्देश पर बुधवार को बोडाम प्रखंड कमेटी की बैठक चिरूडीह सामुदायिक भवन में प्रखंड अध्यक्ष श्यामा पद महतो के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें पर्यवेक्षक के रूप में झामुमो नेता महाबीर मुर्मू एवं अजय रजक उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए महाबीर मुर्मू ने कहा आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिला कमेटी हर प्रखंड के सभी बुथ कमेटियों का पुनर्गठन कर सशक्त बुथ कमेटी बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा के जनता के लिए लागू किये गए जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देना है एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए सभी नेता व कार्यकर्ताओं को तत्पर रहने की जरूरत है। चिरुडीह सामुदायिक भवन में ही 3 दिसंबर को पुनः बैठक आहूत करने का निर्णय लिया गया है। जिसमे सभी पंचायत के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष के साथ-साथ सभी बुथ कमेटी के सक्रिय सदस्यों के उपस्थित अनिवार्य किया गया है। महाबीर ने कहा कि 12 दिसंबर तक बोड़ाम प्रखंड के सभी 15 सदस्यीय बुथ कमेटी (10 पुरुष एवं 5 महिला) गठन कर जिला कमेटी को सौंप दिया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा, विनय कुमार मंडल, रति रमन सिंह, काजल सिंह, शंभू नाथ सिंह, जलधर महतो, हिमांशु महतो, बेबी महतो, नीलमोहन महतो, सुधीर सोरेन, संतोष माहली, शिवशंकर महतो, जगदीश सबर, जलन मार्डी, प्रधान हेंब्रम, विजय हांसदा आदि उपस्थित थे।

# एक्सएलआरआइ व चेन्नई के एसआरआइएचईआर के बीच हुआ एमओयू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** देश की प्रसिद्ध मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट एक्सएलआरआइ और श्री रामचंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च ( एसआरआइएचईआर) के बीच 21 नवंबर 2023 को एक एमओयू हुआ है. हेल्थकेयर के क्षेत्र में काम करने वाले प्रोफेशनल्स के लिए उक्त दोनों संस्थाएं संयुक्त रूप से कार्य करेंगी. साथ ही हेल्थकेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खास तौर पर एक कोर्स डिजाइन किया जायेगा, जो हेल्थकेयर क्षेत्र के लिए प्रबंधन कार्यक्रम व सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए मददगार होगा. हेल्थ केयर क्षेत्र में रिस्पांसिबल प्रोफेशनल को खास तौर पर तैयार करने के लिए दोनों ही संस्थान प्रबंधन संयुक्त रूप से प्रयास करेगी. एसआरआइएचईआर कैंपस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उक्त एमओयू पर संयुक्त रूप से दोनों ही संस्थानों के पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर किया. जिसमें एक्सएलआरआइ दिल्ली कैंपस के डायरेक्टर केएस. काश्मीर, एसआरआइएचईआर के वीसी डॉ उमा शेकर, प्रोवीसी डॉ महेश वाकामुडी, रजिस्ट्रार डॉ रूपा नागराजन, फाइनांस के डायरेक्टर जे. रवि शंकर, लीगल सर्विस के जीएम डॉ टीए श्रीनिवासन, एकेडमिक ऑफिसर डॉ आर शिव कुमार, एसआरएफएमएस के प्रिंसिपल डॉ शेलवम जेशाह, एक्सएलआरआइ के फैकल्टी डॉ परमज्योत सिंह और डॉ संतोष संगेम उपस्थित थे. मौके पर मौजूद फादर काश्मीर ने कहा कि भारत की सतत और समावेशी विकास की यात्रा में सस्ती, सुलभ, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है.

# मोहनाडीह में पुलिया का होगा निर्माण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** सांसद विधुत महतो व पोटका विधायक संजीव सरदार की अनुशंसा से पोटका के मोहनाडीह में 2 करोड़ 87 लाख की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत पुलिया का निर्माण होगा। इधर आज बुधवार को पोटका विधायक संजीव सरदार व सांसद प्रतिनिधि उपेंद्र नाथ सरदार ऊर्फ राजू, सांसद के निजी सचिव यशवंत महतो, क्षेत्र की मुखिया बीना मुंडा, पंचायत समिति सदस्य सीता राम हासदा ने पुलिया निर्माण कार्य के शिलापट्ट का अनावरण किया। उल्लेखनीय है कि गांव के स्कूली बच्चे बीते 10 सालों से जान जोखिम में डाल कर बरसात में नदी पार कर मोहनाडीह प्राथमिक विद्यालय पढ़ने जाने को विवश थे। इसके निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागम में सहूलियत होगी।

# एनआईटी में तीन दिवसीय इंडस्ट्री एकेडमिया कॉन्क्लेव आज से, देशभर से 350 डेलीगेट का होगा जुटान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**आदित्यपुर :** ज_मशेदपुर झारखंड की औद्योगिक नगरी है। यहां एनआईटी एवं एनएमएल जैसे देश के महत्वपूर्ण शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान हैं। वहीं,जियाडा जैसा औद्योगिक क्षेत्र भी है। इन तीनों के सहयोग से जमशेदपुर में एक बेहतर औद्योगिक एवं शैक्षणिक वातावरण का निर्माण किया जा सकता है। इसके लिए एनआईटी ने पहल कर दी है और इसी के तहत आगामी 23 से 25 नवंबर तक संस्थान परिसर में इंडस्ट्री अकेडमिया कॉन्क्लेव -2023 नामक महात्वकांक्षी कार्यक्रम का आयोजन एनआईटी की ओर से किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न उद्योगपतियों, उच्च संस्थानों के प्रमुख एवं अनुसंधान संस्थान के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर बुधवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो गौतम सूत्रधार ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत के साथ होगी। इस दौरान उन्होंने उद्यमी और एनआईटी जमशेदपुर के बीच सहयोग की गुंजाइश के बारे में बताते हुए कहा कि एसिया के साथ पूर्व में बैठक का आयोजन हो चुका है। इस कार्यक्रम में रक्षा (डीआरडीओ), रेल, ऑटोमोबाइल जैसे बड़े उद्योगों के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों के डेलीगेट्स को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि करीब 350 डेलीगेट इस सम्मेलन का हिस्सा होंगे। संस्थान के निदेशक ने बताया की स्थानीय उद्योग अपने उत्पादों के लिए कई खरीदारों का प्रबंधन कर सकें इसके लिए भी बी टू बी बैठक होगा। त्रिस्तरीय सम्मेलन में अकादमिक एमओयू, पैनल डिस्कशन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

# श्री श्याम जन्मोत्सव पर श्री श्याम कला भवन चांडिल ने निकाला भव्य निशान यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के श्री श्याम कला भवन चांडिल द्वारा 27 वां श्री श्याम जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर चांडिल बाजार में भव्य निशान यात्रा निकाली गई। इस मौके पर श्री श्याम कला भवन चांडिल के अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि हिंदू धर्म के अनुसार खाटू श्याम जी ने द्वापरयुग में श्री कृष्ण से वरदान प्राप्त किया था कि वे कलयुग में उनके नाम श्याम से पूजे जाएँगे। बर्बरीक जी का शीश खाटू नगर (वर्तमान राजस्थान राज्य के सीकर जिला) में दफ़नाया गया इसलिए उन्हें खाटू श्याम बाबा कहा जाता है। धार्मिक कथा के अनुसार एक गाय उस स्थान पर आकर रोज अपने स्तनों से दुध की धारा स्वतः ही बहाती थी। बाद में खुदाई के बाद वह शीश प्रकट हुआ, जिसे कुछ दिनों के लिए एक ब्राह्मण को सौंप दिया गया। एक बार खाटू नगर के राजा को स्वप्न में मंदिर निर्माण के लिए और वह शीश मंदिर में सुशोभित करने के लिए प्रेरित किया गया। तत्पश्चात उस स्थान पर मंदिर का निर्माण किया गया और कार्तिक माह की एकादशी को शीश मंदिर में सुशोभित किया गया। जिसे बाबा श्याम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। मूल मंदिर 1027 ई. में रूपसिंह चौहान और उनकी पत्नी नर्मदा कँवर द्वारा बनाया गया था। मारवाड़ के शासक ठाकुर के दीवान अभय सिंह ने ठाकुर के निर्देश पर 1720 ई. में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया।

# विमल बैठा के नेतृत्व में सीओ से मिले बांसगढ़ के ग्रामीण, डीलर पर कार्रवाई की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** पटमदा थाना क्षेत्र के लच्छीपुर पंचायत के अंतर्गत बांसगढ़ गांव के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार (डीलर) द्वारा कार्डधारियों को कम मात्रा में राशन उपलब्ध कराने की शिकायत को लेकर बुधवार को भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में दो दर्जन कार्डधारी पटमदा सीओ सह प्रभारी एमओ चंद्रशेखर तिवारी से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा है। भाजपा नेता विमल बैठा ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत है कि डीलर द्वारा प्रति व्यक्ति एक या दो किलो कम अनाज वितरण किया जा रहा है। कार्डधारियों द्वारा इसका विरोध करने डीलर बताते है कि हमको गोदाम से ही कम राशन दिया गया है। इसलिए सभी को कम राशन दे रहा हुं। विमल बैठा ने गरीबों का हक छिनने वाले डीलर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ताकि अन्य डीलर भी इससे सावधान होंगे। इस दौरान मुख्य रूप से मिलन मंडल, समीर कुमार मंडल, केशरी मंडल, कृष्ण रजक, आसमान सिंह, रहिन सिंह, दशरथ सिंह, किसान मंडल, देबू सिंह समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# मैन्युफैक्चरिंग व एसेट मैनेजमेंट में नवाचार व प्रौद्योगिकी पर सेमिनार 27-28 नवंबर को एसएनटीआई में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) 27-28 नवंबर, 2023 को बिस्टुपुर एसएनटीआई, जमशेदपुर में दो दिवसीय अखिल भारतीय सेमिनार की मेजबानी करेगा। यह कार्यक्रम टाटा स्टील के सहयोग से इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) जमशेदपुर लोकल सेंटर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। सेमिनार का विषय है इस्पात उद्योग के लिए विनिर्माण और परिसंपत्ति प्रबंधन में नवाचार और प्रौद्योगिकी समावेशन। यूनाइटेड क्लब बिस्टुपुर में आयोजित मीडिया से बात करते हुए इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के प्रबल घोष ने बताया कि इस सेमिनार में कई उद्योगों और शिक्षा जगत, इसरो, एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) जैसे सरकारी संगठनों, आईआईटी और एनआईटी जैसे संस्थानों और सेल, आर्सेलर मित्तल, जेएसडब्ल्यू, जेएसपीएल और विजाग स्टील जैसी प्रमुख इस्पात कंपनियों प्रतिनिधि शामिल होंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आयोजित किए जाने वाले तकनीकी सत्रों के अलावा कुछ प्रमुख ओईएम (मूल उपकरण निर्माता) जैसे एबीबी, पीएएमए, अर्थ वेयर टेक, पार्कर एंड ग्रिप स्ट्रैपिंग टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड आदि और 60 से अधिक वेंडर पार्टनर्स भी सेमिनार के विषय से संबंधित अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे। यह आयोजन उद्योगों के बीच परस्पर सीखने में मदद करेगा और शिक्षाविदों को उनकी अनुसंधान सुविधाओं में काम करने के अवसरों और चुनौतियों की पहचान करने में मदद करेगा। सेमिनार में लगभग 300 प्रतिनिधियों के भाग लेने और चुनौतियों, अवसरों और सुधारों पर विचार-विमर्श करने की उम्मीद है। संवाददाता सम्मेलन में प्रबल घोष के अलावा शरद के शर्मा, अनुराग सक्सेना और भट्टाचजी शती मौजूद थे।

# आज मानगो में होगी श्याम जन्मोत्सव पर भजनों की अमृत वर्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मानगो न्यू पुरूलिया रोड़ स्थित श्याम भवन में श्री श्री श्याम जन्मोत्सव 2023 का आयोजन 23-24 नवम्बर (गुरूवार एवं शुक्रवार) को धुमधाम से मनाया जायेगा। जिसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। इसका आयोजन शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्याम मित्र मंडल मानगो द्वारा किया जा रहा हैं। देवउठनी ग्यारस के शुभ अवसर पर दो दिवसीय 24वां श्याम जन्मोत्सव में यजमान के रूप में मंत्री बन्ना गुप्ता सपत्नी सुधा गुप्ता के साथ गुरूवार की शाम 08.15 बजे बाबा श्याम की पूजा अर्चना कर ज्योत प्रज्जवलित करेंगें। इससे पहले सुबह 09.15 बजे से श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ और शाम को 04.15 बजे से श्री श्याम पाठ का सागार होगा। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल एवं सचिव विजय खेमका ने बुधवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि कोलकाता की ममता बिहानी, प्रिया पोद्दार, दिनेश अग्रवाल एवं स्थानीय कलाकार कृष्णमूर्ति एण्ड टीम द्वारा रात्रि 09.15 बजे से भजनों की अमृत वर्षा की जायेगी। श्याम बाबा की इच्छा तक देर रात तक कार्यक्रम चलेगा। श्याम अखण्ड पाठ में लगभग 500 महिलाएं शामिल होगी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह 04.15 बजे मंगला आरती होगी। बारस का पूजन एवं भोग सुबह 11.15 बजे लगेगा। महाप्रसाद दोपहर 01.15 (सवा एक बजे) से शुभारंभ होगा।

## संपादकीय

# प्रदूषण मुक्त पर्यटन

छह हरित गलियारों के तहत अपने ट्रांसपोर्ट नेटवर्क को पूरी तरह ग्रीन करने की मंशा रखने वाले हिमाचल को अपने आचरण की परीक्षा ले लेनी चाहिए। इसी दीपावली के पटाखों ने यह साबित कर दिया है कि हम अपनी शोहरत-दौलत और दिखावट के लिए पर्यावरण में जहर घोल सकते हैं। दिवाली गुजरने के बाद एयर क्वालिटी का सूचनांक बता रहा है कि हवा में हमारी भी सांसें अटक सकती हैं। शिमला व धर्मशाला जैसे पर्यटक शहरों में अगर हवा बिगड़ रही है, तो दिल्ली की तर्ज पर हमें भी अपने इर्द-गिर्द प्रदूषण के खिलाफ आचरण को संयमित करना पड़ेगा। बेशक प्रदेश 107 ई चार्जिंग स्टेशनों का निर्माण करके प्रदूषण के खिलाफ जंग का ऐलान कर रहा है। ई वाहनों की खरीद में सबसिडी का प्रावधान, सरकारी वाहनों में पेट्रोल-डीजल से मुक्ति व राज्य परिवहन निगम के तहत इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की तरफ प्राथमिकताओं का इजहार करके सरकार ने जो वाह वाही लूटी थी, वह दिवाली के उत्सव ने छीन ली। अब वक्त आ गया है जब हिमाचल को भी सख्ती से पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाना पड़ेगा। हिमाचल में प्रदूषण मुक्त पर्यटन की राह पर चलते हुए कई परिवर्तन करने होंगे, खासतौर पर उत्सव या इवेंट टूरिज्म के उन्मादी अंदाज को संबोधित करना ही पड़ेगा। तब हम कह पाएंगे कि इस बार पटाखों से दूर शांत परिवेश में आकर हिमाचल संग दिवाली मनाएं। जाहिर है पर्यटन के लिए हमारा सोच ईको फ्रेंडली माहौल की गारंटी जनता की ओर से ही आनी चाहिए। कम से कम दिवाली से पर्यावरण के बिगड़े मूड़ को दुरुस्त करने के लिए अब न्यू इयर सेलिब्रेशन को पूरी तरह शांत और व्यवस्थित बनाने के लिए अभी से मेहनत करनी होगी। यूं तो चर्चा यह है कि एशियन विकास बैंक के 1311 करोड़ हमारा हुलिया संवार देंगे, लेकिन एक यथार्थ यह भी है कि हम हल्के से उत्साह में भी ट्रैफिक जाम कर लेते हैं। कांगड़ा के घुरकड़ी चौक में एचआरटीसी की एक बस बीच सडक़ पर खराब क्या हुई कि मीलों लंबे जाम में छह-सात हजार वाहन फंस गए। जाहिर है ये गाडियां खड़े-खड़े तेल फूंक कर प्रदूषण फैलाती रही होंगी। दिवाली के पर्व पर ही कमोबेश हर शहर, हर कस्बे और चौराहे पर आकर ट्रैफिक व्यवस्था हांफी है और लंबे जाम की शिनाख्त में आसपास की हवा का हुलिया बदल गया। ऐसे में जब हम पांच करोड़ पर्यटकों को हिमाचल लाने का सपना देखते हैं, तो यह निमंत्रण ट्रैफिक जाम, प्रदूषण और अव्यवस्था को भी रहेगा। हिमाचल की जनता खुद भी सैलानी है। उसे भी मनोरंजन की तलाश है। उसने अपने सामर्थ्य से ही 22 लाख वाहनों का पंजीकरण करा रखा है। वह सुलाह, घुमारवीं, जोगिंद्रनगर, कुल्लू, ऊना, सोलन या नाहन के बाजार में जब वाहन लेकर उतरती है, तो कोहराम मच जाता है। यह इसलिए कि हमारे पास आधुनिक बाजार नहीं, बल्कि हर सडक़ पर हमने जंगल पाल कर जमीन गंवा दी है। हमारे बच्चों के पास दो पहिया वाहन तो हो सकता है, लेकिन खेलने को मैदान नहीं। हर शहर की चारों दिशाओं में कम से कम एक-एक मैदान विकसित कर दें, तो ये सांसें प्रदान करेंगे और हमारा बोझ भी उठा लेंगे। दिवाली के बाद सारा देश क्रिसमिस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन की दृष्टि से हिमाचल की ओर से देख रहा है। बसों और एयरलाइंस की बुकिंग, ट्रैवल एजेंसियों की यात्राओं में शिरकत और पहाड़ की सडक़ों पर अपने वाहन दौड़ाने की प्रबल इच्छा कार्यक्रम बना रही है, तो क्या यह हिमाचल की चुनौती नहीं। क्या हम अटल टनल को इस बार वाहनों के बेदर्द इम्तिहान से बचा पाएंगे। पर्यटक शहरों या यहां तक कि क्या शिमला को न्यू ईयर की भीड़ से सुरक्षित निकाल पाएंगे। ऐसे में पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व कैबिनेट रैंक से सुसज्जित आरएस बाली की युवा क्षमता को पूरा उद्योग और प्रदेश देखेगा कि वह इस बार क्रिसमिस व न्यू ईयर आगमन के उत्साह किस तरह सुविचारित व सुव्यवस्थित कर पाते हैं। ये सारे सेलिब्रेशन पर्यटक शहरों पर ही चढ़ाई न करें, इसलिए तमाम धार्मिक स्थलों के अलावा धरोहर व ऐतिहासिक स्थलों तक कैसे पहुंचे, कैसे हिमाचल के कलात्मक पक्ष का प्रदर्शन किया जाए, स्थानीय कलाकार को कैसे अवसर मिले और इस दौरान हिमाचल से संबंधित व्यापार मेले, फूड फेस्टिवल, साहसिक आयोजन और कार्निवाल कहां-कहां आयेजित किए जा सकते हैं, इसके ऊपर काम करना चाहिए। अब वक्त आ गया है जब पर्यटन, सूचना एवं जनसंपर्क तथा भाषा-संस्कृति आदि विभागों को एक किया जाए।

दीपावली के पटाखों ने यह साबित कर दिया है कि हम अपनी शोहरत-दौलत और दिखावट के लिए पर्यावरण में जहर घोल सकते हैं। दिवाली गुजरने के बाद एयर क्वालिटी का सूचनांक बता रहा है कि हवा में हमारी भी सांसें अटक सकती हैं। शिमला व धर्मशाला जैसे पर्यटक शहरों में अगर हवा बिगड़ रही है, तो दिल्ली की तर्ज पर हमें भी अपने इर्द-गिर्द प्रदूषण के खिलाफ आचरण को संयमित करना पड़ेगा। बेशक प्रदेश 107 ई चार्जिंग स्टेशनों का निर्माण करके प्रदूषण के खिलाफ जंग का ऐलान कर रहा है। ई वाहनों की खरीद में सबसिडी का प्रावधान, सरकारी वाहनों में पेट्रोल-डीजल से मुक्ति व राज्य परिवहन निगम के तहत इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की तरफ प्राथमिकताओं का इजहार करके सरकार ने जो वाह वाही लूटी थी, वह दिवाली के उत्सव ने छीन ली। अब वक्त आ गया है जब हिमाचल को भी सख्ती से पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाना पड़ेगा। हिमाचल में प्रदूषण मुक्त पर्यटन की राह पर चलते हुए कई परिवर्तन करने होंगे, खासतौर पर उत्सव या इवेंट टूरिज्म के उन्मादी अंदाज को संबोधित करना ही पड़ेगा।

## कुछ अलग

# महंगी है दाल-रोटी

हाल ही में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, मूल मुद्रास्फीति, थोक मूल्य सूचकांक की दरें घोषित की गई हैं। औसतन मुद्रास्फीति की दर लक्षित दर से कम है, लिहाजा भारत सरकार गाल बजा सकती है कि उसने महंगाई को नियंत्रित रखा है, लेकिन यथार्थ कुछ और ही है। सामान्य और आसान शब्दों में कहें, तो आम आदमी के लिए 'दाल-रोटी की मुद्रास्फीति' अब भी ज्यादा है। महंगाई अब भी काफी ज्यादा है। बेशक अर्थशास्त्र की भाषा में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक स्पष्ट करता है कि अक्तूबर में सालाना खुदरा मुद्रास्फीति 4.87 फीसदी है। यह जुलाई में 7.44 फीसदी थी, जिससे लगातार कम होती गई है। मूल मुद्रास्फीति (कोर इंफ्लेशन) 4.28 फीसदी बताई गई है, लेकिन उसमें खाद्य और ईंधन की बढ़ती कीमतें शामिल नहीं हैं। बताया गया है कि यह दर 43 माह में सबसे कम रही है। थोक मूल्य सूचकांक शून्य से 0.52 फीसदी नीचे रहा है। दावा किया जा रहा है कि अक्तूबर में खाद्य पदार्थों की महंगाई घटकर 2.53 फीसदी पर आ गई। सितंबर माह में यह महंगाई 3.35 फीसदी थी। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से लगातार शून्य से नीचे रही है, उस लिहाज से महंगाई के मोर्चे पर राहत की खबर लगातार मिल रही है, लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास इसे 'अति संवेदनशील स्थिति' मानते हैं। दरअसल खाद्य वस्तुओं की कीमतें ही बुनियादी समस्या रही हैं और वे ही महंगाई को परिभाषित करती हैं। 2024 के आम चुनाव से पहले खाद्य मुद्रास्फीति से जुड़े कुछ कठिन और चिपचिपे अवयव मोदी सरकार और आरबीआई को चिंतित कर रहे हैं। दरअसल दाल-रोटी अर्थात अनाज और दालों की खुदरा मुद्रास्फीति करीब 10.65 फीसदी है। बीते 14 महीनों, सितंबर 2022, से ही यह दहाई में रही है। दालें भी बीते पांच महीनों से दहाई की दर में महंगी रही हैं। इनकी मौजूदा मुद्रास्फीति 18.79 फीसदी है, जो अगस्त, 2016 से उच्चतम रही है। इसका मानसून से प्रत्यक्ष संबंध हो सकता है। खाद्य मुद्रास्फीति का 6.61 फीसदी पर आकलन करें, तो सामान्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से अधिक है। खाद्य के साथ-साथ सब्जियां भी हैं, जिनकी मौसमी आपूर्ति की कमी बार-बार आम नागरिक को परेशान करती है। नतीजतन जुलाई-अगस्त में टमाटर 200 रुपए किलो तक बिका और आजकल प्याज 70-80 रुपए किलो बेचा जा रहा है। यदि हम रोजाना की अपनी थाली पर गौर करें, तो अनाज, दालें, सब्जियां आदि महंगी होती जा रही हैं। यह दीगर व्यवस्था है कि एक मौसम में टमाटर, प्याज, आलू आदि की फसलें किसान को सडक़ों पर फेंकनी पड़ती हैं अथवा उन्हें नष्ट करना पड़ता है, क्योंकि उनके अपेक्षित दाम नहीं मिलते। एक मौसम में टमाटर और प्याज महंगे बेचे जाते हैं। सवाल है कि ये कीमतें कौन तय करता है? इसका अर्थशास्त्र न तो आम उपभोक्ता जानता है और न ही सरकार खुलासा करती है, क्योंकि कोई निश्चित नियामक नहीं है।

## तेलांगना और मिज़ोरम की पाँच विधान सभाओं के चुनाव में उनके लिए कुछ सीटें छोड़ देगी

# विपक्ष का गठबन्धन किस राह पर ?

**कुलदीप चन्द अग्निहोत्री**

राहुल गान्धी ने भी इस नई भूमिका के लिए रिहर्सल वग़ैरह शुरु कर दी। एक दिन ट्रक पर चढ़ कर, ट्रक ड्राईवर का अभिनय किया। दूसरे दिन रेलवे स्टेशन पर जाकर क़ुली का काम किया। उसके लिए वाकायदा क़ुली की वर्दी भी पहनी। कुछ क्षण क्षणिक खेत में जाकर ध्यान से यह भी देखा कि पौधे कैसे उगते हैं और वहाँ धूप में दो तीन मिनट फ़सल बगैरह काटने काटने का दृष्य भी पैदा किया। बाक़ी विपक्षी दल उनके ये कार्य धैर्य से देखते रहे कि कम से कम कांग्रेस राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलांगना और मिज़ोरम की पाँच विधान सभाओं के चुनाव में उनके लिए कुछ सीटें छोड़ देगी।



कुछ महीने पहले विपक्ष के प्रमुख दलों ने मिल बैठ कर एक गठबन्धन बनाया था जिसका नाम उन्होंने इंडी रखा। शुरु शुरु में दो बैठकें भी कीं। मोटे तौर पर सभी दलों ने मान ही लिया कि नेतृत्व राहुल गान्धी जी का ही रहेगा। वे ही विपक्षी दलों का मार्गदर्शन करेंगे और नरेन्द्र मोदी को पराजित करने की इच्छा को साकार करेंगे। राहुल गान्धी ने भी इस नई भूमिका के लिए रिहर्सल वग़ैरह शुरु कर दी। एक दिन ट्रक पर चढ़ कर, ट्रक ड्राईवर का अभिनय किया। दूसरे दिन रेलवे स्टेशन पर जाकर क़ुली का काम किया। उसके लिए वाकायदा क़ुली की वर्दी भी पहनी। कुछ क्षण क्षणिक खेत में जाकर ध्यान से यह भी देखा कि पौधे कैसे उगते हैं और वहाँ धूप में दो तीन मिनट फ़सल बगैरह काटने काटने का दृष्य भी पैदा किया। बाक़ी विपक्षी दल उनके ये कार्य धैर्य से देखते रहे कि कम से कम कांग्रेस राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलांगना और मिज़ोरम की पाँच विधान सभाओं के चुनाव में उनके लिए कुछ सीटें छोड़ देगी। लेकिन राहुल गान्धी क़ुली बगैरह बनने तक तो मनोरंजन करते रहे लेकिन अन्य विपक्षी दलों के लिए इन पाँच राज्यों में सीटें छोड़ने की सीमा तक मनोरंजन करने के लिए तैयार नहीं हुए। अखिलेश यादव मध्य प्रदेश में अपने समाजवादी दल के लिए सीटें माँग रहे थे। लेकिन राहुल गान्धी पैरों पर पानी नहीं पड़ने दे रहे थे। इसलिए अखिलेश यादव निराश और नाराज़, दोनों एक साथ ही हो गए। उन्होंने अपने प्रत्याशियों की फ़ौज मध्य प्रदेश में उतार दी और साथ ही कांग्रेस को खरी घोटी सुना दी। यादव ने यह संकेत भी दे दिया कि लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस जैसी चालाक पार्टी से समझौता कैसे सम्भव है? लालू जी की माँगें तो ख़त्म होने का नाम ही नहीं लेतीं। आम आदमी पार्टी के ख़ास आदमी कांग्रेस से भी चालाक सिद्ध हो रहे हैं। उनको लगता था कि इन पाँच राज्यों में कांग्रेस प्रतीक स्वरूप भी उसे कुछ सीटें छोड़ देगी तो वे कुछ अन्य प्रान्तों में भी एक दो दो विधायकों के मालिक बन जाएँगे। लेकिन कांग्रेस ने उनकी यह ख़्वाहिश पूरी नहीं की। केजरीवाल ने अपने प्रत्याशी जगह जगह खड़े कर दिए हैं। लेकिन क्या मजाल कि कांग्रेस के खिलाफ एक शब्द भी बोला हो। उसका उत्तर शायद वे पंजाब और दिल्ली में दें। यह भी हो सकता है वहाँ भी न दें। दरअसल केजरीवाल कांग्रेस के ढहने का इन्तज़ार कर रहे हैं। उनके पास लम्बा समय है। वे जानते हैं इंडी के वाबजूद कांग्रेस का महल गिरेगा ही। तब आपाधापी मचेगी। उस समय वे महल में दबे लोगों को बाँह निकालने और उनका स्वागत करने को तत्पर होंगे। परन्तु उनकी एक ही समस्या है। भ्रष्टाचार के मामले उनका पीछा नहीं छोड़ते। कहा भी जाता है कई बार बचपन की गल्तियां ताउम्र तंग करती रहती हैं। भ्रष्टाचार के मामलों में उनके प्रमुख साथी जेल में बन्द हैं। अनेक कोशिशों के बाद भी उनकी ज़मानत नहीं हो रही। सबूतों के संकेत अब केजरीवाल के घर की ओर भी आने लगे हैं। इसलिए अब वे देशभर में जनमत संग्रह करवाएँगे कि क्या जेल से ही केजरीवाल को मंत्रिमंडल चलाते रहना चाहिए या फिर उन्हें जेल जाने पर इस्तीफ़ा देना चाहिए? वैसे मनीष सिसोदिया ने भी कई महीने पहले जेल जाने पर दिल्ली के स्कूली छात्रों से अपील की थी कि वे मेरी गैरहाजिरी में इधर उधर मत घूमें अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें। उनको लगता था कि उनके डर से ही देश के छात्र पढ़ते हैं। उनके जेल जाने पर वे आवारा हो जाएँगे। यही बात केजरीवाल बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। उनको भी लगता है कि उनके जेल जाने से दिल्ली रसातल को चली जाएगी। इसलिए वे जेल से ही सरकार चलाने का जनमत लेना चाहते हैं। कांग्रेस इस जनमत पर आँख लगाए बैठी है। उनको अपने नैशनल हैराल्ड वाले केस का डर खाए जा रहा है, जिसमें माँ बेटा दोनों ही ज़मानत पर हैं। इंडी गठबन्धन के बाक़ी दल स्पष्ट हैं। उन्होंने इसका ख़ुलासा भी कर दिया है। सीता राम येचुरी सीपीएम के बड़े नेता हैं। उन्होंने कोलकाता में स्पष्ट कर दिया कि इंडी की प्राणवायु ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के साथ पश्चिमी बंगाल में कोई समझौता नहीं होगा। उसके साथ बंगाल को छोड़ कर अन्य स्थानों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर समझौता होगा। तृणमूल कांग्रेस के लोग हैरान हैं कि पार्टी तो बंगाल की है। सीपीएम बंगाल में समझौता करेगी नहीं तो क्या तृणमूल के साथ पंजाब में सीटों का बँटवारा किया जाएगा? नीतीश बाबू शुरु में ही समझ गए थे कि क्या खेला हो रहा है। भागदौड़ करके विरोधी दलों का सम्मेलन उन्होंने पटना में बुलाया था। सोचा था, उन्हें इसका संयोजक बना दिया जाएगा तो थोड़ा देश भर में घूम कर अपना ईमेज बना लेंगें कि प्रधानमंत्री बनने लाईक माल है। जेडीयू के कुछ, 'नन्हा मुन्ना राही हूँ, देश का सिपाही हूँ' टाईप गीत गाने भी शुरु कर दिए थे। देश का सिपाही थोड़ा मैडल वग़ैरह लगा कर 'प्रधानमंत्री का पद यदि देश की जनता देगी तो मैं पीछे नहीं हटूँगा' जैसे जुमले भी याद करने लगा था। लेकिन कांग्रेस के माँ बेटे ने बेंगलुरु में सारा गुड गोबर कर दिया। उनके शो को हाईजैक कर, अपना बोर्ड लगा लिया। इन पाँच राज्यों के विधान सभा चुनावों में नीतीश बाबू की जेडीयू को भी घास नहीं डाली। नीतीश बाबू को भी अपनी पार्टी के प्रत्याशी मैदान में उतारने पड़े। लेकिन चुनाव के नतीजे तो आते रहेंगे। नीतीश बाबू को इससे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ने वाला। अलबत्ता उनकी इस भागदौड़ में लालू के बेटों ने आँगन के पिछवाड़े पर कब्जा कर लिया। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का सारा श्रेय उन्होंने स्वयं लेना शुरु कर दिया। नीतीश बाबू का नाम ही गोल कर दिया। इडी में पूछ प्रतीत नहीं और लालू के बेटे पीछे से घेरने लगे तो नीतीश बाबू ने बिहार विधान सभा में ही शाब्दिक अश्लील हरकतें करनी शुरु कर दीं। विधान सभा में महिला सदस्य भी बैठीं थीं तो नीतीश बाबू सधे अंदाज़ा में अभिनय के साथ संभोग की क्रियाएँ समझाने लगे। नीतीश बाबू की यह मानसिक हालत अभी किसी को पता नहीं थी। लेकिन लगता है राजनीतिक स्थिति से निराश होकर वे स्वयं ही अपनी असलियत जाहिर करने लगे हैं। लेकिन ताज्जुब है उनके इंडी के दूसरों भागीदारों ने न तो नीतीश बाबू की इस हरकत पर क्षोभ व्यक्त किया और यदि वे मानते हैं कि वे नीतीश बाबू मानसिक निराशा में ऐसा कर रहे हैं, तो कम से कम से वे इस पर दुख ही प्रकट करते। इंडी का यह बड़ा अभियान इस हालत तक पहुँच जाएगा, इसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## गुरु नानक देव जी के 555 वे जन्मोत्सव को लेकर पांचवे दिन निकाली गई प्रभात फेरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के 555 वे प्रकाशोत्सव पर पांचवे दिन निकाली गई प्रभातफेरी। प्रभातफेरी के पांचवे दिन भी बड़ी संख्या में सिख समाज के पुरुष और महिला शामिल हुए. प्रभात फेरी में साध-संगत सबद गाते लोग चलते रहे. प्रभात फेरी में सबसे आगे सरदार त्रिलोचन सिंह हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे। अमृत वेले बोले बबीहा, आओ जीतो आओ हमारे, नही छोड़ो रे बाबा राम नाम, शब्दों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा. लोगों में प्रफातफेरी को लेकर काफी उत्साह था। प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर सुभाष चौक होते हुए बिजलियां बस स्टैंड गई वहां से बस के द्वारा ला मैरिटल होटल के बिल्डिंग के पास पंजाबी फूड प्लाजा पहुंची। सरदार सतपाल सिंह सलूजा के द्वारा साध संगत का स्वागत किया गया।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार अमरजीत सिंह जग्गी ने सरदार सतपाल सिंह सलूजा को सरोपा देकर सम्मानित किया। यहां परिवार वालों ने साथ संगत के लिए चाय नाश्ता का प्रबंध किया। प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, डॉक्टर नरेंद्र सिंह, हरपाल सिंह अरोड़ा, जोगेंद्र सिंह जग्गी इंद्रजीत जसल, जगजीत सिंह सोनी, जिगर छाबड़ा कवलजीत सिंह लांबा, हरजाप सिंह, तेजिंदर सिंह सोनी, कुलवंत मारवाह, पपींदर सिंह खंबे, जसविंदर सिंह सलूजा, गुरप्रीत चाना, जगजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह कालरा,बबलू, कमल जस्सल, अजय सिंह छाबड़ा हरदीप सिंह होरा जसकीरत सिंह भाटिया राजू कैद जसकीरत सिंह सैनी रौनक सिंह गुरजोत सिंह नरेंद्र सिंह होरा गुरदीप सिंह सैनी कमलजीत सिंह लांबा, लकी मेहरा, पलविंदर सिंह बल, इक़बाल सिंह, यश छाबड़ा, राजा कालरा, इंद्रजीत सिंह जससल, राजी गांधी, नरेंद्र सिंह गुजराल,बुग्गी जस्सल ब्रदर, देवेंद्र अरोड़ा, प्रीतम सिंह, त्रिलोचन सिंह, रज्जी गांधी, विनसी कोहली, नरेंद्र सिंह, इंद्रपाल सिंह, रवींद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, पलविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, विमला जस्साल, रानी जसल , रोमा छाबड़ा,मनप्रीत सैनी नवलजीत मल्होत्रा, लवली लांबा, बलविंदर कोर, बबली सोनी, मंजीत अरोड़ा, सुमी जोली, गुरबख्श कौर सैनी, , मनप्रीत सैनी, महेंद्र कौर, रंजीत कौर शामिल हुए।



## गिरिडीह सांसद ने गोला में बीएम सेवा सदन का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के मुरी रोड स्थित डभातू में बुधवार को गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने बीएम सेवा सदन का विधिवत् उद्घाटन फीता काटकर किया।इसके पश्चात कार्यक्रम में शामिल अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सेवा सदन के परिवार की ओर से अतिथियों को बुके देते हुए फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाज सेवी चतुर्भुज कश्यप के द्वारा किया गया। इस दौरान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि इस तरह के सेवा सदन खुलना पुरे गोला क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। पहले लोग अच्छे ईलाज के लिए रांची व दूरदराज जगहों में जाते थे लेकिन अब मरीजों के लिए हर तरह की ईलाज यहां किया जायेगा। गोला प्रखंड क्षेत्र में आज एक किसान का बेटा चिकित्सा के क्षेत्र में अपना गौरव प्राप्त किया है गोमिया में भी इनका अस्पताल है जो पुरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है। डॉक्टर जितेंद्र कुमार के घर में मेहनत के बदौलत आज चार डॉक्टर हैं जो चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी सेवा दे रहे हैं। डॉक्टर जितेंद्र कुमार ने इस सेवा सदन का नाम विशेश्वर महतो सेवा सदन रखा गया है। इस दौरान डॉक्टर जितेंद्र कुमार का कहना है कि मरीजों को बेहतर चिकिसा सेवाएं देना मेरा उद्देश्य है यहां पर मरीजों को हर तरह के सुविधा के साथ बेहतर ईलाज किया जायेगा। आज चिकित्सा के नाम पर बड़े अस्पतालों में गरीब व माध्यम वर्ग के मरीजों के साथ ठगने का काम किया जाता है लेकिन यहां संतोष जनक ईलाज किया जायेगा। सेवा सदन के अंदर हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध की गई है जिसमें डॉक्टर जितेंद्र कुमार, डॉक्टर चंचला, डॉक्टर अभिषेक कुमार, डॉक्टर उदित कुमार मुख्य रूप से सेवा देंगे। सेवा सदन में स्त्री रोग विशेषज्ञ, आदि थे।

## टोंगी क्लब में सीसीएल के पेंशन अदालत में त्रिपक्षीय समिति ने दिए आवश्यक निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के दामोदर क्लब टोंगी के प्रांगण में बुधवार को सीसीएल के द्वारा सीएमपीएफ त्रिपक्षीय समिति की बैठक में पेंशन अदालत आयोजित की गई। जिसमें अरगड्डा क्षेत्र के कोलयरी सिरका गिद्दी ए, गिद्दी सी, रेलीगढ़ा, वाशरी गिद्दी ए के दर्जनों सेवानिवृत्त मजदूरों व उनके परिजनों ने भाग लिया। पेंशन अदालत की सुनवाई में सीएमपीएफ के 17 और पेंशन के 49 समेत कई ऐसे मामले सामने आए जो लिस्ट में शामिल नहीं थे। पेंशन अदालत में मुख्य रूप से सीएमपीएफ सहायक कमिश्नर एसके प्रसाद, बोर्ड आंफ ट्रस्टी रमेन्द्र कुमार, बोर्ड आंफ ट्रस्टी डीडी रामनंदन, जीएम(पी/एसएस) हेडक्कार्टर युपी नारायण, जीएम(पी/एसएस) हेडक्कार्टर एसके तिवारी, एसएसए सीएमपीएफ ए. हेंब्रम, एसएसए सीएमपीएफ अजय कुमार, जीएम क्षेत्र सुधांशु कुमार पांडे, एसओपी एमएफ हक, मैनेजर (पी) मनीष कुमार अम्बष्ठा, डीयू एम हैडक्काटर एस.टीएम आदि उपस्थित हुए। पेंशन अदालत में पूर्व कर्मी व परिजन महेश्वरी सिंह, रमेश राम, अर्जुन पांडे, लालमन यादव, मंजू देवी, सोनम देवी, कौशल्या देवी, दीपक घांसी आदि ने अपनी समस्याएं रखी। इसे जानने के बाद बीओआई रमेंद्र कुमार, बीओआई डीडी रामनंदन ने कहां कि एनसीडब्ल्यू 10, एनसीडब्ल्यू 8 के मामले सामने आ रहे हैं। इसमें कई लोगों का पेंशन ही शुरू नहीं हुआ। सीएमपीएफ का पैसा नहीं मिला। नाम में डिफरेंस सामने आ रहा हैं। जो प्रबंधन के घोर लापरवाही को दर्शाता हैं। चिट्ठी जारी करने के बाद चार से भी अधिक दफा क्लेम करने के बाद लिस्ट में नाम तक अंकित नहीं हो पाया हैं। जो बड़ी भूल को दिखाता हैं। क्षेत्र के सिरका समेत कई पर्सनल विभाग के अधिकारियों को लापरवाही और निष्क्रियता पर कार्रवाई क्यों ना की जाए इसके बारे में भी चेताया गया। वहीं जीएम सुधांशु कुमार पांडे ने भी पर्सनल विभाग के रवैया को लेकर प्रबंधन की ओर से गड़बड़ियां को ठीक करने का सख्त निर्देश फटकार लगाते हुए दिया। अदालत में पहुंचे कई मजदूर व परिवार के लोगों ने बताया कि हम लोगों को कोलयरी कार्यालयो के कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल कागजात जुटाने और निकालने में लगे हुए रहना पड़ता हैं।



## रिश्वत मामले को लेकर उपायुक्त ने निर्देशक को लिखा पत्र

## कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद द्वारा कराए गए जांच में संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए सीएलटीसी करण साहू


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सरकारी योजना का लाभ दिलाने हेतु रिश्वत लेने संबंधित वायरल वीडियो मामले में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ मनीष कुमार द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रतिवेदन के आलोक में उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा निदेशक नगरीय प्रशासन, निदेशालय झारखंड रांची को नगर परिषद कर्मी करण साहू(सीएलटीसी) की सेवा समाप्त करने अथवा उनके स्थान पर किसी अन्य को रामगढ़ जिले में प्रतिनियुक्ति करने को लेकर पत्र लिखा गया है।गौरतलब होकि उपायुक्त के निर्देश के आलोक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ द्वारा कराए गए जांच में सामने आया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ देने हेतु 21/05/ 2022 को एकरारनामा होने के उपरांत भी लाभुक को प्रथम किस्त का भुगतान 18/08/2023 को किया गया। वायरल हुए वीडियो के अनुसार रिश्वत प्राप्त करने के उद्देश्य से ही प्रथम किस्त के भुगतान में विलंब किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए गए जांच प्रतिवेदन में बताया गया है कि प्रथम दृष्टया करण साहू (सीएलटीसी) रामगढ़ एवं चिंतामन महतो निवर्तमान वार्ड पार्षद वार्ड संख्या 6 द्वारा रिश्वत लेने या रिश्वत देने के प्रति प्रोत्साहित करना प्रतीत होता है। इसके लिए कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा प्राथमिकी भी दर्ज कराई जा चुकी है वहीं शिकायतकर्ता द्वारा दिनांक 17/11/ 2023 को करण साहू द्वारा शिकायत वापस लेने तथा बयान बदलने को लेकर भी दवाब बनाए जाने से संबंधित पत्र दिया गया है। इन सब के अलावा जांच में यह भी सामने आया है की नगर प्रबंधक नगर परिषद रामगढ़ सह नोडल पदाधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) कुमार अनुराग के कार्यालय कक्ष में लगभग 200 लाभुकों की विभिन्न किस्तों के भुगतान की संचिका अनुशंसा नहीं किए जाने के कारण 3 महीने से लंबित है। मामले में कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा श्री कुमार अनुराग को स्पष्टीकरण किया गया है।



## बेलगाम चोरों ने भदानीनगर चैनगढ़ा मॉडर्न हाई स्कूल में दिया चोरी की घटना को अंजाम

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भदानीनगर थाना क्षेत्र चैनगढ़ा मॉडर्न हाई स्कूल में बीती रात घात लगाए चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। स्कूल परिवार को इसकी जानकारी तब हुई जब स्कूल के आफिस के ताला टूटा पाया गया और देखा कि आफिस का कंप्यूटर यूपीएस प्रिंटर एवं सीपीयू वाय-फाय रायटर सीम इत्यादि सामान की चोरी की गई। जिसके बाद भदानीनगर ओपी में लिखित शिकायत दर्ज किया गया वहीं घटनास्थल पर पुलिस जांच पड़ताल कर चोरों का पता करने में जुट गई है।बताते चलें कि मॉडर्न हाई स्कूल सरकारी स्कूल है और इस स्कूल का सारा डाटा कंप्यूटर थी जिससे स्कूल परिवार को परेशानियों का सामना कर पड़ेगा। पतरातु सर्किल क्षेत्र में लगातार चोरी से जिला पुलिस के लिए चुनौती बना चोरी की घटना को रोकना।



## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत उपायुक्त ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के आलोक में 24 नवंबर 2023 से 29 दिसंबर 2023 तक आयोजित होने वाले आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।जागरूकता वाहन द्वारा जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित पंचायतों व गांवों में जाकर आम जनों को ÷आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार÷ कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले शिविरों, उनके स्थान एवं शिविर के दौरान आम जनों की समस्याओं को लेकर लगाए गए विभिन्न स्टॉल आदि के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर असीम कुमार, एसएमपीओ विक्रम सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय खेल संचालन समिति की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खेल संचालन समिति की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव जिला स्तरीय समिति द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।सिमरिया प्रखण्ड स्थित सिमरिया स्टेडियम में फुटबॉल (बालक/बालिका) खेल हेतु आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का निर्णय लिया गया।चतरा सदर में स्थित इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन (बालक/बालिका) खेल हेतु डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का निर्णय लिया।चतरा सदर स्थित राज्य सम्पोषित +2 उच्च विद्यालय चतरा में वॉलीबॉल (बालक) खेल हेतु डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का निर्णय लिया।सिमरिया प्रखण्ड स्थित उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय लेपो में हॉकी (बालक/बालिका) खेल हेतु डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का निर्णय लिया।चतरा सदर प्रखण्ड स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम चतरा में फुटबॉल (बालिका) खेल हेतु आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का निर्णय लिया गया। गिद्धौर प्रखण्ड स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में एथलेटिक्स एवं हॉकी (बालक/बालिका) खेल हेतु डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का निर्णय लिया।सर्वसम्मति से पारित इन सभी प्रस्ताव को उपायुक्त अबु इमरान ने जिला क्रीड़ा पदाधिकारी चतरा को निदेशक खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखण्ड रांची को भेजने का निर्देश दिया।बैठक में प्रभारी पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी विजय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ चतरा चन्द्रेश शर्मा, सचिव जिला ओलंपिक संघ राकेश सिंह समेत अध्यक्ष एवं सचिव फुटबॉल संघ चतरा उपस्थित थे।

## कृषि विभाग ने 55 किसानों के बीच सब्सिडी पर किया पम्प सेट वितरण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड के बानासांडी पंचायत भवन में कृषि विभाग द्वारा पम्प सेट का वितरण केवल 4 पंचायत के लाभुकों के बीच किया गया। जसमें बानासांडी, सबानों, डाड़ी, और केवटा, पगार पंचायत का नाम शामिल है। वितरण में पम्प सेट के साथ डिलेवरी फिता आदि 50 प्रतिशत सब्सिडी में दिया गया। यह वितरण वर्ष 2021/2022 में किसानों के द्वारा कृषि विभाग से फॉर्म भर कर पम्प सेट की मांग की थी। इसी के आलोक में कृषि विभाग ने महज चार पंचायत के कुल 55 किसानों के बीच पम्प सेट वितरण किया गया है। जबकि सिमरिया प्रखण्ड में 17 पंचायत है। उसमें 13 पंचायत के किसान सरकार के द्वारा चलाया गया महत्वकांक्षी योजना से किसान वंचित हो रहे हैं। क्या बाकी किसानों का यह योजना का लाभ या सब्सिडी का लाभ मिल पाएगा यह बड़ी बात है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक सम्पन्न



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम कल्याण विभाग अंतर्गत जुड़े वनपट्टा से संबंधित अनुमंडल स्तरीय वन अधिकारी समिति द्वारा प्राप्त कुल तीन प्रस्ताव की समीक्षा करते हुए तीनों प्रस्तावों का त्रुटि निराकरण करने का निर्णय सर्वसम्मती से जिला स्तरीय वनाधिकार समिति द्वारा लिया गया। वहीं राजस्व शाखा चतरा में टंडवा अंचल अंतर्गत ग्राम फुलवरिया, टेकठा, कबरा एवं नावाडीह में प्रस्तावित पीएफटी कोल वाशरी निर्माण तथा भारत माला परियोजना अंतर्गत वाराणसी-कोलकत्ता एक्सप्रेसवे निर्माण हेतु हंटरगंज अंचल एवं सिमरिया अंचल अंतर्गत शेष अपयोजित गैर मजरूआ जंगल, जंगल झाड़ी भूमि का एफआरए, एनओसी निर्गत करने का निर्णय सर्वसम्मती से लिया गया। ताकि भारत माला परियोजना व पीएफटी कोल वासरी निर्माण कार्य ससमय पूर्ण हो सके। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव, सिमरिया के अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर दास, प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी विजय कुमार, वनाधिकार समिति के सदस्य समेत अन्य सभी सबंधित उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस के किसान सखी, पशु सखी के साथ अधिकारियों ने किया मासिक बैठक



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित आजीविका संसाधन केंद्र ऑफिस में आजीविका किसान सखी, पशु सखी के साथ जेएसएलपीएस के अधिकारियों ने मासिक बैठक किया। जहां कई बिंदुओं पर चर्चा की गई?। बैठक की अध्यक्षता एफटीसी अनिल प्रजापति ने किया। संचालन सीसी दिलीप कुमार के द्वारा किया गया। उपस्थित महिलाओं से महीने भर के कार्य की जानकारी ली गई। एवं समूह से जुड़े किसान को जैविक तरीके से खेती करने के लिए प्रेरित करने की बातें उपस्थित किसान सखी और पशु सखी को कही गई। प्रखंड के अंतर्गत होने वाले आपकी योजना आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत लगने वाला शिविर के तहत स्टॉल में जैविक खाद दवा एवं जैविक खाद्य दवा से उपजाए हुए सब्जियां लाने की बात कही गई। मौके पर उपस्थित अरुण कुमार सुमन कुमारी विजय रजक योगेश्वर कुमार महिलाएं नीलम कुमारी पिंकी देवी अंजू कुमारी प्रतिमा कुमारी दुलारी देवी सुमा कुमारी ललिता कुमारी सुनीता देवी मालती देवी रजन्ती देवी एवं दर्जनों किसान सखी और पशु सखी उपस्थित थी।

# विद्यालय के लिए चिह्नित भूमि पर सीमांकन, जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत अक्सी पंचायत के सरनाडीह ग्राम में पूरे क्षेत्र के आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के मंतव्य से भारत सरकार द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया जाना है। जिसे लेकर चिन्हित की गई भूमि पर अंचल निरीक्षक गौतम कुमार की उपस्थिति में अमीन हैदर अंसारी के द्वारा भूमि की मापी कर सिमांकन कर लिया गया है। जहां कुछ ही दिनो करोड़ों रुपए की लागत से विशाल खेलकूद मैदान, छात्र एवं छात्राओं के लिए छात्रावास चाहरदीवारी, प्रधानाचार्य, वार्डन समेत विद्यालय कर्मियों हेतु आवास और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य अगले ही हफ्ते शुरू कर दिया जाएगा। हिन्दुस्तान स्टील वर्क कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कम्पनी के द्वारा कार्य कराया जा रहा है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के निर्माण के लिए चिह्नित भूमि पर सीमांकन के दौरान हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कम्पनी के पदाधिकारी, रनधीर सिंह, अंचल निरीक्षक गौतम कुमार, थाना प्रभारी इंचार्ज रतन टुडू, अमीन हैदर अंसारी, पुलिस बल के जवान एवं गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

# पशु चिकित्सा केंद्र से ब्रॉयलर कुक्कुट चुजों का किया गया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सालय मे मुख्य मंत्री पशुधन विकास योजना के तहत, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशिला बागे, बीस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, राजसभाय सांसद प्रतिनिधि रिगन ने संयुक्त रूप से चार लाभुकों के बीच पांच पांच सौ बायलर कुक्कुट चुजों के साथ आवश्यक सामग्री का वितरण किया। इस संबन्ध मे डॉ सुशिला बागे ने बतायी कि प्रखंड क्षेत्र के तीन लाभुक सारो देवी ग्राम बेसरा, रुवी देवी, व पुनम देवी ग्राम टुन्डाहुटु के बीच पांच पांच सौ बायलर कुक्कुट चुजों का पालन हेतु वितरण किया गया। इन लाभुकों को योजना वित्तीय वर्ष 2021-22 में स्वीकृत हुआ था एवं रमेशर उरांव ग्राम बेसरा को पांच सौ चुजें दी गई, इनको योजना वित्तीय वर्ष 2020-21 के अंतर्गत स्वीकृत हुआ था। डॉ बागे ने लाभुकों को इसके देखभाल व रखरखाव के संबन्ध मे भी जानकारी दी. वही राजेन्द्र गंझु ने कहा कि यह सरकार की महत्वकांशी योजना है। यह योजना लोगों को सवालंवी बनाने के लिए चलायी जा रही हैं इसके अंतर्गत लाभुकों को 50 प्रतिशत अनुदान पर चुजें दिया गया है। आशा है लाभुक इस योजना का लाभ उठवाकर स्वालंबी बनेगे अपना आय बढाएंगे। मौके पर पशु चिकित्सा कर्मी सरजु पासवान, विनोद बैठा, दिलिप सिंह व शिवनाथ यादव उपस्थित रहे।

## युवा राजद अध्यक्ष ने प्रखण्ड कमेटी का विस्तार व पंचायत कमेटी का किया गठन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रीय जनता दल पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतर चुकी है। वहीं राजद कार्यकर्ता जी जान से पार्टी को मजबूत बनाने में जुट गए है। उधर भाजपा के कद्दावर नेता सह मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी रघुपाल सिंह के राजद में आने के बाद पार्टी जमीनी स्तर पर काफी मजबूत दिखाई दे रही है। इधर राष्ट्रीय जनता दल के बरवाडीह प्रखण्ड युवा अध्यक्ष मोहित कुमार उर्फ मिठू ने बरवाडीह प्रखण्ड युवा राजद कमेटी का विस्तार करने के साथ- साथ सभी पंचायतों में पंचायत अध्यक्षों की भी घोषणा कर दी है। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्षों को संगठन को धारदार बनाने की जिम्मेवारी भी दी है। इस संबंध में राजद प्रखण्ड युवा अध्यक्ष मोहित कुमार ने बुधवार को प्रेस ब्यान जारी किया है। जिसमें युवा राजद के प्रखण्ड सचिव शंकर यादव, सह सचिव जितेंद्र यादव, उपाध्यक्ष कलाम अंसारी और शहाबुद्दीन अंसारी, महासचिव संजय प्रसाद, महामंत्री विजय ठाकुर, मीडिया प्रभारी संजय वर्मा, कोषाध्यक्ष जनता पाल तथा छात्र मोर्चा का अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद को बनाया है। इसके अलावा पंचायत अध्यक्षों में केचकी पंचायत अध्यक्ष के रूप में सरफराज अंसारी के साथ- साथ हाशिम अंसारी को पोखरी, संतु सिंह बेतला, जगरुद्दीन अंसारी बरवाडीह, दिलीप यादव खुरा, मुकेश राम कुचिला, रवि शर्मा मोरवाई, विजय यादव छिपादोहर, जोजो खलको कैड़, खुशबुद्दिन अंसारी हरातु, अर्जुन यादव उकामाड़, विनोद लकड़ा लात और बसंत राम को छेंचा पंचायत अध्यक्ष बनाया गया है। मोहित कुमार ने बताया कि प्रखण्ड में पार्टी और संगठन में मजबूती लाने के उद्देश्य से प्रखंड कमेटी का विस्तार करते हुए युवाओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गयी है। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी पद पर रहकर राष्ट्रीय जनता दल के निति और निर्देश को ग्रामीण स्तर पर उतारने का कार्य करेंगे।

## जबरन जमीन में मिट्टी गिराकर मारपीट करना निंदनीय : अमित पाण्डेय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के तुबेद स्थित डीवीसी द्वारा संचालित कोल माइंस में नेवाड़ी के कुछ ग्रामीण जलावन के लिए कोयला लेने गए थे इसी क्रम में प्रशासन के द्वारा उन लोगों के साथ मारपीट की घटना हुई। घटना की सूचना पाकर आजसू जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय नेवाड़ी स्थित ग्रामीणों से मिले मारपीट में घायल विकास ठाकुर ने बताया कि मेरे जमीन में जबरन मिट्टी गिरा दिया गया था उसको हटाने को तीन दिन से कर्मियों को कह रहे थे वहीं अपनी जमीन में गिरे हुए मिट्टी में कोयले को जलावन के लिए चुन रहे थे इसी क्रम में प्रशासन के लोग आकर मेरे साथ डंडे से मारपीट किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह घटना निंदनीय है। डीवीसी और प्रशासन के द्वारा जलावन के लिए कोयला ले जाने से रोकना एवं मारपीट करना किसी प्रकार से सही नहीं है। कल लातेहार एसपी से मिलकर मामले में संज्ञान लेने को लेकर आवेदन दिया जाएगा और जो मारपीट की घटना में शामिल है उन पर कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। मौके पर जिला प्रवक्ता नितेश पाण्डेय राकेश सिंह विकाश ठाकुर ललन सिंह निकेश सिंह अंकित कुमार मो सागर अनुज अर्णव प्रवीण दुबे आदि लोग उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस के तहत किसानों के बीच किया गया सब्जी बीज किट का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत संचालित आजीविका संसाधन केंद्र के तहत किसान सखी में जुड़े महिलाओं के बीच सब्जी बीज किट का वितरण बुधवार को किया गया। यह कार्य जेएसएलपीएस के बीपीएम अभिषेक कुमार के निर्देशानुसार वितरण किया गया। अधिकारियों ने बताया कि गांव से जुड़े समूह के दीदी के बीच सब्जी बीज किट का वितरण करना है। अधिकारियों ने आगे बताया कि किसान दीदी के द्वारा समूह के दीदी से किसान रजिस्ट्रेशन के लिए प्रत्येक वर्ष प्रति दीदी से 50 की दर से जमा करवाया जाता है। जिसका लाभ दिया जा रहा है। मोके पर उपस्थित अनिल प्रजापति दिलीप कुमार अरुण कुमार विजय राजक युगेश्वर कुमार महिलाएं रेखा देवी अंशु देवी अंजू देवी नीलम कुमारी मालती देवी एवं दर्जनों महिला थी।

## शोक संतप्त परिजन से किये मुलाकात चतरा पूर्व विधायक जनार्दन पासवान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हंटरगंज :** प्रखण्ड के हंटरगंज पंचायत औरु ग्राम काशीकेवाल निवासी सुभाष पासवान के पुत्र युवराज कुमार उम्र 14 वर्ष जो संजोन हाई स्कूल मांडर नावाटाड़ राँची में पढाई कर रहा था, स्कूल के शिक्षक पर अपराध की आसंका बतलाया जा रहा है। मृत होने के 12 घंटे वाद परिजन को सूचित किया गया। शोक संतप्त परिजन से मिले और संतावना दिये, चतरा पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, अनशुचित् जाती मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम, विशाल बाल्मीकि, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गुंजीत कुमार सिंह, रंजय भारती, सुमन सौरभ, सुबेदार पासवान, दिलीप पासवान, संजय पासवान, वीरेंद्र सिंह, नागेंद्र यादव, एवं अन्य महानुभव लोग शामिल हुए।

# अडानी हो या जिदानी सबको लाठी से खदेरेंगे और स्थानीय लोगों को ही मिलेगा काम का मौका : पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** पूर्व केंद्रीय मंत्री सह चतरा के पूर्व सांसद नागमणि ने कहा है कि अडानी हो या जीदानी सबको लाठी से खदेड़ कर रहेंगे और स्थानीय लोगों को काम करने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि सीसीएल की मगध, आम्रपाली सहित चतरा संसदीय क्षेत्र के सभी कोल परियोजनाओं में काम का मौका सिर्फ स्थानीय लोगों को मिलेगा। चतरा जिला मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि ने चतरा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने की भी घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि पिछले 10 वर्षों से चतरा संसदीय क्षेत्र में विकास योजनाएं पूरी तरह तप हो गई है ।लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है,जबकि बड़ी-बड़ी कंपनियां यहां काम करके करोड़ों रुपया मुनाफा कमा रही है। इसके साथ ही चतरा में फील्ड फायरिंग रेंज की घोषणा होने से पूरे क्षेत्र के लोगों में मर्माहत का माहौल है। उन्होंने बताया कि चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से फील्ड फायरिंग रेंज को नहीं बनने देंगे। स्थानीय परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि ने वर्तमान सांसद सुनील कुमार सिंह पर भी तीखी आलोचना करते हुए कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र में बड़ी-बड़ी कोल परियोजनाएं होने के बावजूद भी स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिलता है और न ही अब तक कोई बड़ी फैक्ट्री लग पाया है जिससे लोगों को रोजगार मिले सके। उन्होंने बताया कि चतरा - टोरी - गया रेलवे लाइन के लिए मंजूरी दिलाने का काम भी उनके ही कार्यकाल में हुआ था,बावजूद अब तक चतरा - टोरी - गया रेलवे लाइन पर अब तक कोई काम नहीं हो पाया है। इससे चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता काफी परेशान है और वर्षों से यह मांग उनकी आज तक अधूरी रही है। गौरतलब है कि नागमणि चतरा से सांसद रहे हैं और अटल बिहारी वाजपेई सरकार में केंद्रीय मंत्री भी बने। इस दौरान भी फील्ड फायरिंग रेंज का मामला आया था लेकिन उनके प्रयास से फील्ड फायरिंग रेंज का नहीं बन पाया। गौरतलब है कि चतरा के तत्कालीन सांसद नागमणि ने फील्ड फायरिंग रेंज के विरोध में संसद में ही आत्मदाह करने की घोषणा कर डाली थी, जिसके कारण फील्ड फायरिंग नहीं बन पाया था। लेकिन एक बार फिर चतरा संसदीय क्षेत्र में फील्ड फायरिंग रेंज की आहट गूंजने लगा। उसके बाद नागमणि अपने समर्थकों के साथ पूरे संसदीय क्षेत्र का लगातार दौरा कर रहे हैं और अब उन्होंने यह घोषणा भी कर दी है कि चतरा संसदीय क्षेत्र से 2024 का चुनाव में भाग्य जरूर आजमाएंगे। उन्होंने कहा बताया कि यदि जनता का आशीर्वाद मुझे मिलता है तो अडानी जैसी बड़ी कंपनियां को भी कोल परियोजना में काम नहीं मिलेगा।

# उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर अपर समाहर्ता ने जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का किया समीक्षा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, मेगा प्रोजेक्ट, भू अर्जन समेत अन्य से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा की गई। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक में सर्वप्रथम अपर समाहर्त्ता ने पूर्व की बैठक में दिए गये निर्देश के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए सभी परियोजनाओं में चलने वाले वाहनों में स्पीड लिमिट मशीन लगाने का निर्देश दिया था जिसे लेकर संबंधित द्वारा जानकारी दिया गया की कार्यवाही की जा रही है। नगर परिषद क्षेत्र में ट्रैफिक की समस्या से निजात के लिए पूर्व की बैठक में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को पार्किंग स्थल चिन्हित करने व सड़क की मापी करने का निर्देश दिया जिसके आलोक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने जानकारी दिया कि नगर परिषद द्वारा प्रगति प्रतिवेदन अप्राप्त है। इसपर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण पृच्छा के माध्यम से जवाब मांगने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने कहा चतरा प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी बाजार क्षेत्र में सड़क पर वाहन खड़ा करने वाले लापरवाह वाहन चालक एवं वाहन मालिक के ऊपर कार्रवाई करें। निरंतर ऐसा देखा जा रहा है कि सड़क पर लोग वाहन खड़ा कर देते है जिसके कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार ने बताया कि वैसे व्यक्ति जो सड़क दुर्घटना स्थल से घायल व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचाते है। उन्हें इस नेक कार्य के लिए प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। इसे लेकर अपर समाहर्त्ता ने सभी थाना प्रभारी सभी अंचल अधिकारी एवं सिविल सर्जन चतरा को चिन्हित कर योग्य लाभुकों को नियमानुसार लाभान्वित करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा वैसे मार्ग जहां रोड पर पेड़ है और आए दिन इस स्थल पर सड़क दुर्घटनाएं होती है।वैसे स्थल को चिन्हित करते हुए सभी संबंधित आपस में समन्वय स्थापित कर नियमानुसार कार्रवाई करें। आपदा प्रबंधन अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा एवं कोविड-19 से संबंधित लंबित प्रस्ताव कि विवरणी की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में सभी मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा जिले में चल रहे मेगा प्रोजेक्ट को लेकर अद्यतन प्रगति की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया गया। मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा भूमि अधिग्रहण के पश्चात रैयतों को मुआवजा भुगतान, वन विभाग से जुड़े मामले, एन0ओ0सी, एफ आर ए, रैयती मान्यता, अवार्ड, जीएम लैंड समेत अन्य मामलों की जानकारी लेते हुए अपर समाहर्त्ता ने संबंधित अधिकारियों को अपने स्तर से मामलों की समीक्षा कर जल्द उन मामलों का निपटारा करने का निर्देश दिया। जिससे कि रैयतों को ससमय भुगतान हो सके एवं जिले में सभी प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। वहीं सभी निर्माणाधीन कार्यों में उन्होंने निर्देशित करते हुए कार्य में गति लाने का निर्देश दिया जिससे संचालित सभी कार्य को ससमय पूर्ण कराया जा सके। समीक्षा के दौरान कुछ मामलों में रैयतों से बात कर मुआवजा समेत अन्य प्रक्रिया पूर्ण करने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### खेरोन निवासी महावीर सिंह व छोटकी बरही निवासी बिशुनी देवी के आकस्मिक निधन से शोक की लहर

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत खेरोंन गांव निवासी 83 वर्षीय महावीर सिंह व रसोईया धमना पंचायत के छोटकी बरही गांव निवासी वरिष्ठ समाज सेवी वासुदेव साहू के धर्मपत्नी बिशुनी देवी का आकस्मिक निधन हो गया। इनके निधन से पूरे गांव में शोक की लहर है। लोगों ने बताया कि महावीर सिंह का तबीयत खराब चल रहा था, जिनका इलाज रांची के अस्पताल में किया जा रहा था। मुखाग्निक उनके इकलौते पुत्र रंजीत सिंह ने दिया। वहीं अंतिम संस्कार में जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, केदारुत मुखिया विशेश्वर यादव, समाज सेवी प्रद्युमन सिंह आदि मौजूद थे। वही जानकारी के अनुसार बिशुनी देवी भी काफी दिनों से बीमार चल रही थी, इनका निधन मंगलवार को ही हो गया था। लेकिन अंतिम संस्कार बडाकर नदी मुक्ति धाम में बुधवार को किया गया। इनके अंतिम यात्रा में सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू, समाजसेवी जगन्नाथ साहू, वासुदेव साहू, सरयू साहू, विजय साहू, सुखदेव साहू, रामखेलावन साहू, खेमलाल साहू, बीरेंद्र कुमार, राजू कुमार, सत्येंद्र कुमार, विकास कुमार, सुरेंद्र कुमार, रोहित साहू, इंद्रदेव गुप्ता, सिकंदर कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### आज लगेगा बरही प्रखंड कार्यालय में दिव्यांग शिविर

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला कल्याण शाखा के द्वारा एडीपीआई योजना के तहत दिव्यांगों को राहत प्रदान करने के लिए 23 नवंबर को बरही प्रखंड कार्यालय में मूल्यांकन शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें बरही अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम द्वारा दिव्यांगजनों का जांचोपरांत आवश्यक उपकरण निशुल्क व्यवस्था की जाएगी। शिविर में दिव्यांगों को शामिल होने की अपील करते हुए उन्हें दिव्यांगता की प्रदर्शित करते हुए एक फोटो, आय प्रमाण पत्र व आवासीय प्रमाण पत्र अथवा वोटर कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड का छाया कापी और दिव्यांगता प्रमाण पत्र साथ लाए जाने को कहा गया है। वहीं शत प्रतिशत दृष्टि बाधिता लोगों को मैट्रिक या उच्च डिग्री का प्रमाण पत्र का छाया प्रति साथ में लाना होगा।

### सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओ को सीधा जनता तक पहुचाने का होगा प्रयास : झामुमो

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा प्रखंड समिति द्वारा प्रेस बयान जारी किया गया है। जिसमें कहा गया कि झारखण्ड सरकार के द्वारा 4 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू कर रही।तथा पतरातू प्रखंड के 42 पंचायत में झामुमो के सभी स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने ग्राम पंचायत शिविर में उपस्थिति होना अनिवार्य है। तथा सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को सीधा जनता तक लाभ पहुचाने में मदद करने का निर्देश है। जैसे अबुआ आवास योजना,सिंचाई योजना,किसान क्रेडिट कार्ड,जाती प्रमाणपत्र,जन्म प्रमाणपत्र,आय प्रमाणपत्र,सावित्री बाई फ़ूलों योजना,मुख्यमंत्री पशु धन योजना और आधार कार्ड आदि अनेकों योजना का लाभ शिविरों में समाधान होगा इस बात कि जानकारी प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र बेदिया,सचिव उदय अग्रवाल,वीरेंद्र यादव और इस्लाम अंसारी ने दिए ।

### शोक सभा का हुआ आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , कुम्हारटोली ,हजारीबाग की पूर्व छात्रा निकिता राज के आकस्मिक निधन होने से विद्यालय में शोकसभा का आयोजन हुआद्य विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पूर्व छात्र निकिता कुमारी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया द्य विद्यालय के प्राचार्य, आचार्य बंधु-भगिनी एवं विद्यालय में पढ़ने वाले भैया- बहनों एवं ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर नम आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित किए द्य विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव ,संजय उपाध्याय , समिति के अन्य अधिकारियों एवं विद्यालय के आचार्य बंधु- भगिनी ने भी पूर्व छात्रा निकिता राज के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की है द्य निकिता राज के पिता अजय कुमार महतो, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , कुम्हारटोली ,हजारीबाग में आचार्य हैं द्य निकिता राज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली हजारीबाग से 2016 में दसवीं की परीक्षा पास की थी ।

### प्रकाश पर्व पर सिख समुदाय के द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी का हजारीबाग यूथ विंग ने किया स्वागत

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समुदाय के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम के साथ गुरुद्वारा परिसर से प्रभात फेरी प्रातः काल में निकाली जा रही है। जो शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करती है और पुनः गुरुद्वारा परिसर पहुंचकर समाप्त होती है इस बीच शहर के कई सामाजिक संस्था तथा कई समाज के द्वारा प्रभात फेरी का स्वागत किया जाता है इसी बीच बुधवार को प्रभात फेरी का जत्था बड़ा बाजार चौक पहुंचा जहां पर शहर के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा फूलों की वर्षा एवं अल्पाहार के साथ सिख समुदाय के लोगों का स्वागत किया गया। सिख समाज के वरिष्ठ सदस्यों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया इसके पश्चात सिख समुदाय के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हजारीबाग यूथ विंग के प्रति आभार जताया। 27 नवंबर को गुरुद्वारा परिसर आने का आमंत्रण दिया,जिसके पश्चात हजारीबाग यूथ विंग के अभिभावक स्वरूप सुरेंद्र खण्डेलवाल ने अपने प्रतिष्ठान पर अरदास करवाया। कहा जाता है कि सिख समुदाय द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी का अरदास हर कोई को करवाना चाहिए। प्रभात फेरी में भारी संख्या में महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग ढोलक बजाते सब कीर्तन करते हुए चल रहे थे। ज्ञात हो की हजारीबाग यूथ विंग हर समुदाय के साथ सदैव खड़ा रहता है पिछले कुछ दिन पूर्व मुस्लिम समुदाय के रमजान पर्व पर तरबूज एवं मोहर्रम पर्व पर जूस का वितरण किया गया था इसके अलावा अन्य समाज के त्योहारों में भी अपनी भूमिका अदा की जाती है। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की हजारीबाग यूथ विंग हर समुदाय के लोगो के साथ खड़ा है। इसी दृष्टिकोण से आज सिख समुदाय द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत किया गया है।

### खास महाल जमीन पर हो रहे अतिक्रमण पर उपायुक्त ने लिया संज्ञान, ध्वस्त कर कराया अतिक्रमण मुक्त

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार हजारीबाग के थाना संख्या 157 भवन पट्टा होल्डिंग संख्या 302, प्लॉट संख्या 872/1235,873/ 1336 एवं 893/1337, रकवा क्रमशः 0.25 एकड़,0.15 एवं 0.10 एकड़ कुल रकवा 0.50 एकड़ भूमि के दक्षिणी भाग पर अवैध रूप से चाहरदिवारी का निर्माण किए जाने की प्राप्त सूचना के आधार पर प्रशासन की चार सदस्यीय गठित टीम के द्वारा उक्त भूमि पर कारवाई करते हुए अतिक्रमण मुक्त कराया गया। गौरतलब है कि यह लीज भूमि मोहम्मद अहसान पिता स्वर्गीय मोहम्मद सामुएल के नाम से दिनांक 31 मार्च 2008 तक नवीकृत था एवं लीज की अवधि समाप्त हो चुकी थी। लीज नवीकरण नहीं होने की स्थिति में यह भूखंड सरकार की संपत्ति घोषित हो जाती है। उपरोक्त के आलोक में अवैध रूप से चहारदीवारी निर्माण करने वाले के विरुद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करने की कारवाई की गई है।

## कांग्रेस नेता डॉ आरसी ने बरकट्ठा विधानसभा भ्रमण में कहा,खिचड़ी के जगह छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रमंडलीय वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने हर घर कांग्रेस कार्यक्रम के तहत, किया बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पंचायत एवं गांवो का भ्रमण के दौरान अनेको लोगों की समस्याएं सुने। डॉ मेहता ने कहा कि 2014 के बाद रघुवर शासन काल में ग्रामीण स्तर के सरकारी स्कूल को मर्ज कर पंचायत स्तरीय करना झारखंड के ग्रामीण बच्चों के भविष्य विनाशक तानाशाही फरमान



था ,जो रघुवर सरकार के लिए आत्मघाती साबित हुआ। पूर्व में हर गांव में एक सरकारी स्कूल हुआ करता था ,जिसे रघुवर सरकार एकाएक पंचायत स्तरीय मर्ज करके प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने के लिए गरीब किसान मजदूर के बच्चों को मजबूर किया। पंचायत स्तरीय स्कूलों को भी खिचड़ी स्कूल के रूप में परिवर्तित कर दिया, अब सरकारी स्कूलों में असहाय सर्वहारा बच्चे पढ़ रहे है। हेमंत सरकार द्वारा बंद किए गए सभी स्कूलों को दोबारा खोलने का आदेश स्वागत योग्य है। झारखंड सरकार से निवेदन है की खिचड़ी के जगह बच्चों को स्कॉलरशिप दे एवं प्राइवेट स्कूलों के जैसा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। सरकारी कार्यक्रम में सरकारी शिक्षकों को नहीं लगावे।

## बड़कागांव विधायक पर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने का मुकदमा दर्ज करें हजारीबाग जिला प्रशासन : पूनम साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव विधानसभा सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूनम साहू ने बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद और उनके पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के द्वारा हजारीबाग शहर की एक बेसकीमती जमीन पर अवैध कब्जे की कड़े शब्दों में निंदा की है। साथ ही साथ हजारीबाग प्रशासन को 24 घण्टे का अल्टीमेटम देते हुए तुरंत मामले पर केस दर्ज करने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति में 24 घण्टे के अंदर विधायक एवं पूर्व मंत्री पर केस ना होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी भी प्रसाशन को दी है। मामले पर जारी किए गए प्रेस विज्ञप्ति में भाजपा नेत्री ने विधायक अम्बा प्रसाद और उनके परिवार पर पहले भी ऐसे जमीन हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। पूर्व में पतरातू प्रखंड की भी एक जमीन पर ऐसे ही अवैध कब्जे की बात सामने आई थी। सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू ने विधायक के साथ साथ इस महागठबंधन की सरकार को भी आड़े हाथों लेते हुए सरकार पर जमीनों पर अवैध कब्जे का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार में पूरे राज्य लूट मची हुई हैं, सत्ता में बैठे सरकार के लोग ही गरीब का हक और अधिकार मारने का काम कर रहे है। पूरे राज्य में अवैध बालू, कोयला और खनिज सम्पदाओं और सरकारी जमीन की खुले आम लूट मची है इसलिए उन्होंने प्रशासन से मामले पर अविलंब कारवाई की मांग की है। साथ ही साथ उन्होंने इस पूरे मामले से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मरांडी को भी अवगत कराया है।

## उपायुक्त ने दी जीत की शुभकामनाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** 24 से 26 नवंबर को जमशेदपुर में आयोजित होने वाले 23वें सीनियर झारखंड स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप में शामिल होने जा रहे हजारीबाग की टीम को उपायुक्त नैंसी सहाय ने जीत की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हजारीबाग खेल क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है यह गौरव की बात है। चैंपियनशीप में हिस्सा लेने जा रही हजारीबाग की टीम आज उपायुक्त के आवासीय कार्यालय पहुंचकर उपायुक्त से मुलाकात की। इस दौरान हजारीबाग बास्केटबॉल के अध्यक्ष अहसनुल हक,सचिव सी.के दास,संरक्षक कविता पांडे एवं उज्जवल सिंह मौजूद थे।

## पांच दिवसीय राष्ट्र स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिला शतरंज संघ के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन विनोवा भावे विश्वविद्यालय में आज से 26 नवंबर 2023 तक पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर हजारीबाग के विधायक मनीष जायसवाल, हजारीबाग पुलिस ट्रेनिंग अकादमी के ज्वाइंट डायरेक्टर( डीआईजी पीटीसी ) संजय कुमार सिंह हजारीबाग पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने किया, वही विशिष्ट अतिथि के तौर पर पर्यावरण विद सुरेंद्र प्रसाद सिंह ढ्रूरू सुब्राजित सहा , चीफ आर्बेटर विशाल मिंज उपस्थित हुए और सामूहिक रूप से दीप उज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों स्वागत शतरंज प्रतियोगिता के डायरेक्टर सह संघ के उपाध्यक्ष करण जायसवाल एवं संघ के उपाध्यक्ष अनूप भाई वर्मा के द्वारा अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह एवं पौधा देकर गण मन अतिथियों का स्वागत किया गय । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि शतरंज एक ऐसा खेल है ,जो जिसमें कोई उम्र का ताजा नहीं होता 7 साल के बच्चे के साथ 70 साल का बुजुर्ग भी खेल सकता है । यह एक ऐसा खेल है जो सभी को सम्मान देता । कार्यक्रम को संबोधित करते संजय कुमार सिंह डीआईजी पीसीसी ने कहा कि शतरंज खेलने से लोगों का दिमागी विकास में वृद्धि होती है और लोगों में आत्मविश्वास बढ़ता है । पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के मनोज चौथ ने कहा है कि इस तरह शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन होने से हजारीबाग का मान सम्मान बड़ा है और जिला में शतरंज खेलने वालों की संख्या तेजी से वृद्धि हुई है । संघ के पदाधिकारी ने बताया कि इस मैच में 300 से अधिक लोग भाग लिए हैं और देश के14 राज्यों से खिलाड़ी आए हैं जिसमें एक खिलाड़ी इंग्लैंड से भी इस प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं प्रतियोगिता में कुल पुरस्कार राशि चार लाख सोलह हज़ार (416000) है प्रथम पुरस्कार 75 हजार ,द्वितीय 50 हजार और तृतीय ?30 हजार रुपया निर्धारित किया गया है.

## लगातार 19 सालों से वेल्स क्रिकेट मैदान में आयोजित हो रहा है लक्ष्मी देवी जायसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला क्रिकेट संघ (एचडीसीए) द्वारा आयोजित और हजारीबाग के पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल द्वारा प्रायोजित लक्ष्मी देवी जायसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट 2023- 24 का विधिवत् उद्घाटन बुधवार को हजारीबाग के वेल्स क्रिकेट मैदान में हुआ। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए और टॉस करके टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की हमारे परिवार द्वारा प्रायोजित एचडीसीए द्वारा आयोजित लक्ष्मी देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट पीछले 19 सालों का लगातर आयोजित हो रहा है। सिर्फ़ कोरोना काल के दो वर्षों को छोड़कर पिछले 19 सालो से यह टूर्नामेंट इंटर स्कूल के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को एक बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराता रहा है। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग में खिलाड़ियों को हरसंभव साधन- संसाधन उपलब्ध कराने हेतु लगातर प्रयासरत हूं। उन्होंने बताया की उक्त टूर्नामेंट में जिले के कुल 15 टीमों ने भाग लिया है। उद्घाटन मैच नेशनल पब्लिक स्कूल बनाम जैक एंड जिल स्कूल की टीम के बीच खेला गया। मौके पर विशेषरूप से विधायक प्रतिनिधि बंटी तिवारी, जय सिंह कश्यप, विकास चौधरी, आशीष चौधरी, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## प्रखंड पतरातू में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 24 नवंबर से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम प्रखंड पतरातू में दिनांक 24/11/23 से पंचायत हेसला से शुरू हो रहा है जो लगातार 26/12/23 तक चलेगी और पंचायत लबगा में जाकर खत्म होगी।तथा प्रखंड पतरातू के सभी पंचायत में लगने वाले शिविर को सफल बनाने हेतु झारखंड सरकार द्वारा जरूरी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।लगभग एक महीने से जायदा




चलने वाले इस शिविर में सभी अधिकारियों को व्यापक प्रचार करते हुए। प्रत्येक पंचायत के शिविर में कल्याण मंच लगा के अधिक से अधिक मामले को ऑन द पासपोर्ट समाधान करने और प्रत्येक लाभुक को ससमय लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया गया है।

## कांग्रेस पार्टी का बड़कागांव पश्चिमी पंचायत कोर कमेटी का गठन, पंचायत अध्यक्ष बने गौतम कुशवाहा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव टंडवा रोड स्थित सूर्य मंदिर के प्रांगण में कांग्रेस पार्टी के पश्चिम पंचायत के विकास और कोर कमेटी के विस्तार को लेकर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज उर्फ सुमित उपस्थित हुए। कांग्रेस पार्टी के पश्चिमी पंचायत के पुर्व अध्यक्ष मुकेश कुमार ने अपने बिजी कार्यों के कारण पुनः अध्यक्ष बनने से असहमति जतायी जिसके बाद सर्वसम्मति से गौतम कुशवाहा को पंचायत अध्यक्ष बनाया गया। अंकित राज ने संबोधित करते हुए कहा कि हर एक पंचायत में कोर कमेटी गठन कर पंचायत में चापाकल, पीसीसी रोड, नाली एवं अन्य विकास कार्य करना हमारी



प्राथमिकता है। पश्चिमी पंचायत के अंतर्गत लंगतू, तेलिया तेरी, चंदनपुर, केरीगढ़ा,महटीकरा, दोहरनगर, नटराज नगर, हुरलंगबागी, लोहार मोहल्ला, गोविंद डीह, अशोक नगर, तुरी मोहल्ला, बड़कागांव मेन चौक के विकास संबंधी जो भी कार्य हैं, वह जल्द ही पूरे किए जाएंगे। सभी मोहल्ला से एक दो व्यक्तियों का कोर कमेटी में चयन किया गया है। वहीं अंकित राज ने अध्यक्ष गौतम कुशवाहा को बधाई देते हुए कहा कि एक युवा विधायक के साथ एक युवा अध्यक्ष पंचायत मे सभी को साथ लेकर विकास का कार्य करेंगे। वहीं अध्यक्ष गौतम कुशवाहा ने कहा कि मुझे जो जिम्मेवारी मिली है मैं पूरे निष्ठा पूर्वक अपने दायित्व को निभाऊंगा पश्चिमी पंचायत के हर एक कार्य को पूरा करेंगे व कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुखिया संघ के अध्यक्ष सह पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार ने पंचायत से संबंधित समस्याओं को रखा और नए पंचायत अध्यक्ष सहित सभी को बधाई दी। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत संरक्षक धर्मनाथ महतो, उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार कुशवाहा, सचिव चंदन कुमार, मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार, राजेंद्र महतो, गंगो महतो, मुकेश कुमार,सुजीत कुमार,अजय विश्वकर्मा, रोहित सिंह, कृष्ण ओझा,बुधन तुरी, विजय कुमार, सुनील कुमार, पवन कुमार, विकास कुमार, अशोक कुमार, उमेश कुमार, रोहित महतो, रोहित कुमार, कृष्णा पटेल, संजय कुमार राजकुमार भारती, रितेश कुमार, उपेंद्र कुमार, पवन कुमार, सुनील कुमार,सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद है।

## पूर्व विधायक स्व चितरंजन यादव की 14 वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के चलकुशा प्रखंड अंतगर्त ग्राम चटकरी में पूर्व विधायक स्व0 चितरंजन यादव की 14 वीं पुण्यतिथि मनाई गई.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी,पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार राय, विधायक अमित कुमार यादव,पूर्व बरही विधायक मनोज कुमार यादव,जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव शामिल हुए।श्रद्धांजलि सभा का संचालन पूर्व उपप्रमुख दुर्गा यादव ने किया। अतिथियों ने स्व-चितरंजन यादव की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि स्व-चितरंजन यादव कर्मठ और संघर्षशील व्यक्ति थे। उन्होंने क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी।आज उनके अधुरे सपनों को उनके पुत्र स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव निरंतर



पूर्ण कर रहे हैं।कार्यक्रम में हजारीबाग जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव,कोडरमा जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी,भाजपा नेता अम्बिका सिंह,बगोदर जिप सदस्या रीता देवी,पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता,रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि केदार साव,भाजपा नेता रमेश सिंह,समन ठाकुर रघुवीर प्रसाद, सुरेंद्र पासवान,खलील अंसारी, टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, अशोक वर्णवाल,अनिल कुमार आजाद,पूर्व मंडल अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद,विंदी बिहारी, नितेश चंद्रवंशी, देवनारायण यादव, छोटेलाल यादव, गणेश यादव, जयप्रकाश राम समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एक दिवसीय कर्मयोगी कार्यशाला संपन्न, 25 वीएलई हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** कोनरा पंचायत भवन में एकदिवसीय कर्मयोगी कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमे कोनरा, बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, करियातपुर, बिजैया, गौरियाकरमा, रानीचुआं, रसोईया धमना आदि पंचायत से कुल 25 वीएलई ने हिस्सा लिया। यह कार्यशाला भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री कर्मयोगी को सफल बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य पंचायत और गांव में वीएलई के बीच विश्वास स्थापित करना और उनके आय में वृद्धि करना था। कार्यशाला सीएससी के सौजन्य से आयोजित की गई थी, जो पांच विभिन्न चरणों में संपन्न हुआ। जिससे कर्मयोगी का लक्ष्य और उसके परिणाम की जानकारी दी



गई।प्रशिक्षण से वीएलई को जनता के बीच विश्वसनीय नेटवर्क स्थापित करते हुए अधिकाधिक अर्थोपर्जन करने, जनता के कार्यों को सुगमता और सरलता से संपन्न करने और व्यवसाय वृद्धि आदि संबंधित कई महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण स्टेट से आए वसीम इमाम सहित जिला समन्वयक निजामुद्दीन अंसारी, जिला शिक्षा सलाहकार मुकेश झा ने दिया. कार्यशाला में जयदीप कुमार सिन्हा, मोती सिंह, नान्हू यादव, मो नईम अंसारी, गणेश यादव, रंजीत कुमार, रंजीत केसरी, नितेश कुमार, अविनाश कुमार सिंह, सुरेंद्र कुमार, मो आसिफ इकबाल, मो मंसूर, संदीप कुमार, अर्जुन ठाकुर, उमेश यादव, संजय साव आदि सहित कई लोग मौजूद हुए।

## बरही में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगाने पर केस होना चिंतनीय : बटेश्वर मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत खोडाहर पंचायत के जतरा मेला टांड़ में भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा लगाने पर वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो महिला समेत तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। मामले में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर मेहता ने वन विभाग की कार्रवाई को राजनीतिक करवाई करार दिया है। उन्होंने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने झारखंड के लिये लड़ाई शुरू किया था और उसी बिरसा मुंडा के प्रतिमा लगाने पर केस किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वन विभाग की एकड़ो एकड़ ज़मीन लूट लिया जा रहा है। पेड़ों की कटाई कि जा रही है इस पर वन विभाग मौन है। हेमंत सरकार के पदाधिकारी और दलाल मिलकर वन विभाग की ज़मीन बेच रहे हैं इस पर वन विभाग मौन है। वन विभाग को केश करना है तो ज़मीन के लुटेरों पर केश करना चाहिये था। भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा स्थापित होने से बरही के आम लोगों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी और उनके संघर्षो से सीखने को मिलेगा। भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष का पर्याय है। उन्होंने अपने क्रांतिकारी विचारों से आदिवासी समाज को नयी दिशा देने का काम किया और उलगुलान



आंदोलन के माध्यम से अंग्रेजों से लोहा लिया। प्रतिमा स्थापित होने से हमलोगों को उनके संघर्ष से सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की भूमी भगवान बिरसा मुंडा की देन है। यदि मामले में केस वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बता दे की खोडाहर पंचायत के आदिवासी युवक अशोक बाडा समेत अन्य एवं आदिवासी महिला अनीता कुजूर और अतिपिछड़ा समाज की महिला कविता कुमारी पर वन विभाग ने केस दर्ज किया है। उक्त जानकारी भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ने दिया।

## इनलैंड वॉटरवेज़ अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करने वाली पहली ई-कॉमर्स कंपनी बनी एमेज़ॉन इंडिया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमेज़ॉन इंडिया और पोर्ट्स, शिपिंग, एवं वॉटरवेज़ मंत्रालय के अंतर्गत इनलैंड वॉटरवेज़ अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसके अंतर्गत ग्राहकों के पैकेजों का परिवहन इनलैंड वॉटरवेज़ द्वारा करना शुरू किया जाएगा। इस समझौते के बाद एमेज़ॉन इंडिया इनलैंड वॉटरवेज़ का उपयोग करने वाली देश की पहली ई-कॉमर्स कंपनी बन गई है, जिससे भारत में अपना परिवहन का ढांचा मजबूत करने का इसका उद्देश्य प्रदर्शित होता है। इनलैंड वॉटरवेज़ अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने के साथ यह गठबंधन परिवहन के किफायती और सस्टेनेबल माध्यम के रूप में इनलैंड वॉटरवे का ज्यादा उपयोग करने के माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान के अनुरूप है।इस समझौते के तहत एमेज़ॉन इंडिया और इनलैंड वॉटरवेज़ अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने मिलकर कंटेनराईज़्ड कार्गो मूवमेंट संभव बनाएंगे और कार्गो शिपमेंट के लिए इनलैंड वॉटरवे के उपयोग का एक नेटवर्क स्थापित करेंगे। एमेज़ॉन इंडिया अपनी सप्लाई चेन में इनलैंड वॉटरवेज़ की संभावनाएं तलाशना शुरू करेगा, और इनलैंड वॉटरवेज़ अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं इसके कैरियर्स के सहयोग से जल्द ही पटना एवं कोलकाता वॉटरवेज़ पर पायलट रन शुरू किया जाएगा। इससे ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए क्षमता बढ़ाते रहने और ई-कॉमर्स में पारस्परिक लाभ की परियोजनाओं को तलाशने के लिए सरकारी अधिकारियों के साथ सहयोग करने की एमेज़ॉन इंडिया की प्रतिबद्धता को बल मिलता है। सर्बानंद सोनोवाल, माननीय कैबिनेट मंत्री, पोर्ट्स, शिपिंग एवं वॉटरवेज़ मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा, एमेज़ॉन इंडिया के साथ यह समझौता ज्ञापन भारत के इनलैंड वॉटर ट्रांसपोर्ट की क्षमता का उपयोग करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य नदियों द्वारा कार्गो मूवमेंट बढ़ाना है, जो परिवहन का ज्यादा किफायती और सस्टेनेबल तरीका है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने एक नए प्लांट की स्थापना की दिशा में निवेश के अगले दौर के लिए कर्नाटक सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किये

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेक इन इंडिया और सभी के लिए व्यापक खुशहाली की अपनी प्रतिबद्धता के अनुकूल, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए ताकि नए निवेश के माध्यम से देश में कंपनी के मौजूदा परिचालन को बेहतर किया जा सके।भारत में टीकेएम के 25 वर्षों के परिचालन पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर के साथ, लगभग 3,300 करोड़ रुपये का यह निवेश एक नए संयंत्र की स्थापना के लिए है। इससे क्षमता में वृद्धि होगी और इस तरह स्थानीय विनिर्माण की पारिस्थितिकी तंत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ नई प्रौद्योगिकी के उपयोग की शुरुआत होगी और सबके लिए मोबिलिटी तैयार की जायेगी। यह भारत में कंपनी का तीसरा प्लांट होगा, जो कर्नाटक में बैंगलोर के पास बिदादी में स्थित है। यह विकास आपूर्तिकर्ता पारिस्थितिकी तंत्र में अपेक्षित वृद्धि को देखते हुए आगे के निवेश और रोजगार सृजन की संभावना भी लाता है।कर्नाटक सरकार के साथ इस समझौता ज्ञापन पर माननीय मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आज हस्ताक्षर किए और इस दस्तावेज का आदान-प्रदान किया गया। कंपनी की ओर से इसपर प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मसाकाज़ु योशिमुरा ने दस्तखत किये। इस मौके पर एमबी पाटिल, बड़े और मध्यम उद्योग तथा बुनियादी ढांचा विकास मंत्री, कर्नाटक सरकार, स्वप्नेश आर. मारू एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और मुख्य अनुपालन अधिकारी, विक्रम गुलाटी, कार्यकारी वाइस प्रेसिडेंट, सुदीप संतराम दलवी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और मुख्य संचार अधिकारी तथा टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के अन्य शिखर के अधिकारी मौजूद थे।



## बेलगाम चोरों ने भुरकुंडा रीवर साईड में दिया चोरी की घटना को अंजाम

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा थाना क्षेत्र रीवर साईड में बीती रात घात लगाए चोरों ने माइनिंग सरदार पप्पू सिंह के सीसीएल क्वार्टर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इसकी जानकारी पप्पू सिंह को तब हुई जब घर के ताला टूटा पाया गया और देखा कि घर के सभी कमरे का ताला गैस कटर से काटा हुआ है और पूरा सामान बिखरा पड़ा है।अलमीरा से सोना चांदी सहित देढ़ से दो लाख की सामान की चोरी की गई। पप्पू सिंह बीते दो दिनों से छठ पर्व मनाने को लेकर दुसरे घर भुरकुंडा जनता टाकिज के पास रह रहे थे जिस बीच घात लगाए चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया और लाखों की सामान लेकर फूर हो गए। इसकी जानकारी भुरकुंडा ओपी में लिखित शिकायत के रूप में किया गया। वहीं घटनास्थल पर पुलिस जांच पड़ताल कर चोरों का पता करने में लगी हुई है।भुरकुंडा थाना क्षेत्र में लगातार चोरी होने से जिला पुलिस के लिए चुनौती बना चोरी की घटना को रोकना।



## मांडू अंचल अधिकारी को मांडू चट्टी मुखिया ने सप्लाई पानी को लेकर के ज्ञापन सौंपा

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी ने सप्लाई पानी को लेकर के ज्ञापन मांडू अंचल अधिकारी को सौंपा । मांडू अंचल अधिकारी को लगभग 6 महीना से सप्लाई पानी बाधित है एन एच के ठेकेदार सर्विस रोड मांडू चट्टी से फार्म तलाव से मांडू डी दुर्गा स्थान तक के ठेकेदार के द्वारा पाइप को उखाड़ दिया गया है जिससे पानी आपूर्ति बाधित हो गया है जिससे ग्रामीण काफी पानी का दिक्कत हो रहा है इन सभी बातों को मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी ने मांडू अंचल अधिकारी को अवगत कराया गाया । जल्द से जल्द पाइप लाइन बिछाने को बात रखा गया जिससे पानी सुचारु रूप से चल सके।



## उत्क्रमित मध्य विद्यालय उर्दू स्कूल में मांडू चट्टी मुखिया द्वारा बच्चों का बीच पोशाक का वितरण किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू चट्टी उत्क्रमित मध्य विद्यालय उर्दू स्कूल मैं मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी द्वारा बच्चों का बीच पोशाक का वितरण किया गया । पहला क्लास 07 बच्चा , दूसरा क्लास 7 तीसरा , क्लास 17 पोशाक दिया गया ।अच्छा से रख रखा का भी बोला गया। मुखिया अनीता देवी द्वारा बताया गया प्रिंसिपल मरियम एवं शिक्षक निरमला खालको तरन्नुम अनवर आलम एवं रसोईया नुसरत खातून सलीमन खातून अकबरी खातून विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शाहिद अंसारी एवं समाजसेवी छोटेलाल भुईयां आलम अंसारी आदित्य ग्रामीण उपस्थित थे।



# मृतक के परिजन से मिले कमलेश राम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी :** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम मृतक के परिजनों से मुलाकात करने हंटरगंज चतरा पहुंचे। ज्ञात हो कि रांची जिला के मांडर थाना क्षेत्र के नवाटांड़ स्थित संत जॉन्स हाई स्कूल के हॉस्टल में चतरा जिला के हंटरगंज निवासी एक दलित बालक युवराज पासवान नामक छात्र की रविवार की शाम संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी थी।नेता प्रतिपक्ष सह भाजपा झारखण्ड अनुसूचित जाति मोर्चा अमर कुमार बाऊरी के निर्देशानुसार प्रदेश मंत्री कमलेश राम शोकाकुल परिवार से मिले। मृतक संत जॉन्स स्कूल में आठवीं का छात्र था, युवराज चतरा कर जिला के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कांशीकेवाल का रहने वाला था। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि युवराज ने रविवार की शाम हॉस्टल परिसर स्थित कुएं में कूदकर आत्महत्या की है। जबकि परिजनों का आरोप है कि युवराज पासवान की हत्या कर उसे एक आत्महत्या का रूप देने का प्रयास कर किया जा रहा है। परिजनों ने कहा कि उनके बच्चे ने आत्महत्या नहीं की है, क्योंकि विद्यालय प्रबंधन के पास इसका कोई प्रमाण नहीं और शरीर में चोट के भी निशान थे। साथ की कई ऐसी जानकारी प्राप्त हुई इससे स्पष्ट है की विद्यालय प्रबंधन सत्य को छुपाने का प्रयास कर रही है।वहीं परिजनों की ओर से युवराज पासवान की हत्या के आरोप में हॉस्टल के प्रभारी ब्रदर राजेश बारला, प्रधानाध्यापक ब्रदर सुबोध कच्छप है।सहित युवराज के दो अन्य सहपाठियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है।कमलेश ने इस घटना के बारे में दुख जताते हुए कहा कि यह घटना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। गरीब परिजन अपना पेट काट के काफी उम्मीद के साथ अपने बच्चों को पढ़ने के लिए भेजते हैं। और इस तरह की घटना से पूरा परिवार टूट जाता है। वर्तमान की हेमंत सरकार के कार्यकाल में इस तरह की घटनाएं चरम पर कई स्कूल कॉलेज के छात्र की हत्या हो रही है, तो कहीं प्रबंधन द्वारा प्रताड़ित किए जाने से छात्र आत्महत्या कर रहे हैं और सरकार हाथ पे हाथ धरे बैठी है। इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग प्रशासन से करता हूं।इस घटना से जुड़ी विस्तृत जानकारी शाम में नेता प्रतिपक्ष को दी जाएगी तत्पश्चात उनके निर्देशानुसार इस मामले पर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए आगे की कारवाई की जाएगी।

## एटीएम के पास ठगी करने वाला गिरोह हुआ सक्रिय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के बासल थाना क्षेत्र जिंदल बी गेट स्थित पंजाब नेशनल बैंक परिसर के एटीएम में घात लगाए शातिर ठगों ने मदद करने के नाम पर एटीएम कार्ड बदलकर बीस हजार रुपए ठगी की घटनाक्रम को दिया अंजाम। इस घटनाक्रम की जानकारी तब हुई जब इनवान अहमद नामक व्यक्ति अपने घर पहुंचते हैं और उनके मोबाइल पर बीस हजार रुपए निकालें जाने की मैसेज मोबाइल पर आता है इसके बाद इनवान अहमद ने बैंक मैनेजर से संपर्क कर जानकारी दी गई और बासल थाना में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। हालांकि घटनाक्रम ठगी करने वाले दोनों व्यक्ति का तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई जिसकी जांच पड़ताल जारी है। बता दें कि जिंदल बी गेट एटीएम से एटीएम बदलने के बाद पतरातु न्यू मार्केट से दो बार में बीस हजार की निकासी की गई है।

# श्रमिकों के परिजन को विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से सुखा राशन मुहैया कराया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी :** बुधवार को ओरमांझी प्रखंड के अंतर्गत चुटूपालू खीराबेड़ा के मजदूर उत्तराखंड के उत्तरकाशी टनल में पिछले कई दिनों से 41 मजदूर फंसे हुए हैं। जिसमें तीन मजदूर खीरा बेड़ागांव निवासी राजेंद्र बेदिया, सुखराम बेदिया,अनिल बेदिया तीनों मजदूर के परिवार को विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से सुखा राशन मुहैया कराया गया। इसके अलावे बीते दिनों चुटूपालू घाटी में सड़क दुर्घटना में हुई दर्दनाक मौत हो गई। मृतक शंकर बेदिया,दिनेश बेदिया दोनों मृतक परिवार को भी 50 किलो चावल सहयोग के रूप में दिया गया। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सह विधायक सलाहकार रमेश उरांव, तुलसी खरवार अध्यक्ष प्रखंड कांग्रेस कमेटी, प्रोफेसर प्रेमनाथ मुंडा, विधायक प्रतिनिधि के द्वारा पीड़ित परिवार एवं मृतक परिवार को सहयोग किया गया।इस अवसर पर विधायक के सलाहकार रमेश उरांव ने कहा कि विधायक ने उत्तराखंड में फंसे इन मजदूर के अलावे 41 मजदूर जो फंसे हुए हैं, सभी के बारे में हेमंत सरकार और खिजरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश कच्छप काफी गंभीर एवं चिंतित है, तथा हर तरह से सहयोग के लिए तत्पर है। तथा श्री उरांव ने आगे कहा कि 41 मजदूर उत्तराखंड में फंसे हुए है।सभी को सुरक्षित ढंग से सही सलामत बाहर निकाला जाएगा और सभी सकुशल होंगे । झारखंड की जनता एवं देश की जनता एवं श्री उरांव ने ईश्वर से कामना करता हूं।तथा यह भी कहा की कल की सड़क दुर्घटना के बारे में हुई दर्दनाक मौत से खीरा बेड़ा के ग्रामीण और प्रखंड के सभी लोग और हम सभी काफी दुःखी और मर्माहत हूं। यथासंभव हर तरह से सहयोग करने के लिए कांग्रेस पार्टी और माननीय विधायक तत्पर हैं पीड़ित परिवारों को आश्वासन दिए।।इस दौरान रमेश उरांव विधायक के सलाहकार तुलसी खरवार अध्यक्ष प्रखंड कांग्रेस कमेटी ओरमांझी, प्रोफेसर प्रेमनाथ मुंडा विधायक प्रतिनिधि त्रिवेणी बेदिया, आदि थे ।



## विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के निर्देशानुसार गोला ब्लॉक में लोगो को सूचना का अधिकार के विषय मे जानकारी दी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के निर्देशानुसार अपने कार्यस्थल गोला ब्लॉक में लोगो को सूचना का अधिकार (ऋझ्ढ) के विषय मे जानकारी दिया। सूचना के अधिकार के तहत किसी भी तरह की सूचना हासिल करना हमारा अधिकार है,इससे पारदर्शिता बनी रहती हैं।सूचना का अधिकार अधिनियम का मूल उद्देश्य नागरिकों को सशक्त बनाने, सरकार के कार्य में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना, भ्रष्टाचार को नियंत्रित करना और वास्तविक अर्थों में हमारे लोकतंत्र को लोगों के लिए कामयाब बनाना है।सूचना प्राप्त नागरिक शासन के साधनों पर आवश्यक नजर रखने के लिए बेहतर रूप से तैयार होता है और सरकार को जनता के लिए और अधिक जवाबदेह बनाता है। यह अधिनियम नागरिकों को सरकार की गतिविधियों के बारे में जागरूक करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।ये सारी जानकारी पीएलवी बिरेंद्र कुमार पाठक ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत दी गई,और लोगो से इसका लाभ लेने की अपील भी किया। डीएलएसए से कैसे और कौन-कौन लोग लाभान्वित हो सकते हैं इसकी जानकारी दी,साथ ही बरियातु पंचायत के कर्मचारी से मिलकर लोगो के समस्याओं को समाधान करने में मदद किया।




## झारखंड अलग राज्य आंदोलन के चिन्हितीकरण में भागीदार महिलाओं को भी राजकीय सम्मान व पेंशन दो : नीता बेदिया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एशोसिएशन झारखंड राज्य कमेटी सदस्य नीता बेदिया ने कहा कि झारखंड अलग राज्य संपूर्ण झारखंडवासियों का आंदोलन था न कि सिर्फ पुरुषों ने ही आंदोलन किया था बल्कि झारखंड अलग राज्य के सभी आंदोलनों में महिलाओं की भागीदारी भी बराबरी की थी। इसलिए राज्य सरकार झारखंड आंदोलन में शामिल सभी महिलाओं को राजकीय सम्मान व पेंशन योजना लागू करने की मांग करती है।ज्ञात हो कि झारखंड आंदोलन में आईपीएफ के महेंद्र सिंह,त्रिदिव घोष, मानकुंवर बेदिया व झमकिस के केन्द्रीय अध्यक्ष -हीरा गोप,सह संयोजक -पुरन महतो,प्रखर महिला नेत्री गुणी उरांव,ऐयती तिर्की, शांति दी, बुधनी दी, शिनगी खलखो, नीता बेदिया,मुनी दी,बिरसा उरांव,जतरु उरांव,खुदीराम मुंडा अन्य राज्य के सामूहिक नेतृत्व में झारखंड अलग राज्य के लिए चलाए जा रहे आंदोलनों में भागीदारी करते हुए ऐतिहासिक रूप से 14 सितंबर 1992 को हजारों झारखंडी महिला-पुरुष, नौजवानों,बच्चे, बुजुर्गों की टोली झमकिस के बैनरतले गांव कस्बों से लेकर नगर की मुख्य सड़कों, राजधानी रांची के मेन रोड पर प्रदर्शन करते हुए मोरहाबादी के मैदान में विशाल आम सभा की आयोजन को सफल किये थे। जिसमें महिलाओं की संख्या काफी थी। इतना ही नहीं झारखंड अलग राज्य के सभी आंदोलनों में महिलाएं काफी योगदान दी है। झमकिस का निर्माण करना और झारखंड अलग राज्य बनाने के सवाल पर पहली बार और अंत तक आंदोलनकारियों ने नारे लगाए थे कि, कैसे लेंगे झारखंड,लडके लेंगे झारखंड। तब से यह नारा पॉपुलर हुआ था और विश्वास पैदा हो गया था, अलग राज्य लेकर रहेंगे,झारखंड राज्य के आंदोलन में सिर्फ पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाएं भी बराबर की भागीदार थी।

## सयाल डी परियोजना में बटे दो गुट हुवे एक, सेल संचालन का रास्ता हुआ साफ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के सयाल डी परियोजना में खुले आउटसोर्सिंग में बटे दो अलग अलग गुट अब एक हो गए हैं।यहां बुधवार को एक बजे सौंदा बस्ती एवं सरैया टोला के ग्रामीणो द्वारा आपस में सहमति बना कर सेल संचालन समिती का गठन कर महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक अजय सिंह से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें सेल संचालन समिती सौंदा बस्ती नामे 30 सदस्य समिति का गठन किया गया है वहीं बता दें कि? सयाल डी परियोजना में 31 जुलाई को लोकल सेल समिति संचालन को लेकर दो अलग-अलग समितिया संचालन को लेकर संघर्ष कर रही थी। वहीं बीते कुछ दिनों से पनप रही सारी समितियां जो सेल में दावा कर रही थी उन सभी का समावेश कर दिया गया है। अब शांतिपूर्ण सेल संचालन का रास्ता साफ हो गया है। वहीं इस मौके पर महाप्रबंधक अजय सिंह ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि दोनों समितियो के एक हो जाने से प्रबंधन को मजबूती मिलेगी।वहीं सयाल परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि सभी ग्रमीण एक बैनर में आकर कार्य करें तो संचालन में आसानी और सभी को रोजगार का अवसर मिलेगा। वहीं इस मौके पर नीतिश कुमार, रामबिलास करमाली, धनेश प्रसाद, अंबर कुमार, अमित कुमार, अखिलेश प्रसाद, सुरेश गिरी, दिलीप प्रसाद, रवि प्रसाद, अरविंद प्रसाद, बिनोद साव, पिंकू राज, छोटू, मानस मुंडा, राजदीप प्रसाद, नंदकिशोर कुमार, गुप्तेश्वर प्रसाद, माधव प्रसाद, जगदीश प्रसाद, सुखदेव प्रसाद, मनोज कुमार, राज कुमार, जनक प्रसाद, राजेश,रूपेश, नरेंद्र, पवन, भोला साव, संदीप, धीरन, छोटन इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## ट्राइबल हाट अन्तर्गत जनजातीय महिला कलाकारों और महिला स्वयंसहायता समूहों की अनुभवात्मक शिक्षा यात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सेंट्रल कॉलफ़ील्ड्स लिमिटेड की सी.एस.आर इकाई द्वारा वित्त प्रदत्त प्रशिक्षण कार्यक्रम ट्राइबल हाट जो की रिवोल्यूशनरी यूथ फाउंडेशन (आर.वाई.एफ़.) तथा अमर जागृति केंद्र की मदद से रामगढ़ ज़िले में चलाया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 200 आदिवासी तथा जनजातीय महिलाओं को हस्तशिल्प तथा कला संबंधी प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोज़गार से जोड़ना है।प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा जुट, डोकरा, मोमबत्ती, सोहराय, बांस, सूजनी, पत्तल अथवा अन्य कई प्रकार के उत्पाद बनाकर विभिन्न माध्यम से बेचा जा रहा है तथा महिलाओं को स्वावलंबी बनाए जाने पर मुख्य रूप से ज़ोर दिया गया है। योजना निदेशक अमर सिंह ने कहा कि ÷इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनजातीय महिला कलाकारों और स्वयंसहायता समूहों को अनुभवात्मक रूप से शिक्षित करना है, ताकि उन्हें उच्चतम स्तर की कला और उद्यमिता में सहयोग मिल सके।ट्राइबल हाट योजना तथा यात्रा का हिस्सा बनी वार्ड सदस्य गीता देवी ने कहा की, ÷यह यात्रा महिलाओं को उनके स्थानीय क्षेत्र में नए दृष्टिकोण प्रदान करने, उन्हें नई कला और उद्यमिता के साथ परिचित कराने, और उन्हें व्यापक सामाजिक संदर्भ में समर्थन प्रदान करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करने का एक प्रयास है।यात्रा के दौरान, महिलाओं को हजारीबाग अर्बन हाट में स्थित स्थानीय शिल्पकला केंद्रों, औद्योगिक क्षेत्रों, और बाजारों का दौरा करने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा का मार्गदर्शन कर रहे योजना प्रबंधक मो इक़बाल अंसारी के अनुसार, इस यात्रा ने महिलाओं को अपने विद्यमान कौशलों को और बढ़ाने, उन्हें नए तकनीकों और उत्पादों के साथ अवगत कराने का एक अद्वितीय अवसर दिया है।आर.वाई.एफ़. सचिव पूजा सिंह ने कहा की, ÷सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने इस पहल के माध्यम से जनजातीय महिलाओं को अपने क्षेत्र में एक नए उद्यान की ओर बढ़ने का एक सामाजिक उत्साहपूर्ण कदम उठाया है।÷÷इस यात्रा से प्राप्त अनुभव से महिलाएं अपने समृद्धि के लिए नए योजनाओं, नौकरी के अवसरों, और आत्मनिर्भरता के स्रोतों का सही रूप से उपयोग करने का कौशल सीखेंगी।

## प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप ने किया केसीबी कॉलेज के निर्माणधीन भवन का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** प्रमुख विनीता कच्छप ने बुधवार को करमचंद्र भगत कॉलेज बेड़ो में निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण। नवनिर्मित भवन लगभग 13 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। निरीक्षण में प्रमुख विनीता कच्छप ने पाया कि भवन निर्माण कार्य काफी धीमा है। प्रशासनिक भवन के आगे नवनिर्मित भवन जो की अलग वेंडर द्वारा बनाया जा रहा है, इसके डिजाईनिंग में आपत्ती जताई। बाथरूम और सिढ़ी का जगह सही से नहीं बनाया गया है। मौके प्रमुख ने कहा कि प्रशासनिक भवन के आगे निर्माणाधीन भवन को ही दूसरे जगह में किया जाना चाहिए। उन्होने आगे कहा कि बेड़ो कॉलेज शिक्षा का केन्द्र नहीं बल्की एक राजनीति करने का जगह बन गया है। कॉलेज में कार्यरत कर्मचारी में भी किसी प्रकार का कोई शिष्टाचार नहीं। मौके पर भवन निर्माण में कार्यरत मिस्त्री सुदर्शन बड़ाईक, रामचंद्र महतो, मुन्शी राकेश उपस्थित थे।

## मांडर प्रखंड अंजुमन चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** मांडर प्रखंड अंजुमन चुनाव के लिए बुधवार को चुनाव कार्यालय में सदर पद के लिए लोयो निवासी मोहम्मद खालिद ने नामांकन दाखिल किया। वहीं सेक्रेटरी पद के लिए आबिद अंसारी सुरसा, डुमरी निवासी अफरोज हुसैन, नायब सदर के लिए मांडर बाजारटांर निवासी माशूक अली ने नामांकन दाखिल कर दिया है। नायब सेक्रेटरी के लिए बरगड़ी निवासी हाजी अल्ताफ अहमद अंसारी, बिसहाखटंगा निवासी अमानत अंसारी और खजांची के लिए सुरसा निवासी मोहम्मद इनामुल्लाह, टांगरबसली निवासी इमरान अंसारी ने नामांकन दाखिल कर दिया है। इस मौके पर पूर्व मुखिया हाजी अयूब खान, रबुल अंसारी चुनाव प्रभारी इरशाद इमाम, सईद अख्तर, आरिफ अंसारी इरशाद अंसारी शाहिद मियां फिरोज अंसारी नसीम अंसारी जहीर खान शमीम अंसारी अमानत अंसारी आबिद अंसारी हाजी अल्ताफ अहमद अंसारी समेत और भी लोग मौजूद थे।

**उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा।**
**(जिला नजारतशाखा)**

**-:अति अल्पकालीन निविदा:-**

**सिमडेगा जिला में अति विशिष्ट अतिथियों के भ्रमण एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभिन्न प्रकार के जर्मन हैंगर/ टेंट/ शामियाना/ लाईट/ साउण्ड एवं अन्य संबंधित सामग्री की आपूर्ति के दर का निर्धारण करने के लिए दिनांक-25.11.2023 को पूर्वाह्न 10.00 बजे तक अति अल्पकालीन मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरणी जिले के वेबसाईट (www.simdega.nic.in) पर देखा जा सकता है।**

**जिला नजारत उप समाहर्ता, सिमडेगा।** **उपायुक्त, सिमडेगा।**

PR NO-311659 (Simdega) 23-24

## झारखण्ड सरकार का कल्याणकारी प्रयास गरीबों को मिलेगा अबुआ आवास योजना से अपना आशियाना

**उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की, दिए जरूरी दिशा-निर्देश**



### प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जायेगा : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार का कल्याणकारी प्रयास से गरीबों को अपना आशियाना मिलेगा। इसी कड़ी में आज उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने अबुआ आवास÷ योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना की मुख्य विशेषताएं की जानकारी दी और आवास लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम दिनांक 24 नवम्बर 2023 से 26 दिसंबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इसी कैम्प में अलग स्टाल लगाया जाएगा और उसी स्टाल में लाभुकों से आवेदन प्राप्त किया जायेगा। आवेदन के साथ लाभुक अपना जॉब कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति के साथ आवेदन पूर्ण रूप से भरा हो ताकि उनका एप्पलीकेशन में इंट्री किया जा सके।

**लाभार्थी चयन के मापदंड निम्न प्रकार से किया जाएगा :-** जैसे कच्चे घरों में रहने वाले परिवार, आवास विहीन एवं निराआश्रित परिवार, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह, प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार, बंधुआ मजदूर, वैसे परिवार जिन्हें राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार द्वारा संचालित आवास योजना योजना यथा प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, बिरसा आवास योजना, इंद्रा आवास योजना इत्यादि आवास का लाभ नहीं दिया गया हो। सभी पात्रता मापदंड के अनुसार लाभार्थी की स्थायी प्रतीक्षा सूची ग्राम सभा मे तैयार की जाएगी और पोर्टल द्वारा तैयार सूची का सत्यापन ऐप्प के माध्यम प्रखंड स्तर से गठित चार सदस्यीय समिति के द्वारा किया जाएगा।

योजनाओं का क्रियान्वयन, पर्यवेक्षण और निगरानी ई-गवर्नेंस के माध्यम से की जाएगी आवास निर्माण हेतु कुल सहायता राशि 2,00,000 रुपया प्रति ईकाई हैं। आवास का निर्माण तीन कमरे के साथ 31 वर्ग मीटर में किया जाएगा। जिसमे स्वच्छ रसोईघर भी शामिल हैं।

## झारखंड विधान सभा के वर्षगांठ समारोह में कतरास की कशिश को मिला सम्मान

प्रभात तंत्र संवाददाता

**कतरास :** झारखंड विधानसभा के 23वें वर्षगांठ समारोह में डीएवी +2 उच्च विद्यालय कतरासगढ से इंटर कला में पुरे राज्य में टॉपर बनने वाली कशिश परवीन को रांची विधानसभा परिसर में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। रंगारंग कार्यक्रम के बीच यह सम्मान कशिश के मामा सद्दाम अंसारी को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभाध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, मंत्री आलमगीर आलम ने स्मृति चिन्ह, सम्मान राशि तथा अंग वस्त्र देकर किया। समारोह को राज्यपाल, मुखयमंत्री समेत अन्य नेताओं ने संबोधित किया। मौके पर उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी,



विधान सभा के प्रभारी सचिव सचिव सैयद जावेद हैदर समेत राज्य भर के विधायक, चयनित खिलाड़ी, टॉपर छात्र छात्राएं, समाजसेवी, शहीदों के परिजन, पुलिस पदाधिकारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपेंद्र राय तथा प्रबंध कमेटी के उपाध्यक्ष फिरोज रजा उपस्थित थे।

**क्राइम कंट्रोल को लेकर एसएसपी ने की समीक्षा बैठक**

## गश्ती के लिए टाइगर मोबाईल को दिखाई हरी झंडी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अपराधियों पर शिकंजा कसने को लेकर जिला पुलिस सख्त है। इसको लेकर बुधवार को एसएसपी संजीव कुमार ने पुलिस लाइन में अधिकारियों संग क्राइम कंट्रोल को लेकर समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान उन्होंने लंबित मामलों का निपटारा करने और शहर में लगातार चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। पूरे मामले पर जानकारी देते हुए एसपी संजीव कुमार ने बताया कि शहर के लोगों की सुरक्षा उनके जिम्मेवारी है और इसको लेकर लगातार अपराधियों पर शिकंजी कैसे जा रहे हैं जो अभी हाल में जमानत पर छूते हैं उनकी भी निगरानी की जा रही है शहर में प्रमुख चौराहा और बाजारों पर लगातार बाइक से पेट्रोलिंग की जाएगी। वहीं गश्ती के लिए टाइगर मोबाईल को हरी झंडी दिखा रवाना किया गया।

## मुर्गी का चूजा वितरण में धोखाधड़ी के मामले का हुआ पर्दाफाश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** झारखंड में यह क्या चल रहा है खुलेआम गड़बड़ी हो रही है इससे यह कहा जा सकता है कि अधिकारियों में डर खत्म हो गया है जिसके कारण खुलेआम घोटाले और गड़बड़ी कर रही है। मुर्गी की चुज्जु के वितरण में भी गड़बड़ी हो रही है। ताजा मामला निरसा के एगारकुण्ड प्रखंड क्षेत्र से है जहां मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत सहकारिता पशुपालन विभाग द्वारा बुधवार को एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के लाभुकों को मुर्गी का चुजजा सहित अन्य समाग्री देने टीम शिवलीबाड़ी पहुंची। जहां मो फिरोज को 30 बोरा मुर्गी का दाना की जगह 15 बोरा दाना तथा एक हीटर देकर



उससे 30 बोरा दाना दिए जाने के पर्ची पर हस्ताक्षर करवा लिया गया। टीम धोखाधड़ी करने में इसके आगे भी नही रुकी। बाद में टीम एग्यारकुंड उत्तर पंचायत पहुंची। वहां भी पिंकी बाउरी, निरंजन बाउरी, भरत रुहिदास एवं फकीर रुहिदास को आधे सामग्री दे हस्ताक्षर करवा लिया। जब लाभुक बोटे कृष्ण मल को चुजजा सहित अन्य सामाग्री देने पहुंचे तो कम सामाग्री होने पर ग्रामीणों ने हंगामा करने शुरू कर दिया। वही के ग्रामीण सुजीत गोराई ने कहा लाभुकों के साथ खुलेआम धोखाधड़ी किया जा रहा है। इस पर मुखिया काकुली मुखर्जी सहित अन्य सदस्यों ने विरोध करना शुरू कर दिया। मौके पर पीड़ित शिवलीबाड़ी के मो फिरोज भी मौके पर पहुच गए जहां उन्होंने ने भी कम दाना, लाइट एवं हीटर नही दिए जाने की बात कहने लगे। मामला बढ़ता देख वितरण करने पहुंचे डॉक्टर रवि ज्ञान सुमन ने तत्काल सुधार करते हुए सभी के कागजात को ठीक किया। उसके बाद लाभुक एवं ग्रामीण शांत हुए। लेकिन क्या डॉक्टर द्वारा खुलेआम घोटाला गड़बड़ी की जा रही थी। सरकार द्वारा भेजे गए सामग्री लाभुक को आधा देने का आदेश डॉक्टर को किसने दिया। क्या इस मामले में डॉक्टर पर कार्यवाही होगी या यह पूरे मामले का खेल ऊपर से होती है। वही मौके पर मौजूद डॉक्टर कहना है कि किसी को कम नहीं दिया जा रहा है। एस्टीमेट के हिसाब से सभी को चुज्जा और दाने के साथ अन्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है।

## सरिया : फांसी के फंदे में झूलकर युवक ने की आत्महत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया थाना क्षेत्र के कोयरीडीह पंचायत अंतर्गत सिमराबेडा गांव में बुधवार की दोपहर लगभग 3 बजे के करीब एक युवक ने साडी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक सिमराबेडा निवासी सहदेव राम का 23 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार गुप्ता बताया जाता है । इस बाबत प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक चार भाईयों में सबसे छोटा था और वह अविवाहित था, उसके माता पिता का देहांत कुछ वर्ष पूर्व ही हो गया था। कहा जाता है कि घरेलू विवाद के कारण वह डिप्रेशन में थे। बुधवार की सुबह उन्होंने सोशल मीडिया पर यह पोस्ट किया कि जिसका माँ बाप नहीं है समझ लो उसका इस दुनिया में कोई अपना नहीं, मिस यू मम्मी पापा। इस पोस्ट के बाद उन्होंने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जब घरवालों ने उसे अपने कमरे में फांसी पर लटका देखा तो मामले की सूचना सरिया थाना को दिया। सूचना पाकर सरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में कर सरिया थाना ले आयी जहाँ से उसे पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह भेजा जायेगा। सरिया थाना प्रभारी अनीश कुमार पाण्डेय ने मामले की पुष्टि की है। मृतक युवक चार भाईयों में सबसे छोटा था और वह अविवाहित था तथा वह छोटे मोटे कार्य कर अपना जीविकोपार्जन चलाता था ।

**आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार**

## 25 नवंबर को 10 पंचायत सहित 13 स्थान पर किया जाएगा शिविरों का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 24 नवंबर से 26 दिसंबर 2023 तक जिले की सभी 256 पंचायत, नगर निगम के 55 वार्ड एवं चिरकुंडा नगर परिषद के सभी वार्ड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 25 नवंबर को 10 पंचायत, धनबाद नगर निगम के दो वार्ड एवं चिरकुंडा नगर परिषद के 1 वार्ड में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 25 नवंबर को टुंडी के बरवाटांड़, कलियासोल के आसनलिया, निरसा के बेलकूपा, तोपचांची के बिशनपुर, बाघमारा के बागड़ा एवं लोहापट्टी, बलियापुर के आमझर, एगारकुंड के वृंदावनपुर तथा गोविंदपुर प्रखंड के आसानबनी एक एवं आसानबनी दो पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 10 के माडा भवन पुटकी एवं वार्ड तीन के अंचल कार्यालय कतरास तथा चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 2 के सामुदायिक भवन मुंडाधौड़ा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10ः00 बजे से संध्या 3ः00 बजे तक अथवा जब तक अंतिम व्यक्ति की शिकायत न सुनी जाए या उनका आवेदन नहीं लिया जाए, तब तक शिविर चलेगा।

## राष्ट्रीय नेशनल योगा में भास्कर कुमार मंडल को स्वर्ण पदक मिलने पर पूरा टुंडी गौरवान्वित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के भलपहाड़ी निवासी देवचंद मंडल के बड़े पुत्र भास्कर कुमार मंडल सीबीएसई राष्ट्रीय नेशनल योगा चैंपियनशिप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करते हुए एक इतिहास रचा है। झारखंड का यह पहला स्कूल बना जिसमें सीबीएसई के राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पाने में सफलता हासिल किया। टुंडी जैसे पिछड़े इलाकों से रहकर इस तरह के योगा में स्वर्ण पदक भास्कर को मिलने से पूरा टुंडी गौरव महसूस कर रहा है। बताया जाता है कि सीबीएसई पब्लिक धनबाद स्टैंडर्ड चार के छात्र रहे भास्कर कुमार मंडल को योगा चैंपियनशिप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करने से उसके आवास में आज उन्हें लूकैया पंचायत के मुखिया मनोज मुर्मू के द्वारा गुलदस्ता एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया । मौके पर उसके दादा जी राधू मंडल, पिता देवचंद मंडल, माता सीतिया देवी चाचा बाबूलाल कुमार मंडल समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पानी से भरे खदान में मिला युवक का शव, इलाके में सनसनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** तोपचांची थाना क्षेत्र के खेशमी खदान के गहरे पानी मे एक युवक का शव पाया गया है। सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद शव को लोगों ने पानी से बाहर निकाला। शव की पहचान 19 वर्षीय सुशील महतो के रूप में की गई है जो रेलवे विद्युत लोक शेड में काम करने वाले घनश्याम महतो का पुत्र था। स्थानीय लोगों के मुताबिक युवक सुबह में शौच करने के लिए गया था। शौच के बाद वह खदान में भरे पाने के पास गया। इस दौरान वह अचानक



पानी में गिर गया। घटना के दौरान आस पास कोई भी मौजूद नहीं था। जिसके कारण वह काफी देर तक पानी मे डूबा हुआ रह गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन उसे घर ले गए, लेकिन युवक ने दम तोड़ दिया था। लोगों का कहना है कि युवक को मिर्गी की बीमारी थी। आशंका व्यक्त की जा रही है कि शौच के बाद जब वह पानी के लिए खदान पहुंचा, तो उसे मिर्गी का दौरा पड़ गया। जिससे वह पानी में गिरकर डूब गया जिससे उसकी मौत हो हई। सूचना पर काफी संख्या में लोग जुट गए। वहीं मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। रोते रोते वह लगातार बेसुध हो जा रहे थे। परिजनों की दहाड़ से उपस्थित लोगों की भी आंखे नम हो रही थी। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था, उसके बड़े भाई राजेश महतो की मृत्यु लगभग तीन वर्ष पूर्व बीमारी से हो गई थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर निकाली गई प्रभात फेरी, हुई पुष्प वर्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गुरु नानक जी देव के 554 वे प्रकाश पर्व को लेकर सिख समाज में काफी उत्साह देखा जा रहा है इसी को लेकर प्रभात फेरी का भी आयोजन किया जा रहा है। निकल जा रही प्रभात फेरी के तीसरे दिन बुधवार को पंजाबी मुहल्ला स्थित गुरुद्वारा से प्रभात फेरी निकली गई। प्रभात फेरी में सिख समाज के काफी संख्या में महिला व पुरुष शामिल हुए सबों ने नानक चिंता मत करो एवं अगम अगोचर तेरा अंत न पाया शब्द कीर्तन से गुरु



नानक देव जी का गुणगान किया जिससे सुबह का माहौल भक्तिमय में हुआ। प्रभात फेरी पंजाबी मुहल्ला स्थित गुरुद्वारा से निकलकर टावर चौक होते हुए भंडारीडीह स्थित सलूजा हाउस में सरदार त्रिलोचन सिंह सालुजा के यहां प्रभाव फेरी का समापन हुआ। प्रभात फेरी के समापन पर सरदार त्रिलोचन सिंह के घर पर पहुंचने पर संगत द्वारा हाथों में ले कर आगे आगे चल रहे खालसा ध्वज पर भक्तों ने माला पहनकर प्रभात फेरी में शामिल संगतो पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। प्रभात फेरी के समापन के उपरांत सिख महिला जाता द्वारा शबद कीर्तन गाया गया एवं अरदास किया गया। अरदास के उपरांत प्रभात फेरी में शामिल सभी भक्तों के लिए सरदार त्रिलोचन सिंह सलूजा एवं उनके परिवार वालों के द्वारा लंगर की सेवा की गई।

## बसपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को सरिया जैन धर्मशाला में बहुजन समाज पार्टी का बगोदर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया । इस सम्मेलन में बतौर मुख्य आतिथि बसपा के केन्द्रीय कमिटी सदस्य गयाचरण दिनकर व विशिष्ट आतिथि के तौर पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता एंव रामबाबू चिरगईयाँ उपस्थित थे । कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया । तत्पश्चात सम्बोधित करते हुए मुख्य आतिथि गयाचरण दिनकर ने कहा कि बहुजन समाजवादी पार्टी भारत के सभी दबे कुचले एससी एसटी दलित वर्गो की आवाज बनकर समतामूलक समाज को स्थापित किया । साथ ही यह अधिकार हमें बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर के द्वारा लिखी गयी संविधान से मिला है । इन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में विकास कम और अराजकता अधिक फैली हुई है । भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति कर देशवासियों को लडाने का काम किया है । इस देश की जनता ने 50 वर्षो तक कांग्रेस के हाथों में देश की शासन व्यवस्था की बागडोर सौंपी पर वे भी सिर्फ देश को लूटने और अलग अलग जातियों में बाँटकर राजनीतिक रोटी सेंकने का काम किया है इसलिए भारत के सभी लोगों के विकास, आर्थिक उन्नति, समाजिक सुदृढीकरण, शैक्षणिक विकास ,समाजिक न्याय के लिए बसपा के हाथों को मजबूत करने के लिए बाबा साहब द्वारा प्रदत मतदान के अधिकार का उपयोग करें । साथ ही समाज के दबे कुचलों को मजबूती प्रदान करने का काम करें ।

## बोकारो में टास्क फोर्स ने राम मंदिर मार्केट से चार बाल श्रमिक को किया विमुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** उपायुक्त बोकारो के निर्दाशुनार गठित जिला धावा दल द्वारा आज श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में श्रीराम मन्दिर मार्केट सेक्टर एक के कॉफी हाउस, न्यू कॉफी हाउस तथा शुद्ध शाकाहारी भोजनालय से चार बाल श्रमिको को विमुक्त किया गया। श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार ने कहा की बाल मजदूरी कराना कानूनन अपराध है, नियोक्ता पर कानूनी कारवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बोकारो स्टील सिटी थाना में एफआईआर दर्ज कर दी गई है। धावा दल सह बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि बोकारो जिले में बाल मजदूरी तथा बाल तस्करी बर्दास्त नही की जाएगी।

इस दौरान सीडब्ल्यूसी सदस्य प्रीति प्रसाद, जिला बाल संरक्षण इकाई की सरिता कुमारी, सहयोगिनी के फुलेंद्र रविदास , अनिल कुमार हेंब्रम सामिल थे। चारो बाल श्रमिको को श्रम अधीक्षक द्वारा बाल कल्याण समिति को सोपा दिया गया है। बाल कल्याण समिति विमुक्त किए गए बाल श्रमिकों को तत्काल आश्रय के लिए बाल गृह चास भेज दिया गया है। इससे पूर्व राम मंदिर से 2 बाल श्रमिकोबको विमुक्त कराया गया था।

## गाय बने राष्ट्र माता, अजय भरतिया ने भरी हुंकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पवित्रम गो सेवा परिवार के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि धनबाद के अजय भरतिया ने गोपाष्टमी के दिन दिल्ली के रामलीला मैदान में चल रहे गो माता बने राष्ट्र माता आंदोलन को समर्थन देते हुए पश्चिम बंगाल की औधोगिक नगरी दुर्गापुर से हुँकार भरी। लोगो को आगाह किया कि अगर गाय नही बची तो मानव सभ्यता नही बचेगी। पर्यावरण, लोगो के स्वास्थ्य, कृषि हर जगह गाय का महत्व है इसलिए केवल धार्मिक दृष्टि से नही मानवीय सभ्यता को बचाने के लिए गाय को बचाना जरूरी हो गया है। अजय भरतिया के मार्गदर्शन में पिछ्ले कई वर्षो से पवित्रम गो सेवा परिवार घायल-बीमार गोवंश की चिकित्सा, सेवा, जैविक खेती व पंचगव्य उत्पाद के प्रचार प्रसार हेतु झारखंड में कार्य कर रहा है। भारत मे पुनः गुरुकुल की परंपरा शुरू हो इसके लिए भी निरन्तर प्रयासरत है। बच्चो को सनातन संस्कृति एवम संस्कारो से जोड़ने हेतु अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

## महाप्रबंधक ने केंद्रीय सुपर स्पेशिलीयटी अस्पताल का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने आज पटना जंक्शन का निरीक्षण कर छठ बाद यात्रियों के भीड़ के मद्देनजर क्राउड मैनेजमेंट, साफ़-सफाई, प्रतीक्षालय सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने यात्रियों से संवाद कर स्वच्छता व यात्री सुविधाओं आदि के संबंध में फीडबैक लिया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक महोदय द्वारा पटना जं. से नई दिल्ली के खुलने वाली गाड़ी सं. 02249 पटना-नई दिल्ली राजधानी स्पेषल में यात्री सुविधाओं का जायजा लिया तथा यात्रियों से बातचीत कर उनका फीडबैक भी लिया । इसके उपरांत उन्होंने पटना स्थित केंद्रीय सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय का गहन निरीक्षण कर



उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं आदि का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की ।

# ग्रामीणों की समस्या सुनने पैदल ही रामरेखा लालपुर गांव पहुंचे विधायक भूषण बाड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ग्रामीणों के आग्रह पर विधायक भूषण बाड़ा कैरबेड़ा पंचायत के रामरेखा लालपुर गांव पहुंचे। गांव तक वाहन नहीं जाने के कारण विधायक पैदल ही गांव पहुंचे थे। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि गांव में भुईयां जाति के लोग रहते हैं। उनके गांव में बुनियादी सुविधा की घारे कमी है। गांव में एक चापाकल तक नहीं लगा है। इस कारण पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न होती है। गांव के लोग काफी गरीब है। रोजगार के कोई साधन भी नहीं है। इसके बाद भी प्रशासन द्वारा एपीएल में डाल दिया गया है। जबकि सभी परिवार बीपीएल धारी हैं। इस पर विधायक ने कहा कि उनके गांव तक जल?द वे विधायक मद से सड़क का निर्माण कराएंगे। साथ ही पेयजल की भी समुचित व?यवस्था कराई



जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव के सभी परिवारों का बीपीएल कार्ड बनवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी आज तक सिर्फ वोट बैंक के रुप में ग्रामीणों का इस्तेमाल किया। जबकि ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने एवं दूर करने की दिशा में कोई काम नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सभी समस्याओं को दूर किया जाएगा। मौके पर जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, प्रमुख रजत लकड़ा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश सिंह, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, विधायक प्रतिनिधि सह पीसीसी डेलीगेट प्रदीप केशरी, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, विधायक प्रतिनिधि तिलका रमन, ए सी मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनू नायक, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, पूर्व सिमडेगा वार्ड पार्षद शशि गुड़िया, कृष्णा सिंह, देवस्नान माझी, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, नीला नाग, ज्योति लुगुन, निम्मी नाग, कृष्णा मांझी, बिहारी साहू, राकेश सिंह, रमेश सिंह, विकास कुमार, भूषण राम, रघुबीर प्रधान, बिराज नायक, लखन प्रसाद गुप्ता, अमृत चिराग तिर्की, विजय बड़ाइक, डा जे के सिंह, शिव केशरी आदि उपस्थित थे। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि ग्रामीण सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने एवं गांव का विकास करने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। आज आप सभी ग्रामीणों के निमंत्रण पर पैदल ही गांव पहुंचे हैं। विधायक के आने के बाद निश्चित रुप से गांव में विकास की किरणें पहुंचेगी। ग्रामीणों की सभी समस्याएं भी दूर होंगी।

# बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने को लेकर ली शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** पंचायत बड़की चापि के पंचायत भवन में कार्यालय प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू के ज्ञापांक 1165/सा. दिनांक 11. 11. 2023 के निर्देश के आलोक में समन्वय समिति (जी पी सी सी) की बैठक बड़की चापि पंचायत के मुखिया श्री राजधन भगत के अध्यक्षता में उपस्थित सभी विभाग के पंचायत स्तरीय कर्मी, सभी जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविका, जलसहिया, कृषक मित्र, एएनएम, स्वास्थ्य सहिया, सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक/ प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, ग्राम संगठन के सदस्य, डीलर, प्रज्ञा केंद्र संचालक, प्रदान प्रतिनिधि एवं अन्य कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बीडीओ ने किया स्थल निरीक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड सरकार द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम आपकी सरकार, आपकी योजना, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर बीडीओ ने स्थल निरीक्षण किया। झारखण्ड सरकार द्वारा निर्देशित आपकी योजन, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम के अन्तर्गत तृतीय चरण का कार्यक्रम तिथिवार 24 नवम्बर को प्रखंड के सेन्हा पंचायत से प्रारम्भ होगा। जिसके लिये प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक उच्च विद्यालय के खेल मैदान का निरीक्षण कर टेन्ट, स्टॉल, बाजा लगाने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वही बीडीओ श्री चोपड़ा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि सरकार के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम में प्रखंड कार्यालय में स्थित सभी विभागों का स्टॉल कार्यक्रम स्थल पर लगाया जायेगा जिसे ग्रामीण जनता को परेशानी न हो अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीण जनता आयोजित कार्यक्रम स्थल पर पँहुचे और सरकार द्वारा संचालित जनकल्याकारी योजना का लाभ ले सकें। मौके पर सत्यकाम श्रीवास्तव, पंचायत सचिव अजय कुमार वर्मा, टेन्ट संचालक अजय साहु उपस्थित थे।

# कोलेबिरा कांग्रेस कमेटी की बैठक पूर्वी मंडल लचरागढ़ में हुई संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** लचरागढ मे कोलेबिरा विधायक के निर्देश पर आगामी चुनावो को लेकर बूथ, पंचायत, कमेटी की मजबूती को लेकर बैठक की गयी प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्शन डुंगडुंग ने कहा कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है लोग कांग्रेस पार्टी पर अभी भी भरोसा करते हैं । भारतीय जनता पार्टी की सरकार 2014 से पहले हर विकास का काम देश के लिऐ किया है देशहित मे आगामी लोकसभा चुनाव मे बीजेपी को सत्ता से बाहर कर फिर से कांग्रेस को लाना है बीजेपी राजस्थान ,छत्तीसगढ तथा पध्यप्रदेश की चुनाव बुरी तरह से हार रही है कांग्रेस चुनाव जीत रही है। जिला विधायक प्रतिनिधी रावेल लकडा ने कहा हमारे लोकप्रिय विधायका नमन बिक्सल कोनगाडी लोगो तथा छेत्र के विकास के लिये हरसंभव



काम कर रहे हैं तथा विधानसभा मे भी लगातार मांग करते रहे हैं फलस्वरुप अपने अभी तक के कार्यकाल मे हर पंचायत मे छोटी बडी योजनाओं को दिया है बडी योजनाओ को भी अनुशंशा करके सरकार द्वारा कराया जा रहा है साथ ही वनपटटा मिल रही है अलपसंख्यक विद्यालय में नियुक्ति की गई है हमारी गठबंधन की सरकार हर तरह से लोगो के विकास तथा समस्याओं का समाधन कर रही है । साथ ही लचरागढ से प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी बनाये जाने पर बनने पर कांग्रेस कमेटी द्वारा महासचिव क्लेमेंट टेटे तथा सचिव फुलकेरिया डांग को सम्मानित किया गया। बैठक में शामिल जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सह प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग पुर्वी मंडल अध्यक्ष जोसेफ सोरेंग पश्चिम राकेश कोनगाडी बीस सुत्री सदस्य सुनील खडिया बीस सुत्री सदस्य सुरेश द्विवेदी पंसस फुलकेरिया डांग सेवादल अध्यक्ष श्यामसुंदर आचार्य भागीरथी साहू अंथोनी बघवार जमीर हसन रवी गोप विनय बिलुंग अल्वीनुस सुरीन अमित बागे प्रेमचंद डांग सुनील सोरेंग संजय केरकेट्टा आदी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# रांची के इनडोर स्टेडियम खेलगाव में पूरे राज्यों से मुखिया सम्मेलन में होंगे शामिल

## कोलेबिरा के 10 पंचायतों के मुखिया बैठक में शामिल हुए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** मिशन बदलाव और सिमड़ेगा जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग की बैठक जनप्रतिनिधि भवन कोलेबिरा में संपन्न हुई और जिला परिसद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग ने कहा मुखियाओं के अधिकारों को लेकर जो समेलन किया जा रहा है वो राज्य के मुखिया के हित हक अधिकार के लिये बहुत बड़ा प्लेटफार्म साबित होगा, बैठक को संबोधित करते हुए मिशन बदलाव के भूषण भगत ने कहा मिशन बदलाव,लोकत्रांत्र 19 और लोकल खबर के संयुक्त पहल से इनडोर स्टेडियम खेलगाव में मुखिया सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जहाँ पूरे राज्य से 1100 मुखिया शामिल होंगे, मिशन बदलाव के



पंकज चन्द्र गौवस्वामी ने कहा कि मुखिया सम्मेलन 2023 राज्य के लिये एक सराहनीय पहल है और इस कार्यक्रम से मुखियाओं को बहुत लाभ होगा। अपनी बातें सरकार से सीधे रखने का एक मंच मिलेगा। मुखिया संघ के अध्यक्ष सुशीला डांग ने कहा कि आज हम सभी मुखियाओं को कोई भी वित्तिय अधिकार नहीं मिला है हमलोग मुखिया होने के बाजवूद असहाय महसूस करते है। आज के बैठक में कोलेबिरा प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया शामिल थे।

## अबुआ आवास एवं विकास योजनाओं को लेकर चलाएं जागरुकता अभियान : बीडीओ



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सेन्हा पंचायत भवन के सभा कक्ष में मुखिया धनवाज उराँव की अध्यक्षता में बुधवार को पंचायत कार्यकारणी सदस्य की बैठक कार्यकारणी सदस्यो की बैठक आयोजित हुआ। आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मौजूद थे। बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने सभी वार्ड सदस्यों से अपील करते हुए कहा की पंचायत क्षेत्र के कच्चा मकान वाले अबुआ आवास के लिए आवेदन दें तथा सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं के लिये ग्रामीण जनता के बीच जागरुकता अभियान चलायें जिसे सभी जरूरतमंद व्यक्तियों को सरकारी लाभ मिल सके। साथ ही कहा कि अबुवा आवास योजना के लिये आवेदन में आधार, बैंक खाता, फोटो,जॉब कार्ड संख्या के साथ पूर्ण विवरण और आवश्यक कागजात के साथ आवेदन करने के लिये लाभुकों को जागरूक करें। वार्ड सदस्य अपने अपने क्षेत्र के आवेदकों का आवेदन प्रपत्र भर कर आवेदन को आप की योजना,आप की सरकार,आप के द्वार कार्यक्रम में देगें। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा,मुखिया धनबाज उरांव, सत्यकाम श्रीवास्तव, पंचायत सचिव अजय कुमार वर्मा के अलावे अनिल राम, सत्यवती देवी, बिरसा उराँव, ममता देवी, संजय उराँव, शीला उराँव सहित सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन, कहा

## बस्तियों में नाली नहीं होने के कारण रोड में आ जाता है पानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एनएच-143 लोहरदगा-बेड़ो-राँची मुख्य पथ में स्थित सेरेंगहातु तोड़ार ग्राम के बस्तियों में नाली निर्माण करने के सम्बन्ध में सेरेंगहातु तोड़ार के ग्रामीणों ने उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा है। जिसमें ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम सेरेंगहातु तोड़ार में नाली नहीं होने के कारण पानी रोड में आ जाता है और बड़े-बड़े गड्ढे हो जाते हैं। जिसके कारण दूर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। साथ ही रोड का लाईफ भी नहीं रह पाता है। घर का पानी नाली नहीं होने के कारण रोड़ में आ जाता है। जिसके वजह से बहुत जल्द रोड़ खराब हो जाता है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि ग्राम सेरेंगहातु तोड़ार के बीच बस्ती से गुजरी एनएच-143 लोहरदगा-बेड़ो-राँची मुख्य पथ के किनारे नाली निर्माण कराया जाए, ताकि स्वच्छता भी बनी रहे और रोड का लाइफ भी। हस्ताक्षर करने वालों में मो. इम्तियाज अंसारी, इमरान आजाद अंसारी, नागेन्द्र प्रजापति, अतुल कुजूर, बबलू उरांव, सहिना खातून, नौसाद अहमद, तौफीक अंसारी, रानी प्रवीण, अनिल उरांव, करमा उरांव, संजय उरांव, नन्दलाल खेरवार, दिलेश्वर उरांव, मेराजुल अंसारी, बसन्त साहू, मनसुर अंसारी, संजय साहू, आरिफ अंसारी, जितेन्द्र कुमार साहू, मनिष कुमार साहू, विनोद साहू, सुनिता देवी, काली लोहरा, बोदो उरांव, फरहान अंसारी, इमरान अंसारी, राहुल महली, जितेन्द्र महली, गीता देवी, हसीब अंसारी आदि सहित बड़ी संख्या महिला-पुरूष ग्रामीण शामिल हैं।

# सरकारी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड क्षेत्र में संचालित सरकारी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वितीय चरण का चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता, संख्यात्मक ज्ञान, रिफ्रेशर प्रशिक्षण दिया गया? प्रशिक्षण के क्रम में प्रशिक्षक अशोक भगत, अवधेश यादव, सूर्यकांत भगत के द्वारा प्रशिक्षण में मूल रूप से गणित में टीएम का उपयोग, संख्याज्ञान सीखने का प्रतिफल, गणित सीखने में बच्चों का आकलन, हमारी कक्षा कैसी हो तथा लिखित समृद्ध माहौल के माध्यम से बच्चों का शिक्षण गतिविधि किस प्रकार किया जा सकता है उस पर समझ बनाने का कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं से भी छात्र छात्राओं का पठन पाठन के बारे में जानकारी साझा किया गया। वही प्रशिक्षण कार्य में सिनी टाटा ट्रस्टस के सदस्यों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। मौके पर प्रशिक्षण के दौरान गणेश लाल, बालकृष्णा सिंह, शमशाद आलम, मोहन राम, रूबी खातुन, बिशुन उराँव, कुरेशा खातुन, प्रतिमा कुमारी, अनवर अन्सारी, परमेश्वर कुमार महतो, सुमिता टोप्पो, जगदेव उराँव, अंजू लकड़ा, दुर्गा भगत सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

# किसानों के बीच सरसों बीज किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सेन्हा पंचायत ग्राम में बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण किया गया। प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम की मौजूदगी में जिला कृषि कार्यालय आत्मा द्वारा गाँव सफीक अंसारी, नरेन्द्र महतो, मोबिन अंसारी, चमरू उराँव, दामोदर महतो, मकबूल अंसारी, ललेश्वर महतो सहित अन्य किसानों के बीच रवि फसल के माध्यम से कम बारिश में तेलहन खेती कल बढ़ावा देने के लिये बिरसा फसल विस्तार योजना के माध्यम से बीज वितरण किया गया। वही बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के लिये विभिन्न तरह की योजनाएं चला रही है। उसी क्रम में सरसों बीज वितरण किया जा रहा है। जिसे किसान तेलहन खेती कर अच्छी पैदावार कर सकते हैं और अपनी आय में वृद्धि कर समृद्ध हो सकते हैं? मौके पर बीस सूत्री सदस्य देवकी उराँव, जेएमएम जिला युवा उपाध्यक्ष स्फीउल्लाहअन्सारी सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

## सुखदेव भगत ने ग्राम तुरियाडीह पहुंचकर शाहिद संतोष उरांव के परिजनों से की मुलाकात




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चाईबासा के गोईलकेरा के हाथीबरु में 17 नवंबर को सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी के विस्फोट में गुमला के घाघरा ब्लॉक स्थित तुरियाडीह गांव के सीआरपीएफ जवान संतोष उरांव शहीद हो गए थे आज लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत घाघरा प्रखंड के ग्राम तुरियाडीह पहुंचकर शाहिद संतोष उरांव के परिजनों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किए एवं परिजनों को ढ़ाढस बंधाया। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि शहिद संतोष उरांव काफी मृदुभाषी थे वे गांव के युवाओं को देश सेवा में शामिल होने के लिए प्रेरित करते थे। मौके पर शहीद की पत्नी फुलसुंदरी देवी, माता गीत देवी, भाई संतराम उरांव, सुरेश उरांव, रामवृक्ष उरांव, विकास भगत, पुत्र सिद्धार्थ उरांव, आदित्य उरांव, सहित लोहरदगा जिला आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष फुलदेव उरांव मौजूद थे।

# बाल-विवाह मुक्त गांव व यौन-शोषण रोकथाम को लेकर ग्राम सभा का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 21 नवंबर मंगलवार को लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं प्रखंड प्रशासन के संयुक्त प्रयास से कैरो प्रखंड अंतर्गत ग़जनी पंचायत के ग्राम ग़जनी में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान द्वारा की गई। इस बैठक में ग़जनी पंचायत मुखिया सुमन उरांव, चंद्रदेव उरांव वार्ड सदस्य राखी उरांव, ग्राम प्रधान राम उरांव, पहान रंजीत उरांव, पुजार शनिया उरांव, सेविका बसंती उरांव, शोभा उरांव, सुनीता उरांव, समाजसेवी साहेबराम उरांव, कांता भगत, बिराजमनी कुमारी, बिरमानिया कुमारी, आमंत्रित LGSS संस्थान के फील्ड फसलिटेटर संदीप रविदास, मुन्ना राम, व ग्रामीण उपस्थिति थे। वही भंडरा प्रखंड के भंडरा पंचायत के ग्राम नावाडीह में ग्राम सभा किया गया जिसमें




मुखिया इंद्रदेव उरांव पंचायत सचिव तिवारी उरांव,वार्ड सदस्य नीता मिंज फील्ड फसलिटेटर कुंती कुमारी व ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि गांव को बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने के संकल्प लिया साथ ही बाल मजदूर,बाल व्यापार,बाल यौन शोषण पर रोकथाम करने का निर्णय लिया गया।उपस्थित सभी सदस्यों के साथ चर्चा-परिचर्चा कर सर्वसम्मति से निम्नलिखित नियमावली तैयार किया गया। गांव का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। गांव के सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराया जाएगा। गांव में किसी भी बच्चे से मजदूरी का काम नहीं कराया जाएगा। साथ ही उचित सहायता के लिए संबंधित विभाग से जोड़ा जाएगा। गांव में किसी भी बच्ची (लडकी बालिका) की शादी 18 वर्ष और बच्चा (लडका बालक) की शादी 21 वर्ष से पूर्व नहीं किया जाएगा। गांव में किसी भी बालिका या बालक के साथ यौन शोषण होने से रोका जाएगा। गांव अंतर्गत उपर्युक्त नियमों का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित व्यक्ति या परिवार को भारतीय संविधान के नियम अनुसार करवाई किया जाएगा। साथ ही ग्राम प्रधान द्वारा सभी नियमों को शक्ति के साथ पूरे गांव में लागू करने का प्रस्ताव किया गयाऔर सभी ग्रामीण परिवारो को नियमो का पालन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए अनुमोदन किया गया। ग्राम को बाल विवाह मुक्त गांव घोषित किया गया। वही बच्चों को पुरुस्कार देकर समानित किया गया।ज्ञातव्य हो कि लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान द्वारा जिले में चल रहे access to justice (न्याय तक पहुंच) कर्यक्रम मई 2023 से चलाया जा रहा है जिसमे 7 प्रखंडों के 150 गांवों में सामाजिक उत्प्रेरण का कार्य कर रही है, जिसमे जिले के अभी तक 31 गांव है जहाँ बाल विवाह मुक्त गांव ग्रामीणों ने ग्राम सभा कर घोषित किया।

# मुजम्मिल अहमद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का लोहरदगा आगमन को लेकर की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा आगमन को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा लोहरदगा जिला समिति की आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में परिसदन भवन में आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा आगमन कार्यक्रम ऐतिहासिक हो इसे लेकर सभी कार्यकर्ता अभी से ही तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेने हेतु मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का लोहरदगा जिला अंतर्गत कुडू प्रखंड के चिरी मैदान में आगमन होने वाला



है ऐसे में पार्टी कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयारियों में लग जाएं और सीएम के कार्यक्रम में क्षेत्र की जनता की उपस्थिति बेहतर हो इसके लिए रणनीति बनाकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार में दिलचस्पी दिखाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की जनता को सरकार के चार साल कार्यकाल पूरा होने के उपलब्ध में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास योजनाओं से लाभान्वित कराए जाने को लेकर राजनीति तैयार की है। जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बेहतर सोच को लोहरदगा के हर एक जनता तक पहुंचाने और विकास योजनाओं से लाभान्वित कराए जाने को लेकर प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मंशा है कि लोहरदगा जिला के अलावा पूरे राज्य की जनता को विकास योजनाओं का बढ़ चढ़कर लाभ मिले इसे लेकर कृतसंकल्पित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के लोहरदगा कार्यक्रम सफल और वृहद हो इसे लेकर पूरे लोहरदगा जिला के सभी क्षेत्रों में जनता के बीच पहुंच स्थापित कर अधिक संख्या में लोगों को कार्यक्रम स्थल पर आने एवं राज्य सरकार की ओर से जनहित में दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी देते हुए कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आमंत्रित करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के लोहरदगा आगमन पार्टी की उपलब्धियों में सुमार हो इसे लेकर सभी कार्यकर्ता जिम्मेदारी का निर्वहन करें। मौके पर पार्टी के सभी विभागों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चलते चलते एक नजर

### वाऊ सिनेमा के प्रथम वर्षगांठ का आयोजन 17 दिसम्बर को

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सुधा सिने मूवीज़ प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले ओटीटी प्लेटफार्म वाऊ सिनेमा के प्रथम वर्षगांठ का आयोजन 17 दिसम्बर 2023 (रविवार) को होटल द रासो ( 3 स्टार) बिरसा चौक, खूंटी रोड, रांची में किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इस समारोह के विशेष आकर्षण हॉलीवुड एक्टर इनार हराल्डसन एवं बॉलीवुड एक्टर रमेश गोयल (बॉलीवुड में 50 वर्षों का अभिनय सफ़र) होंगे। इसके अलावा आर. नरेंद्र ( पॉलीवुड वरिष्ठ कलाकार) ,डॉ जे.सी. राज़ (मलयालम गीतकार) ,देवेश तांती (कहानीकार), सतीश दास (खोरठा सिंगर), मोनिका मुंडू (झारखंड की स्वर कोकिला ), सतीश दास (वरिष्ठ पीआरओ, बॉलीवुड), झरना चक्रवर्ती (वरिष्ठ कलाकार) ,अनीता सिंह ( वरिष्ठ कलाकार) शामिल हैं जिन्हें वाऊ सिनेमा लाईफ टाईम एचिवमेन्ट एवार्ड 2023 से सम्मानित किया जाएगा। भारत के प्रदेशों से एवार्ड के रूप में क्रमशः बेस्ट निर्माता, निर्देशक, एक्टर, गायक, कहानीकार, गीतकार, नाटककार, कैमरा मैन, संगीतकार को सम्मानित किया जा रहा है। इस पुरस्कार हेतु न्यूनतम आयु 50 वर्ष एवं फिल्म कला क्षेत्र में 25 वर्ष का कार्य अनुभव एवं योगदान सुनिश्चित किया गया है।इस ओटीटी चैनल की एम.डी. शबनम राज एवं सी.ई.ओ प्रभात राज हैं। इसके अलावा कंपनी के अन्य डायरेक्टरों में पियूष राज एवं प्रियांशु राज मुख्य हैं। देश के मुख्य शहरों में मसलन मुम्बई, दिल्ली कोलकाता, बनारस, भोपाल, जम्मू-कश्मीर, हैदराबाद, भुवनेश्वर, भोपाल, नार्थ ईस्ट इंडिया, पटना, गुवाहाटी रांची, जालंधर, अहमदाबाद, जयपुर में कुल 67 राज्य स्तरीय कार्यकारी प्रमुख एवं जिला कार्यकारी सदस्य को पदस्थापित किया गया है।ओटीटी प्लेटफार्म 卐वाऊ सिनेमा के सीईओ प्रभात राज ने कहा कि यह भारत की प्रथम ऐसी कंपनी है जो 30 भाषाओं मसलन हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, भोजपुरी, बंगला, उडिया, मराठी असमिया, तमिल, तेलगु, कन्नड़, मलयालम, पंजाबी, गुजराती, राजस्थानी, गढ़वाली, बुन्देलखण्डी, मगही, मैथिली, नागपुरी, खोरठा संताली, अंगिका, नेपाली, हरियाणवी छतीसगढी, ब्रजभाषा, अवधी, मणिपुरी, कश्मीरी एवं 7 श्रेणिओं में क्रमशः फिल्म, सिरियल, वेब सीरीज, टेली फिल्म, वेब फ़ल्मि वृतचित्र एवं विडियो एलबम मुख्य है । वर्तमान में पूरे भारत से इस ओटीटी चैनल के साथ दर्शक जुड़े हुए हैं।

### भीलवाड़ा किंग्स और गुजरात जाइंट्स के बीच खेला गया मैच

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: लीजेंड्स क्रिकेट मैच के चौथे दिन जेएससीए स्टेडियम में भीलवाड़ा किंग्स और गुजरात जाइंट्स के बीच खेला गया। भीलवाड़ा किंग्स ने टॉस जीतकर बॉलिंग लिया। वहीं भीलवाड़ा किंग्स 20 ओवर के बाद 172-6 बनाया। मैच काफी रोमांचक था, गेल की बैटिंग काफी सराहनी बाला भी टूटा।

### भरत प्रसाद की जमानत याचिका पर सुनवाई छह दिसंबर को

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: जमीन घोटाला मामले के आरोपित भरत प्रसाद की जमानत याचिका पर बुधवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं ने अपना-अपना पक्ष रखा। सुनवाई के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश कुमार राय की अदालत ने जमानत याचिका पर सुनवाई की अगली तिथि छह दिसम्बर निर्धारित की है। इससे पूर्व 17 नवम्बर को भरत प्रसाद की ओर से जमानत याचिका दाखिल की गयी थी।

# गरीबों को उनका हक दिलाएंगे : राजेंद्र सिन्हा

*** झामुमो की ऑनलाइन बैठक को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : मंगलवार को स्थानीय क्राउन प्लाजा होटल में झामुमो पलामू की जिला समिति की बैठक अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में पूरे पलामू के झामुमो के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए। साथ ही दोपहर में झामुमो की ऑनलाइन बैठक भी हुई। जिसे झारखंड के मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन और महासचिव विनोद पांडेय ने संबोधित किया।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी कार्यकर्ताओं को योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और संगठन की मजबूती के लिए सबों का मार्गदर्शन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें, इसके लिए सबों को सकारात्मक रूप से कार्य करना होगा। अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने सबों को सम्बोधित करते हुए कहा, सरकार की सबसे प्रमुख कार्यक्रम आपकी सरकार आपके द्वार पलामू में शुरू हो होने वाली है। झामुमो के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी गांव गांव जा कर सभी गरीबों को उनका हक दिलाएं। हेमंत सोरेन द्वारा चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं से उन्हें जोड़े। पिछले साल भी आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने में झामुमो पलामू की पूरी टीम अपने अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में बहुत मेहनत किया था। झामुमो इस साल और ज्यादा लोगों को लाभ लेने में मदद करेगी। श्री सिन्हा ने सबों को घर घर जा कर योजनाओं की जानकारी देने और भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। इस बैठक का संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

इस कार्यक्रम में केंद्रीय समिति सदस्य मुन्ना सिन्हा सुनील तिवारी, चंदन सिन्हा, मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, कमाल खान, रंजन चंद्रवंशी, वरिष्ठ नेता अमित सिन्हा, अविनाश देव, अभिषेक सिंह, हाजी ललन, दीपक तिवारी, इकबाल अहमद संगठन सचिव अनुराग सिंह, शाहबाज खान, नवीन सिन्हा, उमा सिंह, संयुक्त सचिव विवेकानंद सिंह, रंजन कुमार, चंदन सिन्हा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, कोषाध्यक्ष राजिया नियाजी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, उपाध्यक्ष मिकु तिवारी, मुकेश चौधरी बबलू चौधरी, जशवंत सिंह, मो. सायम, संगठन सचिव संजय चंद्रवंशी, कृष्ण कन्हैया दुबे, प्रशांत सिंह व्यवसायिक मोर्चा अध्यक्ष दीपू चौरसिया, राहुल कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फजायल अंसारी, सचिव नन्हे खान, कोषाध्यक्ष मन्नत बग्गा, उपाध्यक्ष नौशाद आलम, इंतखाब आलम नगर अध्यक्ष सोनम खान, प्रखंड अध्यक्ष, रंजीत सिंह, कमरुद्दीन अंसारी, उदय भुइया, नवलेश मेहता, अजय कुमार, संजय तिवारी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे ।

## गोवा अंतरराष्ट्रीय फिल्मफेस्टिवल में झारखंड फिल्म विकास निगम ने लिया हिस्सा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : गोवा में पांच दिवसीय 20 नवंबर से 24 नवंबर 2023 तक चलने वाले गोवा अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में झारखंड फिल्म विकास निगम भी हिस्सा ले रहा है। इस फिल्म बाजार में देश के कई प्रांतों और विश्व के कई देश के फिल्म प्रोड्यूसर भी शामिल हुए हैं। झारखंड के फिल्म नीति की जानकारी कई फिल्म प्रोड्यूसर्स ने प्राप्त की है। झारखंड सरकार की फिल्म नीति को प्रमोट करने के लिए झारखंड के प्रतिनिधि के रूप में बीरू प्रसाद कुशवाहा कोषाध्यक्ष, झारखंड फिल्म विकास निगम तथा सहायक कंपनी सचिव अमन कुमार गोवा में उपस्थित हैं और वह दोनों झारखंड फिल्म नीति और यहां के प्राकृतिक सौंदर्य के साथ फिल्मांकन के लिए उचित माहौल के बारे में जानकारी दे रहे हैं। बीरू कुशवाहा ने जानकारी दी कि आज झारखंड में फिल्म निर्माण की संभावनाओं के संबंध में जानकारी लेने के लिए देश के कई प्रदेशों के प्रोड्यूसर्स जेएफडीसीएल के स्टॉल पर आए। कई प्रोड्यूसर्स ने झारखंड फिल्म नीति की सराहना की और राज्य में फिल्म की सूटिंग करने की इच्छा जाहिर की। झारखंड के स्टॉल में मुख्य रूप से श्रेया अग्रवाल, इंटरनेशनल मार्केट प्लेस फॉर मीटिंग इंडियन प्रोडक्शंस, निहारिका रॉय, एमडी, एमसीओ, मृदुल गुप्ता, पल्स प्रोडक्शंस, श्वेता रंजन, पीएम मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, फहीम खान, एफएमसीजी, नितेश चौरसिया, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन सहित कई प्रोड्यूसर्स शामिल थे।

## लातेहार प्रखंड में बीडीओ के पद पर मनोज कुमार तिवारी ने दिया योगदान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार**: सदर प्रखंड के नए प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में मनोज कुमार तिवारी ने बुधवार को योगदान दिया। इससे पूर्व पिछले एक माह से बीडीओ का प्रभार अंचलाधिकारी अरविंद देवासिश टोप्पो संभाले हुए थे। यहां बताते चलें की एक माह पूर्व निवर्तमान बीडीओ मेघनाथ उरांव के तबादले के बाद बीडीओ का पद प्रभार में चल रहा था। जिस कारण कार्यो के निष्पादन में ग्रामीणों को परेशामियां हो रही थी। नए पदस्थापित बीडीओ को अंचलाधिकारी सह प्रभारी बीडीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने प्रभार दिया।और उन्हें बुके देकर स्वागत किया।इधर योगदान देने के बाद नवपदस्थापित बीडीओ मनोज तिवारी ने कहा कि मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करूंगा। मेरी पहली प्राथमिकता होगी कि प्रखंड में हो रहे भ्रष्टाचार और बिचौलियों को दूर करते हुए विकास कार्य करूंगा। ताकि किसी ग्रामीण को परेशानियों का सामना ना करना पड़े और सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ आम ग्रामीणों को भी मिल सके। बता दें कि पिछले महीने मनोज तिवारी का ट्रांसफर पलामू से रांची सचिवालय में हुआ था। पलामू में वे पाटन बीडीओ के पद पर पदस्थापित थे।

## याद किए गए शास्त्रीय संगीतज्ञ पं. राजा राम मिश्रा व राम रक्षा मिश्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** देवरानी संगीत महाविद्यालय के तत्वाधान में शास्त्रीय संगीतज्ञ पं राजा राम मिश्रा की प्रथम स्व. पंडित राम रक्षा मिश्र की 28वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित संगीत संध्या कार्यक्रम आराधना का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर एससी मिश्रा, संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव, अभिभावक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पाण्डे, समाजसेवी ट्विंकल गुप्ता, कांग्रेसी नेता रूद्र शुक्ला, पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला , विजयानंद सरस्वती के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । तत्पश्चात स्वर्गीय राजा राम मिश्र एवं पंडित राम रक्षा मिश्र की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। देवरानी संगीत महाविद्यालय के निदेशक नीरज कुमार मिश्रा और आयोजक सूरज मिश्र के द्वारा उपस्थित सभी आगंतुक विशिष्ट अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

**11 कलाकारों को मिला अवार्ड:** ग्यारह कलाकारों को शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने हेतु।ख्याल सम्राट पंडित राम रक्षा मिश्र एवं पंडित राजा राम मिश्रा मेमोरियल अवार्ड और स्मृति चिन्ह, शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। जिसमें सुर संगम कला केंद्र के निदेशक आशुतोष पांडेय, मुम्बई से आये हुए कुमार सत्यम, दिल्ली से डॉ. इंद्रेश मिश्रा, रेणुकूट से पंडित उमा नाथ मिश्र,बनारस से अंकित मिश्रा और राजेश मिश्रा, देहरादून से पंडित शुभ महाराज, पलामू के राजा सिन्हा, सोनू कौशिक, नारायण ,पंकज उल्लेखनीय हैं।

**कार्यक्रम के इनकी रही रही उपस्थिति:** कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर , पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष मनोज सिंह ,सोना महल के प्रोपराइटर धनंजय सोनी, ग्रीन वैली स्कूल के निदेशक प्रदीप नारायण , भाजपा नेता दुर्गा जौहरी, साहेब सिंह नामधारी , सुरेंद्र सिंह , सीटू पाठक ,विकास सिंह , समाजसेवी गुरवीर सिंह,डॉक्टर विनीत सिंह , डॉक्टर सुशील पांडे ,इंडियन रोटी बैंक के दीपक तिवारी ,भाजयुमो जिलाध्यक्ष ज्योति पांडे , पलामू सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ,समाजसेविका शर्मिला शुमी, मासूम आर्ट के के अध्यक्ष विनोद पांडेय , सैकत चटर्जी , मुनमुन चक्रवर्ती,भूमिका फिल्मस के पुलिन मित्रा, समाजसेवी संध्या शेखर, कमलेश शुक्ला , लोक कला संस्कृति मंच के अध्यक्ष शिशिर शुक्ला बिपिन बिहारी पाठक, किशोर शुक्ला, साहित्य जगत के परशुराम तिवारी ,कवि सत्य केतु संजय, दिनेश शुक्ला, शिक्षक नेता सुधीर दुबे एवं कलाकार रमेश पाठक, सुमन मिश्रा, कामेश्वर सिंह, उमाशंकर मिश्रा, राम श्याम बंधु,सच्चिदानंद तिवारी, समेत पलामू प्रमंडल के साहित्य संगीत सामाजिक व्यवसायिक धार्मिक जगत के गणमान्य हस्तियां मौजूद रहें।

### सामूहिक आदर्श विवाह सह वात्सल्य उत्सव में 121 जोड़ों का होगा विवाह

**रांची** : विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग झारखंड के तत्वावधान में एवं रांची आवरण संस्थान के मी टू वी के सहयोग से 26 नवंबर को प्रातः आठ बजे से अपराह्न तीन बजे तक 121 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह रांची गौशाला न्यास सुकुरहुटू कांके के विशाल प्रांगण में 600 से अधिक गोमाता वंश के समक्ष आदर्श विवाह समारोह का आयोजन किया गया है। आदर्श विवाह समारोह के संयोजक विष्णु कुमार जालान, वात्सल्य उत्सव के संयोजक उम्मेदमल जैन,मी टू वी संस्थान के संयोजक मुरारी अग्रवाल, विश्व हिंदू परिषद झारखंड सेवा विभाग के प्रांतीय सह- सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल एवं विहिप सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बुधवार को संयुक्त रूप से कहा कि पिछले नौ वर्षो से अब तक 30 सामूहिक विवाह समारोहों के आयोजन में लगभग 3000 से भी अधिक कन्याओं का विवाह संपन्न हो चुका है।

## धूमधाम से मानया गया उतराखण्ड राज्य स्थापना दिवस



एजेंसी

**देहरादून** : उतरांचल सांस्कृतिक भ्रातृ समिति रामपार्क विस्तार द्वारा उतराखण्ड राज्य स्थापना दिवस बडी धूमधाम से मानया गया , उतराखण्ड की लोक गायिका मजुं सुन्दीरियाल और पर्वतीय कला सगम के निर्देशक भगवत मनराल ग्रुप ने अपने गीतो से लोगो को नाचने और झूमने पर मजबूर कर दिया। मुख्य अतिथि रुप में उतराखण्ड के पुर्व मुख्य मंत्री एवं गढवाल सांसद तीरथ सिहं रावत ने अपने सदैश मे मोदी सरकार की निति का उलेख कर क्षेत्र की जनता और समिति सभी के पदाधिकारी को उतराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी।

कार्यक्रम मै पौडी गढवाल के विधायक राजकुमार पौरी उनकी धर्मपत्नी सीमा पौरी करवाल,लोकप्रिय विधायक एवं दिल्ली विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता मोहन सिहं बिष्ट, उतराखण्ड के प्रसिद्ध समाज सेवक एवं हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सजय शर्मा दलमोडा, उतराखण्ड के प्रसिद्ध भाजपा नेता एवं उतराखण्ड प्रकोष्ठ भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिहं राणा एवं वार्ड नः 29 के सभासद कविता कुलवीर चौहान एवं भाजपा युवा नेता उदय ममगाई राठी एवं दिल्ली एनसीआर से बहुत से गणमान्य अतिथियो ने आयोजन स्थल में शिरकत की। उतरांचल सांस्कृतिक भ्रात समिति रामपार्क विस्तार लोनी एवं आयोजन के अध्यक्ष जयेन्द्र नेगी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन में आये सभी प्रवासी लोगो का एवं समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ठाकुर सिहं राणा, महासचिव यशपाल नेगी, सचिव राजेन्द्र सिहं रावत समिति के सलाहकार हरेन्द्र पटवाल, देवेन्द्र सिहं नेगी का हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद किया।

## संयुक्त सैन्य अभ्यास के लिए भारतीय जवान ऑस्ट्रेलिया रवाना



एजेंसी

**नई दिल्ली** : भारत और ऑस्ट्रेलियाई सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास ऑस्ट्राहिन्द पर्थ में होगा। इसमें भाग लेने के लिए 81 कर्मियों वाला भारतीय सशस्त्र बल दल आज ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुआ। भारतीय सेना के दल में गोरखा राइफल्स की एक बटालियन के 60 जवान शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारत की ओर से भारतीय नौसेना का एक अधिकारी और भारतीय वायु सेना के 20 कर्मी भी भाग लेंगे। ऑस्ट्रेलियाई दल में रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना और रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना के 20-20 कर्मी शामिल होंगे। ऑस्ट्रेलियाई सेना की टुकड़ी 13वीं ब्रिगेड से 60 जवान अभ्यास में शामिल होंगे। अभ्यास का उद्देश्य सहयोगात्मक साझेदारी को बढ़ावा देना और दोनों सेनाओं के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना है। यह अभ्यास शांति स्थापना अभियानों पर संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VII के तहत शहरी और अर्ध-शहरी इलाकों में बहु-डोमेन संचालन करते समय अंतर-संचालनीयता को भी बढ़ावा देगा। दोनों देशों के बीच ऑस्ट्राहिन्द अभ्यास 2022 में शुरू किया गया था। पहला संस्करण महाजन, राजस्थान में हुआ था। अभ्यास का दूसरा संस्करण 22 नवंबर से 06 दिसंबर तक पर्थ, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित किया जाएगा। इस अभ्यास को हर साल भारत और ऑस्ट्रेलिया में वैकल्पिक रूप से आयोजित करने के साथ ही इसे वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाने की योजना है। करीब 15 दिनों तक सामरिक संचालन के लिए रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं का संयुक्त रूप से अभ्यास किया जाएगा।प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में उच्च स्तर की स्थितिजन्य जागरुकता प्राप्त करने के लिए स्नाइपर फायरिंग और संयुक्त रूप से निगरानी और संचार उपकरण संचालित करना भी शामिल है। कंपनी/बटालियन स्तर पर सामरिक कार्रवाइयों के अलावा हताहत प्रबंधन और निकासी का भी पूर्वाभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच समझ को बढ़ावा देने और दोनों मित्र देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने में भी मदद करेगा।

### कई प्रोड्यूसर्स ने झारखंड में फिल्म शूटिंग की जताई इच्छा

**रांची** : गोवा में 20 से 24 नवंबर तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में झारखंड फिल्म विकास निगम भी हिस्सा ले रहा है। इस फिल्म बाजार में देश के कई प्रांतों और विश्व के कई देश के फिल्म प्रोड्यूसर भी शामिल हुए हैं। झारखंड के फिल्म नीति की जानकारी कई फिल्म प्रोड्यूसर्स ने प्राप्त की है। झारखंड सरकार की फिल्म नीति को प्रमोट करने के लिए झारखंड के प्रतिनिधि के रूप में बीरू प्रसाद कुशवाहा कोषाध्यक्ष, झारखंड फिल्म विकास निगम तथा सहायक कंपनी सचिव अमन कुमार गोवा में उपस्थित हैं और वह दोनों झारखंड फिल्म नीति और यहां के प्राकृतिक सौंदर्य के साथ फिल्मांकन के लिए उचित माहौल के बारे में जानकारी दे रहे हैं। बीरू कुशवाहा ने बताया कि आज झारखंड में फिल्म निर्माण की संभावनाओं के संबंध में जानकारी लेने के लिए देश के कई प्रदेशों के प्रोड्यूसर्स जेएफडीसीएल के स्टॉल पर आए।

## डीडीसी ने अबुआ आवास योजना व विकसित भारत संकल्प यात्रा की दी जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : जिले के प्रत्येक पंचायत में 24 नवम्बर से 26 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले शिविर ''आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार'' कार्यक्रम अंतर्गत योग्य परिवारों से अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। योजना का लाभ लेने के लिए योग्य लाभुक पंचायत या प्रखंड कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है। उक्त जानकारी समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने प्रेस कान्फ्रंस में दी। उप विकास आयुक्त श्री राय ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना के विषय पर कहा कि प्रत्येक पंचायत में आयोजित होने वाली ''आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार'' शिविर में योग्य परिवारों से अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। योग्य परिवार निर्धारित प्रपत्र में आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक खाता एवं जॉब कार्ड की छाया प्रति समर्पित करेंगे। उन्होने बताया कि कच्चा मकान एवं आवास विहिन परिवारों को पक्का आवास का लाभ देने के लिए अबुआ आवास योजना का शुभारंभ झारखंड सरकार द्वारा किया गया है। इस योजना अंतर्गत न्यूनतम 31 वर्ग मीटर में तीन कमरे एवं स्वच्छ रसोईघर का आवास निर्माण किया जाएगा। योजना अंतर्गत घरों को अनिवार्य रूप से परिवार की महिलाओं के नाम पर पंजीकृत किया जाएगा। महिला की मृत्यु अनुपस्थिति की स्थिति में परिवार के मुखिया के नाम पर आवास पंजीकृत किया जा सकता है। अबुआ आवास योजना के तहत प्रति यूनिट आवास की सहायता राशि 2 लाख रुपये होगी। अभिसरण के माध्यम से शौचालय निर्माण का प्रावधान है। साथ ही मनरेगा के तहत अधिकतम 95 मानव दिवस अकुशल मजदूरी भुगतान करने का प्रावधान है। लाभार्थियों को सहायता राशि का भुगतान केवल आधार से जुड़े हुए उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किया जाएगा। उन्होने बताया कि कच्चे घरों में रहने वाले परिवार, आवास विहीन एवं निराश्रित परिवार, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के परिवार, प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार, कानूनी तौर पर रिहा किए गए बंधुआ मजदूर, वैसे परिवार जिन्हें राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार द्वारा संचालित आवास योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, बिरसा आवास योजना, इंदिरा आवास योजना इत्यादि आवास का लाभ नहीं दिया गया हो वैसे लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। इस आवास योजना का निर्माण लाभार्थी स्वयं अपने परिवार के सदस्यों की सहायता से करेंगे। आवास निर्माण में किसी भी बिचौलियों को शामिल नहीं किया जाएगा और बिचौलिए का प्रवेश पूर्णता निशिद्ध रहेगा। प्रेस कान्फ्रेंस में योजना के लिए पात्रता नहीं रखने वाले लाभुकों की भी जानकारी दी गई। उन्होने विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है।